CMYK

तापमान — अधिकतम :35°C न्यूनतम: 26°C

सेंसेक्स 81,118.60 24,718.60

सोना 1,03,000 चांदी 1,10,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, सोमवार 16 जून 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 313 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 19 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# गौरीकुंड में हेलीकॉप्टर क्रैश, सात लोगों की मौत

## बाबा केदारनाथ के दर्शन करके लौट रहे थे छह श्रद्धालु, दो मृतक बिजनौर निवासी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में रविवार को एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पायलट सहित उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर बाबा केदारनाथ के दर्शन करा कर पांच श्रद्धालुओं और मंदिर समिति के एक कर्मचारी को वापस ला रहा था कि मौसम खराब होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे पायलट सहित उसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक 23 महीने की बच्ची भी शामिल है।

श्रद्धालु परिवार महाराष्ट्र के निवासी थे। हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि रविवार सुबह करीब 5:30 बजे आर्यन एविएशन कंपनी का हेलीकॉप्टर वीटीबीकेए/ बीईएलएल 407 गौरीकुंड क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में गिरा है। दुर्घटना की वजह खराब मौसम है। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा था। गौरीकुंड के ऊपर घास काट रही नेपाली मूल की महिलाओं ने इसके दुर्घटनाग्रस्त होने और गुबार उठने की सूचना दी थी। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर केदारनाथ से प्रात: 5:21 बजे गुप्तकाशी के लिए रवाना हुआ था एवं 5:24 बजे इसे वेली प्वाइंट के पास देखा गया। उस समय क्षेत्र में अत्यधिक कोहरा था जिससे दृश्यता शून्य हो गई थी। 6:13 बजे हेलीकॉप्टर के गुप्तकाशी न पहुंचने की जानकारी हेलीकॉप्टर कंपनी -शेष पृष्ठ दो पर

### चारधाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा सोमवार तक बंद उच्चस्तरीय जांच के भी आदेश दिए

**देहरादून।** उत्तराखंड में प्रचलित गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ धामों की यात्रा के लिए आगामी सोमवार तक हेलीकॉप्टर सेवा पूर्ण रूप से बंद रहेगी। इस दौरान चारधाम में लगे सभी हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों एवं पायलटों के उच्च हिमालय क्षेत्रों में उड़ान अनुभवों की जांच होगी एवं सभी ऑपरेटरों के साथ बैठक के बाद ही पुन: हेलीकॉप्टर सेवा को सुचारू किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को अपने आवास में हुई बैठक के दौरान ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में अब हेलीकॉप्टर उड़ानों के बेहतर समन्वय और सुरक्षित संचालन के लिए देहरादून में एक कॉमन 'कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर' की स्थापना की जाएगी, जिसमें डीजीसीए, आपदा विभाग, सिविल एविएशन, यूकाडा, हेली ऑपरेटर कम्पनी के अधिकारियों की तैनाती होगी। मुख्यमंत्री ने सचिव, गृह की अध्यक्षता में एक समिति गठित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने रुद्रप्रयाग में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के संबध में उच्चस्तरीय जांच के भी आदेश दिए हैं।

### विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो करेगा हादसे की जांच

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में श्री केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी की उड़ान के दौरान रविवार सुबह एक बेल 407 हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) करेगा। एक जानकारी में बताया गया कि एहतियाती उपाय के रूप में डीजीसीए ने पहले ही चार धाम तक हेलीकॉप्टर संचालन की आवृत्ति को कम कर दिया है, बढ़ी हुई निगरानी कर रहा है और आगे की किसी भी कार्रवाई के लिए ऑपरेशन की समीक्षा कर रहा है। दुर्घटना की जांच एएआईबी द्वारा की जाएगी।

### हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं पर सख्त SOP बनाने के निर्देश

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हाल में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए इसके लिए सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाने के निर्देश दिए। श्री धामी ने कहा कि प्रदेश में हेलीकॉप्टर सेवाओं के संचालन के लिए सख्त एसओपी तैयार की जाए जिसमें हेलीकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की पूर्ण जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य किया जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि तकनीकी विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया जाए जो हेलीकॉप्टर संचालन की सभी तकनीकी एवं सुरक्षा पहलुओं की गहन समीक्षा कर एसओपी तैयार करेगी। यह समिति यह सुनिश्चित करेगी कि हेलीकॉप्टर सेवाओं का संचालन पूरी तरह से सुरक्षित, पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुसार हो। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि राज्य में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति पूर्व में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं के साथ ही आज के हेलीकॉप्टर दुर्घटना की भी हर पहलू की गहनता से जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी।

### केंद्र सरकार का बड़ा एक्शन, आर्यन एविएशन का परिचालन स्थगित, दो पायलटों के लाइसेंस निलंबित

**नई दिल्ली।** केदारनाथ धाम के समीप रविवार सुबह एक बड़े हेलीकॉप्टर हादसे के बाद केंद्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से चार धाम यात्रा के लिए आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के संचालन को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा, डीजीसीए ने ट्रांसभारत एविएशन के दो पायलटों के लाइसेंस भी छह महीने के लिए सस्पेंड कर दिए हैं। इस हादसे के बाद नागर विमानन मंत्रालय ने चार धाम क्षेत्र में हेलीकॉप्टर परिचालन पर सख्त नजर रखने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं। डीजीसीए ने कहा है कि हेलीकॉप्टर गतिविधियों की निगरानी के लिए अफसरों को केदारनाथ घाटी में तैनात किया जाएगा। साथ ही, यूसीएडीए कमांड-एंड-कंट्रोल रूम के कार्यों की समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। इस दुर्घटना ने एक बार फिर से चार धाम यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर सेवाओं की सुरक्षा व्यवस्था और मौसम की स्थिति में उड़ानों की अनुमति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### अगले साल नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा भारत: शाह

विस्तृत खबर देश-प्रदेश पर



### इंडिया इंट्रा-स्क्वाड मैच में सरफराज खान का शानदार शतक

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### वायुसेना को जून के आखिर में तेजस एमके1ए मिलेगा

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के कुछ ही सप्ताह बाद वायुसेना के बेड़े में नया विमान आने जा रहा है। वायुसेना को इस महीने के आखिर में स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस की अगली पीढ़ी का एयरक्राफ्ट तेजस एमके 1ए मिल जाएगा। फ्लाइंग टेस्ट की आखिरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह फाइटर बेड़े में शामिल हो जाएगा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ फरवरी, 2021 में 83 तेजस एमके 1ए विमानों का सौदा 48 हजार करोड़ रुपये में हुआ था। इनकी डिलीवरी मार्च, 2024 में होनी थी। लेकिन अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) से मिलने वाले इंजन एफ404 आईएन20 की सप्लाई में देरी की वजह से सुपुर्दगी करीब सवा साल टल गई। एचएएल सूत्रों के अनुसार, इस मार्च से नए इंजन मिलने शुरू हो गए हैं। इस साल के आखिर तक वायुसेना को 12 तेजस एमके 1ए विमान सौंप दिए जाएंगे।

### मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे

**साइप्रस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को साइप्रस पहुंचे, जहां राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स ने स्वयं हवाई अड्डे पर श्री मोदी का स्वागत किया। श्री मोदी का विशेष विमान भारतीय समयानुसार करीब पांच बजे साइप्रस के लार्नाका अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा, जहां उनकी अगवानी के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स मौजूद थे। हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी मौजूद थे। साइप्रस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर श्री मोदी 15-16 जून को यहां की आधिकारिक यात्रा पर आए हैं। श्री मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि साइप्रस में पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष भाव के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स को मैंने आभार व्यक्त किया है। यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा कि साझा मूल्यों और आकांक्षाओं से युक्त एक विश्वसनीय साझीदारी।

### जी-7 में आतंकवाद के मुद्दे को उठाएंगे : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी कनाडा, साइप्रस और क्रोएशिया की यात्रा आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए वैश्विक समझ को बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी। श्री मोदी ने तीन देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में कहा कि आज, मैं साइप्रस गणराज्य, कनाडा और क्रोएशिया की तीन देशों की यात्रा पर जाऊंगा।

# मथुरा: खुदाई के दौरान गिरे छह मकान, 12 से ज्यादा जिंदा दबे, तीन की मौत




शाह टाइम्स ब्यूरो

**मथुरा।** उप्र के मथुरा में एक साथ 6 मकानों के भरभराकर गिरने का मामला सामने आया है। मलबे के नीचे दबने से 3 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, अभी भी कई लोग मलबे में दबे हुए बताए जा रहे हैं, जिन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। अचानक मकानों के गिरने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां बाड़े में (खुली भूमि) जेसीबी से खुदाई चल रही थी। इस दौरान यह हादसा हो गया। यह मथुरा के थाना गोविंद नगर क्षेत्र की है, यहां कच्ची सड़क पर बने 6 मकान अचानक भरभराकर गिर गए। यह मकान कच्चे टीले पर बने हुए थे। मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के मुताबिक, रविवार दोपहर करीब 12 बजे ये हादसा हुआ। अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 4 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया है। अभी भी 10-12 लोगों के दबे होने की खबर है। मलबे मे दबे हुए लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस, नगर निगम, प्रशासन और दमकल की टीम मौके पर पहुंची हैं। रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। मृतकों की पहचान तोताराम (38), दो सगी बहनें यशोदा (6) और काव्या (3) के तौर पर हुई है। सभी 6 मकान जो ढहे हैं, वो मिट्टी के टीले पर बने हुए थे। लोगों ने बताया कि यहां बाड़े (खुली भूमी) में जेसीबी से खुदाई चल रही थी। तभी अचानक मिट्टी धंसी और एक के बाद एक सभी मकान मलबे में तब्दील हो गए। लोगों ने बताया कि जब हादसा हुआ तो ऐसा लगा कि भूकंप आ गया हो। लोगों को भागने तक का मौका नहीं मिला। वहीं पुलिस लोगों से पूछताछ कर घटने की जांच में जुट गई है।

■ चार लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया

# अहमदाबाद प्लेन हादसा: विजय रूपाणी के शव ही हुई पहचान



■ राजकोट में आज होगा पूर्व सीएम का अंतिम संस्कार

■ अब तक 31 शवों की शिनाख्त, 20 परिजन को सौंपे

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। परिवार के मुताबिक, राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। 12 जून को हुए प्लेन क्रैश में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया है।

रविवार सुबह तक 248 शवों के डीएनए सैंपल लिए गए। इनमें से 31 की शिनाख्त हो गई है, 20 शव परिजन को सौंपे गए हैं। उनके डेथ सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए गए। एम्बुलेंस के जरिये सिक्योरिटी के साथ -शेष पृष्ठ दो पर

# यूपी-गुजरात में बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत

■ दिल्ली-एनसीआर में बारिश, 100 किमी प्रतिघंटा स्पीड से हवा चली

**नई दिल्ली।** दिल्ली सहित पूरे एनसीआर में शनिवार रात से ही तेज बारिश के साथ गरज-चमक और 80-100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चली। कई इलाकों में पानी भर गया है और पेड़ उखड़ गए हैं।

कोटा में आंधी-बारिश से मकान का छज्जा गिर गया। हादसे में 17 लोग घायल हो गए। वहीं, जयपुर के जमवारामगढ़ में आंधी के कारण बाइक सवार पर बिजली का पोल गिर गया। व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। उत्तर प्रदेश में शनिवार देर शाम हुई बारिश के कारण सिद्धार्थनगर और हमीरपुर में बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने रविवार को 18 जिलों में लू और 47 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुजरात में भी शनिवार शाम से तेज बारिश का दौर जारी है। राजकोट में बिजली गिरने से एक, दाहोद में दो, मांगरोल में एक और कलोल तालुका में मोकड़ गांव के सरपंच की मौत हो गई।

### पश्चिम बंगाल में बीएसएफ जवान ने सीनियर की हत्या की

**मुर्शिदाबाद।** प. बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक कैंप में बहस के बाद बीएसएफ के एक जवान ने अपने सीनियर की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना शनिवार रात करीब 10:30 बजे धुलियान में बीएसएफ कैंप में हुई। कॉन्स्टेबल शिवम कुमार मिश्रा ने तीखी बहस के बाद अपने सीनियर हेड कॉन्स्टेबल रतन सिंह शेखावत की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों जवान बीएसएफ की एक यूनिट में तैनात थे, जिसे मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई सांप्रदायिक झड़पों के बाद इलाके में तैनात किया गया था।

# पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल टूटा

## स्थानीय विधायक का दावा: छह लोगों की मौत



25-30 लोगों के बहने की आशंका

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के मावल तहसील के कुंडमाला गांव के पास में रविवार को दोपहर 3:30 बजे इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया। इसमें 25-30 लोगों के बह जाने की आशंका है।

विधायक सुनील शेलके ने बताया कि अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। 6 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस वक्त हुआ, जब कई लोग नदी के तेज बहाव को देखने के लिए खड़े थे। पुणे से कुंडमाला की दूरी 30 किमी है। यह जगह मुंबई के रास्ते में एक्सप्रेसवे में प्रवेश करने से पहले स्थित है। वीकेंड पर यहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह पुल पहले से ही बहुत खराब और जर्जर स्थिति में था। हादसे के -शेष पृष्ठ दो पर

### केरल हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा ब्रिटिश लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की नौसेना के शक्तिशाली लड़ाकू विमान एफ-35 को शनिवार देर रात केरल के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। उधर वायुसेना ने आपात स्थिति में इसे सामान्य घटना बताया है। ब्रिटिश नौसेना के इस लड़ाकू विमान ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में तैनात ब्रिटेन के एक विमान वाहक पोत से शनिवार रात नियमित उड़ान भरी थी, लेकिन खराब मौसम और ईंधन की कमी के कारण विमान ने भारत में उतरने की अनुमति मांगी।

# पहलगाम हमले का खौफ बरकरार, 90% पर्यटकों ने मुंह मोड़ा

पहलगाम, वार्ता



■ घाटी की फिजा में अब भी सन्नाटा पसरा हुआ, 90 प्रतिशत होटल बुकिंग रद्द, बाजार सुनसान

**दक्षिण कश्मीर के** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को करीब डेढ़ महीना बीत चुका है, लेकिन घाटी की फिजा में अब भी सन्नाटा पसरा हुआ है। पहलगाम की सड़कों पर चहल-पहल नदारद है, होटल खाली पड़े हैं और दुकानों पर बैठे लोग किसी आने वाले सैलानी की राह तकते नजर आते हैं।

हमले के बाद पर्यटकों के आगमन में 90 फीसदी तक गिरावट आई है और इसका सीधा असर स्थानीय पर्यटन व्यवसाय पर पड़ा है। पहलगाम पहुंचने पर रंगबिरंगे अक्षरों में सजे 'पहलगाम' बोर्ड के पास कुछ पर्यटक जरूर तस्वीरें खींचते दिख जाते हैं, लेकिन जैसे ही बाजार की ओर बढ़ते हैं, सुनसान सड़कें दिखती हैं। स्थानीय दुकानदार सालिक मोहम्मद मायूस स्वर में कहते हैं कि क्या करें, यह हमारी बदकिस्मती है। आतंकियों ने जो दाग लगाया है, उसे मिटाने में न जाने कितना वक्त लगेगा। हम विरोध में सड़कों पर भी उतरे, लेकिन विश्वास बहाली में वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि यहां कुछ पर्यटक आ रहे हैं, लेकिन रात में बहुत कम रुक रहे हैं। दिन में करीब 100-200 लोग आते हैं, जिनमें कुछ स्थानीय भी होते हैं। स्थानीय लोग अपील कर रहे हैं कि पर्यटक कश्मीर आएं और इस मुश्किल घड़ी में साथ दें। गुजरात से आए एक पर्यटक दल की सदस्य गीतिका कहती हैं कि मैं तीन साल पहले भी यहां आई थी, तब भीड़ उमड़ी रहती थी। आज ऐसा लग रहा है मानो यह वो पहलगाम ही नहीं है। होटल भी लगभग खाली हैं, रेस्टोरेंट बंद पड़े हैं, लेकिन सुरक्षा को लेकर कोई डर नहीं लगा। लोगों को यहां आना चाहिए और कश्मीर के लोगों का साथ देना चाहिए।

# घबराए तुर्की ने पल्ला झाड़ा

■ कहा: अहमदाबाद हादसे में हमारी कंपनी का लेना-देना नहीं

**अहमदाबाद।** तुर्की ने रविवार को अहमदाबाद प्लेन क्रैश में टर्किश टेक्निक कंपनी पर लगाए आरोप को नकार दिया।

तुर्की सरकार ने कहा कि कंपनी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का मेंटेनेंस नहीं करती है। तुर्की के डायरेक्टरेट ऑफ कम्युनिकेशन सेंटर फॉर काउंटरिंग डिसइन्फॉर्मेशन ने कहा कि यह दावा बिल्कुल गलत है कि हमारे देश की कंपनी ने क्रैश प्लेन का मेंटेनेंस किया था। भारत-तुर्की के संबंधों को खराब करने के लिए झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है। दरअसल 14 जून को बाबा रामदेव ने कहा था कि मुझे ये पता चला है कि तुर्की की एक एजेंसी विमानों में मेंटेनेंस का काम करती है। कहीं तुर्की ने तो इसके जरिये दुश्मनी तो नहीं निकाली। उधर विपक्ष भी इस हादसे पर साजिश की आशंका जता रहा है। गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून की दोपहर एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया था।

# उत्तर प्रदेश पुलिस सामाजिक विश्वास की प्रतीक : योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 2017 से पहले यूपी में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार था: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस को सामाजिक विश्वास का प्रतीक बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था, जो अब बीते जमाने की बात हो चुका है।

यूपी पुलिस में 60 हजार 244 पुलिसकर्मियों की भर्ती एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि महाकुंभ में पुलिस की भूमिका एक मिसाल थी। प्रयागराज आने वाले हर इंसान ने पुलिस के व्यवहार की प्रशंसा की। अगर हम वहां कर सकते हैं, तो हर जगह कर सकते हैं। पुलिस बल केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास का प्रतीक बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह महज एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के 'स्मार्ट पुलिसिंग' विजन को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था। पैसे और सिफारिश के बिना नौकरी मिलना असंभव था, लेकिन अब यह सब बीते जमाने की बात हो चुकी है। हमने संविधान प्रदत्त आरक्षण का पालन करते हुए पूरी प्रक्रिया को मेरिट और पारदर्शिता के आधार पर संपन्न किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया। प्रदेश में भर्तियों में दलित, पिछड़े, जनजातीय, गरीब, बेटियों सबको समान अवसर मिला है। यह नया उत्तर प्रदेश है, जहां मेरिट के आधार पर हर युवा को न्याय मिल रहा है। यूपी पुलिस में 60,244 पुलिसकर्मियों की भर्ती एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम ऐसे समय में हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष के कार्यकाल ने नए भारत के रूप में प्रत्एक भारतीय के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में प्रदेश के युवाओं को साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई है। वहीं अकेले यूपी पुलिस में करीब सवा दो लाख भर्तियां की गई हैं। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि प्रदेश को दंगा मुक्त, भय मुक्त और निवेश समर्थ प्रदेश बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### भर्ती में गरीब से गरीब परिवार का बेटा भी शामिल हुआ

इसी के साथ डबल इंजन की सरकार ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता क्या होती है, इसका उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में गरीब से गरीब परिवार का बेटा भी शामिल हुआ है। अब वह भी सिपाही बनकर प्रदेश की जनता की सेवा में योगदान दे पाएगा। योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्मार्ट पुलिसिंग' के सूत्र स्ट्रिक्ट एंड सेंसटिव, मॉर्डन एंड मोबाइल, अलर्ट एवं अकाउंटिबल, रिलायबल एंड रिस्पॉन्सिबल और टैक्नो सैवी एंड ट्रेंड का हवाला देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने इन सिद्धांतों को जमीनी हकीकत बना दिया है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में जब हमने भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी, तब केंद्री गृह मंत्री ने पैरामिलिट्री और मिलिट्री ट्रेनिंग संसाधन उपलब्ध कराने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

# यूपी में बदला मौसम का मिजाज

## पश्चिमी उप्र के कई जिलों में कुछ घंटों तक भारी बारिश हुई

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 17 से पूर्वी और 19 जून से वेस्ट यूपी में बारिश के आसार

**लखनऊ।** यूपी के मौसम में मामूली बदलाव हुआ है। पश्चिमी यूपी के कई जिलों में रविवार को कुछ घंटों तक भारी बारिश हुई, वहीं राजधानी लखनऊ सहित पूर्वी और अवध के कई जिलों में सुबह से तीखी धूप निकलने के बजाय हल्के बादल छाए रहे। सुबह से चलने वाली गर्म हवा का भी प्रकोप कम हुआ है।

मौसम विभाग के मुताबिक 17 जून से पूर्वी और 19 जून से पश्चिमी यूपी में बारिश के आसार हैं। तभी कुछ राहत की मिलेगी। इस बीच रविवार से अगले पांच दिन तक प्रदेश में लू नहीं चलने का अनुमान है। इससे भी तपिश से थोड़ा सुकून मिलने की उम्मीद है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में पुरवा हवाएं चलेंगी। इससे 15 जून से छिटपुट बूंदाबांदी का दौर शुरू होगा। फिर 17 जून से पूर्वी और 19 जून से पश्चिमी यूपी में भारी बारिश के आसार हैं। तराई इलाकों को छोड़कर अन्य स्थानों पर पड़ रही उमस भरी गर्मी अगले 1-2 दिनों तक जारी रहने के आसार हैं। रविवार से लू की स्थिति प्रदेश में कमजोर होगी। प्रदेश में शनिवार को प्रयागराज 45 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। वहीं बांदा में 44.8, कानपुर में 44.9, वाराणसी में 43, आगरा में 43.6, सुल्तानपुर में 42.6, लखनऊ में 42.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बहराइच, बरेली, झांसी और गोरखपुर में भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। मौसम विभाग के अनुसार पुरवा हवा के चलते बुंदेलखंड में शनिवार को तापमान में कुछ कमी दर्ज की गई। इसके चलते पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू के थपेड़ों से थोड़ी राहत मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना मामलों में गिरावट, 10 और मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के कुल सक्रिय मामलों की संख्या रविवार को 7,400 से घटकर 7,383 हो गई। पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 17 की कमी आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आज सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार इस संक्रमण से 10 लोगों ने जान गंवाई है। इसके बाद कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 97 हो गई हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 से दिल्ली में तीन, केरल में पांच और महाराष्ट्र में दो लोगों की मौत हुई है। इन सभी को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं थीं। दिल्ली और मध्य प्रदेश में नए संक्रमण 10-10 बढ़कर क्रमश: 682 और 130 हुए, जबकि केरल में 102 मामलों की कमी आयी, हालांकि केरल का कुल मामले सबसे ज्यादा 2007 है। सरकारी वेबसाइट के अनुसार पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, हिमाचल प्रदेश, मिजोरम, पुड्डुचेरी और त्रिपुरा में कोविड-19 नए मामले दर्ज नहीं किए गए हैं। इस वायरस से दिल्ली में जिन तीन लोगों की मौत हुई है, उनमें 57 वर्ष की एक महिला, 83 वर्षीय महिला और 57 वर्षीय पुरुष शामिल हैं।

### आप विधायक ने नेकां से समर्थन वापस लिया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में डोडा विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी विधायक मेहराज मलिक ने सत्तारूढ़ नेकां से अपना समर्थन वापस ले लिया है। मलिक ने कहा कि समर्थन वापस लेने का फैसला जम्मू- कश्मीर के लोगों के सर्वोत्तम हित में लिया है। उन्होंने विश्वास, जनता के कल्याण और समग्र विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मलिक ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं मेहराज मलिक, डोडा से विधायक सरकार गठबंधन में नेकां से अपना समर्थन वापस लेता हूं। उन्होंने आगे लिखा, यह निर्णय जम्मू-कश्मीर के मेरे लोगों के सर्वोत्तम हित में लिया गया है, जिनका विश्वास और कल्याण हमेशा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

# आकाशीय बिजली गिरने से पांच लोगों की मौत

प्रयागराज, वार्ता

उप्र में प्रयागराज के बारा क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से दो नाबालिग बालिकाओं सहित एक ही परिवार के चार लोगों और एक अन्य की जलकर मृत्यु हो गई।

बारा तहसीलदार कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार यमुनागर के बारा तहसील क्षेत्र में सोनबरसा गांव निवासी वीरेंद्र वनवासी, पत्नी पार्वती और दो बेटियों राधा (3) एवं करिश्मा (2) कच्चे मकान में रहते थे। आंधी तूफान के बीच आकाशीय बिजली गिरने से छप्पर में आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। वे बाहर नहीं निकल सके। ग्रामीणों ने जब तक आग बुझाई, तब तक एक ही परिवार के चारों सदस्यों की जिदा जलने से मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि मृतक वीरेंद्र के परिवार में माता-पिता और उसकी दो पुत्रियां सोन कुमारी (10) और आंचल (08) हैं। दोनों बच्चियां अपने दादा-दादी के साथ दूसरे मकान में रहती है। दैवीय आपदा के अन्तर्गत देय सहायता धनराशि उपलब्ध कराए जाने के लिए पुत्रियों का आधार कार्ड बनवाकर बैंक खाता खुलवाए जाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त उसी रात कल्याणपुर थाना क्षेत्र के तहसील बारा निवासी अक्षय कुमार (30) की भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई।

### अमेठी में भीषण सड़क हादसा, पांच मरे, एक घायल

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में रविवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर शव लेकर जा रही एक एंबुलेंस एक वाहन से टकरा गयी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक मामूली रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन 59 के नजदीक आज तड़के यह हादसा उस समय हुआ, जब शव लेकर हरियाणा से बिहार जा रही तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने पिकअप वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चालक समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री का दावा

# अगले साल नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा भारत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा- देश के 11 राज्यों में फैला हुआ नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है
■ भव्य समारोह में 60 हजार 244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित किए

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भरोसा दिलाया कि अगले साल 31 मार्च तक भारत नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा।

लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में 60 हजार 244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित करने के मौके पर उन्होंने कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। पाकिस्तान द्वारा तीन बार आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने ऑपरेशन सिदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को चूर-चूर कर दिया। शाह ने उत्तर प्रदेश सरकार की पारदर्शी और समावेशी भर्ती प्रक्रिया के लिए सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इन नियुक्तियों में न खर्च, न पर्ची, न शिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर संपन्न हुई। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिस. बल है और आज 60,244 युवा इसके अभिन्न अंग बन रहे हैं। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। शाह ने बताया कि इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षित पदों का शत-प्रतिशत लाभ उत्तर प्रदेश में सुनिश्चित किया गया है, जो योगी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती रही थी, लेकिन 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी पुलिस ने नई बुलंदियों को छूना शुरू किया।

### यूपी अब दंगामुक्त हो चुका है: अमित शाह

सीएम योगी ने औद्योगिक विकास, शिक्षा, कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचा, बिजली और नल से जल जैसी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर एक परिवर्तन कारी युग की शुरुआत की है। शाह ने जोर देकर कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया और कहा कि तकनीक के उपयोग, जैसे कि कैमरे, कंट्रोल रूम, कमांड सेंटर, पीसीआर वैन और 150 से अधिक ऑन-व्हील फॉरेंसिक साइंस लैब वैन ने इस प्रक्रिया को और निष्पक्ष बनाया है। शाह ने दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह भर्ती प्रक्रिया न केवल पारदर्शी थी, बल्कि इसमें हर वर्ग और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया। शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पुलिसबल के आधुनिकीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों की भी चर्चा की। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता जैसे नए कानूनों के लागू होने से अगले पांच वर्षों में देश में ऐसी व्यवस्था बनेगी, जिसमें किसी भी एफआईआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक का न्याय तीन साल के भीतर मिल सकेगा।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार
अर्थ व्यापार

# भू-राजनीतिक तनाव का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई, वार्ता



इजरायल और ईरान तनाव को लेकर निवेशकों के सुरक्षित गंतव्य का रुख करने से स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिज़र्व के नीतिगत निर्णय और मध्य-पश्चिम के भू-राजनीतिक तनाव का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1070.39 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81118.60 अंक पर आ गया। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 284.45 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24718.60 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में कम बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 415.23 अंक अर्थात 0.91 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर 45681.28 अंक और स्मॉलकैप 69.97 अंक यानी 0.13 प्रतिशत कमजोर रहकर 53370.29 अंक रह गया। विश्लेषकों के अनुसार इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजारों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला और आखिर में बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। शुरुआत में बाजार में तेजी रही, क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार को लेकर बातचीत में सुधार की उम्मीद थी। लेकिन इजरायल ने ईरान की परमाणु संयंत्रों पर हमला कर दिया, जिससे दुनिया भर में तनाव बढ़ गया और बाजार की हालत बिगड़ गई। इस वजह से निवेशकों ने सोना और अमेरिकी बॉन्ड जैसी सुरक्षित चीजों में पैसा लगाना शुरू कर दिया। वहीं कच्चे तेल की कीमतें भी बढ़कर 76 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गईं, क्योंकि आपूर्ति में रुकावट की आशंका फिर से पैदा हो गई है। स्थानीय स्तर पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई 75 महीने के निचले स्तर पर आ गई है, जो अच्छी खबर है।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 696.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आारक्षित निधि में भारी बढ़ोतरी होने से 06 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 696.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.2 अरब डॉलर लुढ़ककर 691.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 6 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 587.7 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

# खाद्य तेल सस्ते, अधिकांश दालें हुई महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल 1620 रुपए प्रति क्विंटल तक सस्ते हो गए जबकि मांग निकालने से अधिकांश दालें महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 18 रिंगिट चढ़कर 3927 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.2 सेंट की बढ़ोतरी लेकर 48-35 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सरसों तेल में 182 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य सभी खाद्य तेलों के भाव गिर गए। मूंगफली तेल 330 रुपए, सूरजमुखी तेल 512 रुपए, सोया रिफाइंड 365 रुपए, पाम ऑयल 1629 रुपए और वनस्पति तेल 1318 रुपए रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16666 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17582 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 15604 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 13773 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 12666 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 14433 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में अधिकांश दालों के भाव गिर गए। मसूर दाल 100 रुपए, मूंग दाल 100 और उड़द दाल 100 दाल रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चना, दाल चना और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ सप्ताहांत पर चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600- 9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**गौरीकुंड में...** द्वारा दी गई। इसके पश्चात तत्काल कार्रवाई करते हुए खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि तत्पश्चात आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों को सक्रिय किया गया। जिसमें जिला आपदा मोचन बल की टीम के साथ एसडीआरएफ की छह टीमें, एनडीआरएफ की आठ टीमें और 22 पुलिसकर्मी शामिल थे। ये सभी राहत एवं बचाव दल घटनास्थल गौरीकुंड से लगभग पांच किलोमीटर ऊपर स्थित गौरी में खड़क नामक स्थान पर पहुंचे जहां तलाश और बचाव अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि हादसे का शिकार लोगों के शव बुरी तरह से जल गए हैं। श्री रजवार ने बताया कि हेलीकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे। जिनमें पायलट सहित छह वयस्क और एक बच्चा हैं। सभी की हादसे में मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान कैप्टन राजबीर सिंह चौहान, पायलट, निवासी जयपुर, विक्रम रावत, कर्मचारी, बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति, निवासी रासी ऊखीमठ, (45), विनोद देवी, निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश, (66), तृष्टि सिंह बिजनौर, उत्तर प्रदेश, (19), राजकुमार पुत्र सुरेश जायसवाल, निवासी महाराष्ट्र, (41), श्रद्धा पत्नी राजकुमार जायसवाल, निवासी महाराष्ट्र, (35) , काशी पुत्री राजकुमार, निवासी महाराष्ट्र, बालिका (2) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया है। फॉरेंसिक टीम तथा डीएनए सैंपलिंग टीम भी मौके पर पहुंच चुकी हैं। श्री रजवार ने बताया कि प्रभावितों के परिवार के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किए गए हैं। इसके लिए राज्य आपातकालीन प्रचालन केन्द्र 0135-2710334, 9058441404 1070 (टोल फ्री) तथा रुद्रप्रयाग हेल्पलाइन नम्बर- 8958757335, 01364-233727 जारी किए गए हैं।

**अहमदाबाद प्लेन हादसा...** शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 230 टीमें बनाई गई हैं, जो मृतकों के परिजनों के सीधे संपर्क में हैं। 192 एम्बुलेंस और वाहन स्टैंडबाय पर हैं। हादसे में जान गंवाने वाले विदेशी नागरिकों में से 11 के परिजन रविवार को अहमदाबाद पहुंच सकते हैं। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत बनाने का ऑर्डर दिया गया है। इनमें से करीब 100 ताबूत वडोदरा से अहमदाबाद लाए गए हैं। बाकी के ताबूत बनाने का काम जारी है। सूत्रों ने बताया कि प्रत्येक मृतक के परिवार के लिए एक अलग टीम गठित की गई है। इस टीम में एक वरिष्ठ अधिकारी, पुलिसकर्मी और एक पेशेवर काउंसलर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान एआई171 उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में 242 लोग सवार थे, जिसमें से 230 यात्री एवं 12 चालक दल के सदस्य थे। इस हादसे में मात्र एक व्यक्ति ही जीवित बचा है।

**पुणे में...** समय पुल पर क्षमता से अधिक पर्यटक मौजूद थे। लोग टू-व्हीलर और मोटरसाइकिल ले जा रहे थे। इसी वजह से पुल भार सहन नहीं कर सका। इससे पहले गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर 2022 को एक सस्पेंशन ब्रिज गिर गया था। हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। ब्रिज की क्षमता करीब 100 लोगों की थी, लेकिन रविवार को छुट्टी होने के चलते इस पर करीब 500 लोग जमा थे। यही हादसे की वजह बना। ब्रिज टूटने से जहां लोग गिरे, वहां 15 फीट तक पानी था। कुछ लोग तैरकर बाहर निकल आए थे। लेकिन बाकी लोग बच नहीं सके थे।

# कार्यस्थल में महिला सुरक्षा पर परिचर्चा

नई दिल्ली, वार्ता



■ महिला अधिकारों से संबंधित आठ संस्थाओं की 32 महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया

असंगठित क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर सुरक्षा के मुद्दे को लेकर रविवार को एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित की गई इस परिचर्चा में महिला अधिकारों से संबंधित आठ संस्थाओं की 32 महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

परिचर्चा का आयोजन महिला अधिकारों से जुड़े स्वयंसेवी संगठन 'पारदर्शिता' ने किया गया। परिचर्चा में मुख्य तौर पर घरों में काम करने वाली महिलाओं को अधिकारों को लेकर विचार विमर्श किया गया। उन्हें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) कानून, 2013 के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। परिचर्चा में कहा गया कि सुरक्षित कार्यस्थल प्रत्एक कामकाजी महिला का मौलिक अधिकार है और सरकार को इस संबंध मे ठोस पहल करनी चाहिए। कानून के तहत सभी जिलों में स्थानीय शिकायत समिति का गठन एवं नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। इस दौरान महिला अधिकारों और सुरक्षा पर दिल्ली में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान से भी अवगत कराया गया। परिचर्चा में निर्माण मजदूर अधिकार अभियान के थानेश्वर दयाल आदिगौड़, घरेलू कामकाजी महिला संगठन की रेखा सिंह, बाल विकास धारा के विकास पाठक और दिल्ली वेस्ट वर्कर्स फेडरेशन के शंभुनाथ ने भाग लिया। इसके बाद बाल विकास धारा ने दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में कूड़ा बीनने वाले लोगों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। इसमें कूड़ा बीनने वाले लगभग 30 लोगों ने भाग लिया। इन लोगों को 'सम्मानित मजदूर, सुरक्षित भविष्य' अभियान के अंतर्गत नमस्ते योजन, ई- श्रम पंजीकरण, आभा कार्ड जैसी कई सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हैरतअंगेज : 40 दिन में पांच हेलीकॉप्टर हादसे, 13 मौतें

## इन हादसों ने प्रदेश में हेली सेवाओं पर खड़े किए कई तरह के सवाल

■ 8 मई को उत्तरकाशी में हुए हादसे में गई थी 6 लोगों की जान ■ 15 जून को केदारनाथ हादसे में सात लोगों की हुई मौत

**एस. आलम अंसारी**

**देहरादून।** उत्तराखंड में पिछले सवा महीने में पांच हेलीकॉप्टर हादसों में 13 लोगों ने अपनी जान गवाई है। इतने कम समय में हुए इन हादसों ने प्रदेश में हेली सेवाओं पर कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल इन सभी घटनाओं के बाद डीजीसीए ने जांच के आदेश दिए हैं। हेलीकॉप्टर संचालन को लेकर सीएम पुष्कर धामी ने भी निर्देश देते हुए राज्य में सख्त एसओपी बनाने को कहा है।

मुख्यमंत्री का कहना है कि हेलीकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की पूर्ण जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य किया जाए। 15 जून को गौरीकुंड में हेलीकॉप्टर हादसे में 7 लोगों की जान चली गई। हेलीकॉप्टर केदारनाथ से श्रद्धालुओं को लेकर लौट रहा था, लेकिन खराब मौसम के चलते क्रैश हो गया। हेलीकॉप्टर हादसे के बाद शासन-प्रशासन में खलबली मच गई। वहीं इससे पहले 8 मई को उत्तरकाशी के गंगनानी में हेली क्रैश के कारण 6 लोगों की मौत हो गई थी। 40 दिनों में हुए पांच हैली हादसों में कुल 13 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। इससे पूर्व इसी माह 7 जून को तकनीकी खराबी के कारण केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बडासू के पास एक हेलीकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग हुई थी।इस हेलीकॉप्टर ने सिरसी हेलीपैड से केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी। इसमें पायलट समेत 6 लोग सवार थे।अच्छी बात ये रही कि इस क्रैश लैंडिंग में कोई जनहानि नहीं हुई। सूझबूझ दिखाने वाले पायलट को हल्की चोटें आई। वहीं रविवार की सुबह केदारनाथ से श्रद्धालुओं को लेकर लौट रहा हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई।



### पहले हादसे में गई 6 लोगों की जान

साल 2025 में चारधाम यात्रा के दौरान पहला हेलीकॉप्टर हादसा पिछले महीने 8 मई को हुआ था। यह हादसा ट्रांस एविएशन कंपनी के हेलीकॉप्टर के साथ हुआ। इस हादसे में 6 लोगों की जान चली गई । देहरादून से उत्तरकाशी के लिए जब यह हेलीकॉप्टर उड़ान भर रहा था ,तभी झाला के पास अचानक से हेलीकॉप्टर का संतुलन बिगड़ा, इसके बाद हेलीकॉप्टर गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।घटना के बाद डीजीसीए ने जांच के आदेश दिए थे।इस हादसे की जांच अभी भी चल रही है।

### ऊखीमठ, उत्तरकाशी में हुई यात्रियों से भरे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

उत्तरकाशी हेलीकॉप्टर हादसे के बाद उसी महीने 13 मई को एक बार फिर से बदरीनाथ से श्रद्धालुओं को लेकर वापस लौट रहा हेलीकॉप्टर अचानक तकनीकी खामी की वजह से डगमगाने लगा था। पायलट की सूझबूझ से उसकी तत्काल इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई थी।यह लैंडिंग ऊखीमठ में की गई थी। इमरजेंसी लैंडिंग के बाद पायलट ने बताया कि खराब मौसम के चलते विजिबिलिटी काफी कम हो गई थी। इस वजह से उन्हें इमरजैंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। गनीमत यह रही कि इस इमरजैंसी लैंडिंग में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

### मानकों की अनदेखी, जिम्मेदार कौन

उत्तराखंड में 40 दिनों की चारधाम यात्रा के दौरान कई बार हेलीकॉप्टरों ने संतुलन खोया है।कई ऐसे हादसे भी हुए हैं, जिनमें लोगों की जान गई है। 7 जून को केदारनाथ के लिए उड़ान भर रहे हेलीकॉप्टर की अचानक से हाईवे पर ही क्रैश लैंडिंग करवानी पड़ी। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी भी व्यक्ति की जान नहीं गई।इतना जरूर है कि सड़क पर खड़ी कार और पास में बनी दुकान को हेलीकॉप्टर की इस क्रैश लैंडिंग से नुकसान जरूर पहुंचा है। लेकिन अब सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिरकार 40 दिनों में 5 हेलीकॉप्टर हादसों के बाद भी सबक क्यों नहीं लिया जा रहा है। आखिरकार इन हादसों में गलती किसकी है और कौन इनका जिम्मेदार है।



### 7 जून को बडासू में हुई क्रैश लैंडिंग

इसी माह 7 जून को भी एक इसी तरह का हादसा रुद्रप्रयाग के बडासू क्षेत्र में हुआ। अगर पायलट सड़क पर हेलीकॉप्टर नहीं उतारता तो यह दुर्घटना और भी बड़ी हो सकती थी। इस घटना में एक दुकान, एक गाड़ी और हेलीकॉप्टर को नुकसान पहुंचा । अच्छी बात ये है कि हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया ।फिलहाल इन सभी घटनाओं के बाद डीजीसीए ने जांच के आदेश दिए हैं।

### हैली एम्बुलेंस का भी 17 मई हुआ था हादसा



17 मई को एक बार फिर से केदारनाथ जा रहा ऋषिकेश एम्स का हेलीकॉप्टर हेलीपैड से चंद कदमों की दूरी पर ही अचानक क्रैश हो गया था। घूमते हुए पंखे और डगमगाता हुआ हेलीकॉप्टर पहाड़ी पर उतरता है। इस दौरान हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा इस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था।गनीमत यह रही कि पायलट की सूझबूझ से यहां भी सभी लोगों की जान सुरक्षित रही। यह हेलीकॉप्टर बीमार यात्रियों के लिए डॉक्टर लेकर जा रहा था।

# सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** थराली में भीषण सड़क हादसा हो गया है। कुलसारी - आलकोट - माल बजवाड़ - मोटर मार्ग पर हुए एक अल्टो कार न 11Ta 3880 नोणा गाँव के समीप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 2:30 बजे आल्टो वाहन किसी सवारी को छोड़ने नोणा गाँव गया था। ढालू और नोणा गांव के पास अल्टो वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन की दी मौके पर पहुंची पुलिस प्रशासन एवं डीडी आर एफ की टीम में स्थानीय लोगों के साथ घायल व्यक्तियों का रेस्क्यू कर खाई से निकाला , लेकिन सड़क दुर्घटना में दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई ,.दोनों शवों का रेक्सयू किया गया है, सड़क दुर्घटना की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में वाहन चालक दर्शन राम उम्र 54 पुत्र लूती राम निवासी पासतोली एव दिनेश चंद्र जोशी उम्र 62 पुत्र बलराम जोशी की सड़क दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है. वहीं पुलिस मृतकों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर रही है।

## पीएम मोदी ने हादसे पर व्यक्त किया शोक

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साइप्रस दौरे से ही उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर केदारनाथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री ने इस दुखद घटना में दिवंगत हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना और शोक व्यक्त किया।मृतकों के परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति हेतु प्रार्थना की।उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि घटना के बाद तत्काल उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। दुर्घटना के कारणों की गहन जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, बेहतर समन्वय और त्वरित कार्रवाई के लिए कमांड एंड कॉर्डिनेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी।



## लगातार हो रही हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं पर मुख्यमंत्री धामी हुए सख्त

# केदारनाथ हेलीकॉप्टर हादसे की होगी जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई

■ सोमवार तक चारधाम के लिए हेली सेवाएं रहेंगी पूर्ण रूप से बंद ■ एक्सपर्ट कमेटी गठित कर सख्त एसओपी तैयार करने के निर्देश ■ बेहतर समन्वय के लिए कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर स्थापित होगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में रविवार सुबह हुए हेलीकॉप्टर क्रैश हादसे के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त रुख अपनाते हुए कई अहम निर्णय लिए हैं। जिसके तहत सोमवार तक चार धाम के लिए हेली सेवा पूर्ण रूप से बंद रहेगी। चार धाम में लगे सभी हेली ऑपरेटरों एवं पायलटों के उच्च हिमालय क्षेत्रों में उड़ान अनुभवों की जांच होगी एवं सभी हेली ऑपरेटरों के साथ बैठक के बाद ही पुन: हेली सेवा को सुचारू किया जाएगा। राज्य में अब हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय और सुरक्षित संचालन के लिए देहरादून में एक कॉमन ष्कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटरष की स्थापना की जाएगी, जिसमें डीजीसीए, आपदा विभाग, सिविल एविएशन, यूकाडा, हेली ऑपरेटर कंपनी के अधिकारियों की तैनाती होगी। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में हुई बैठक के दौरान दिए।

**अनुभवी पायलटों को मिलेगी अनुमति**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हीं पायलटों को अनुमति दी जाएगी जिनका उच्च हिमालय क्षेत्रों में हेली उड़ाने का दीर्घकालीन अनुभव होगा। उन्होंने कहा डीजीसीए द्वारा निर्धारित गाइडलाइन को और सख्त बनाया जाए, जिसका अनुपालन शत प्रतिशत किया जाए। मुख्यमंत्री ने हिमालय क्षेत्रों में अधिक संख्या में मौसम पूर्वानुमान के अत्याधुनिक उपकरण लगाने के भी निर्देश दिए, जिससे मौसम की और सटीक जानकारी प्राप्त की जा सके।

### आर्यन हेलीकॉप्टर के दो अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज हुआ, जानबूझकर नियमों की अनदेखी की, जिससे चली गई सात जानें

मुख्यमंत्री ने गौरीकुंड रुद्रप्रयाग में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के संबंध में उच्च स्तरीय जांच के भी आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है, उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा आम जन के जीवन की रक्षा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। किसी भी कीमत में जिंदगियों के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

### एसओपी तैयार करेगी एक्सपर्ट कमेटी

मुख्यमंत्री ने सचिव गृह उत्तराखंड की अध्यक्षता में एक समिति गठित किए जाने के निर्देश दिए। जिसमें डीजीसीए, यूकाडा, नागरिक उड्डयन विभाग भारत सरकार, एटीसी के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में रहेंगे। यह समिति जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मानक परिचालन नियमावली का प्रारूप बनाएगी। समिति अपनी रिपोर्ट सितंबर माह से पूर्व प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री ने आगामी समय के लिए प्रदेश में हेली सेवाओं के संचालन के लिए सख्त एडमिनिस्ट्रेटिव एंड टेक्निकल एसओपी तैयार किए जाने के निर्देश भी दिए हैं।

**परिवारों को सौंपेंगे पार्थिव शरीर**

जिला प्रशासन रुद्रप्रयाग को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गौरीकुंड क्षेत्र में हेलीकॉप्टर क्रैश दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से संपर्क कर उनके पार्थिव शरीर को संबंधित राज्यों में भेजने की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

**उच्च अधिकारियों से किया मंथन**

इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव नागरिक उड्डयन समीर कुमार सिन्हा, डीजीसीए के महानिदेशक फैज अहमद किदवई , सचिव शैलेश बगौली, सचिव सचिन कुर्वे, सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन, सीईओ युकाडा सोनिका, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ( एएआईबी) के अधिकारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# योग संपूर्ण विश्व के लिए करता है संजीवनी का कामः धामी

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले रन फॉर योग का किया आयोजन

■ रविवार की सवेरे मुख्यमंत्री के साथ दौड़े नेता अधिकारी जनता ■ एमकेपी कॉलेज से गांधी पार्क तक किया गया रन फॉर योगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस २१ जून के आयोजन में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी से आग्रह किया। उन्होंने कहा हमें मिलकर प्राचीन योग सभ्यता को जन जन तक पहुंचाना है। ऋषि मुनियों ने योग के माध्यम से शरीर, आत्मा और मन को एकीकृत करने की अद्भुत विद्या विकसित की है। योग संपूर्ण विश्व के लिए एक संजीवनी का कार्य करता है। योग से जीवन स्वस्थ और अनुशासित बनता है। आज दुनिया योग के प्रति आकर्षित हो रही है।





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को एम.के.पी कॉलेज, देहरादून में आयोजित 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं, बुजुर्गों महिलाओं को भी योग के प्रति जागरूक करने के लिए गांधी पार्क से एम.के.पी कॉलेज तक पैदल मार्च भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पहले से संचालित हो रहे योग केंद्रों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के लिए १० लाख तक का भी अनुदान दिया जा रहा है। राज्य में योग और वेलनेस की अपार संभवानाएं हैं, जिस पर राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी से अनुशासित और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की। इस अवसर पर विधायक खजान दास, भरत चौधरी,उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय खेल परिषद हेमराज बिष्ट, सचिव आयुष दीपेंद्र चौधरी, अपर सचिव विजय कुमार जोगदंडे, प्रदीप जैन, जितेंद्र नेगी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## नीम करौली बाबा का कैंची धाम आध्यात्मिकता मान्यता का केंद्र

# दुनिया की कई हस्तियां आती हैं बाबा के दर्शन को



**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** नैनीताल से 19 किमी दूर नीम करौली बाबा का कैंची धाम आध्यात्मिकता मान्यता का केंद्र है। क्रिकेटर विराट कोहली से लेकर फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग और एप्पल के संस्थापक स्टीव जॉब्स जैसे कई दिग्गज आए थे। इन हस्तियों ने अपना जीवन बदलने की कहानियां भी सुनाई हैं। नीम करौली बाबा पहली बार साल 1962 में कैंची धाम आए थे। उन्होंने अपने मित्र पूर्णानंद के साथ मिलकर 15 जून 1964 को कैंची धाम की स्थापना की थी। नीम करौली बाबा ने 15 जून को ही कैंची धाम को स्थापना दिवस के रूप में तय किया था. उन्होंने 10 सितंबर 1973 को शरीर त्यागकर महासमाधि ली थी. समाधि लेने के बाद उनके अस्थि कलश को धाम में ही स्थापित कर दिया गया। इसके बाद 1974 से बड़े स्तर पर मंदिर का निर्माण हुआ। आश्रम के नाम को लेकर यह माना जाता है कि कैंची धाम की ओर जा रही सड़क कैंची की तरह दो तीखे मोड़ जैसी दिखाई देती है। इस वजह से धाम का नाम कैंची धाम रखा गया।. नीम करौली बाबा हनुमान को काफी ज्यादा मानते थे। इसी वजह से उन्होंने अपने जीवन में हनुमान जी के 108 मंदिरों को बनवाया।

### बाबा को प्राप्त थी सिद्धियां

नैनीताल: कैंची धाम ट्रस्ट के प्रबंधक प्रदीप शाह ( भय्यू दा) बताते हैं कि बाबा नीम करौली बाबा को सिद्धियां प्राप्त थी। लोग बाबा जी को हनुमान जी का ही एक रूप आज भी मानते हैं. भय्यू दा बताते हैं कि साल 1962 में बाबा जब रानीखेत से भवाली की तरफ आ रहे थे तो वे गाड़ी रोककर शिप्रा नदी के इस पार आ गए और साथ के लोगों से इस स्थान पर स्थित सोमबारी महाराज की गुफा और धूनी के बारे में पूछने लगे। तब इस जगह पर घना जंगल हुआ करता था। लेकिन महाराज ने इस जगह को जहां आज कैंची धाम स्थित है, हनुमान मंदिर के लिए चिन्हित कर लिए था। कुछ समय बाद इस जगह पर सफाई करवाकर यहां हनुमान मंदिर की स्थापना की। और धीरे धीरे अन्य मंदिरों के स्थापना होती चली गई।

### पहले ही कर चुके थे भविष्यवाणी

भय्यू दा बताते हैं कि जब बाबाजी इस जगह पर मंदिरों की स्थापना कर रहे थे तब किसी ग्रामीण ने उनसे पूछा था की महाराज यहां पर न ही पानी है और ना ही कोई बुनियादी सुविधाएं ऐसे में इन मंदिरों में कौन आएगा, तो बाबाजी ने हंस कर जवाब दिया एक दिन सम्पूर्ण विश्व आएगा और आज सम्पूर्ण विश्व से लोग यहां बाबाजी के दर्शन के लिए आते हैं।

# स्वस्थ तन- मन का आधार है योगः रेखा

■ अपने बच्चों को बचपन से ही हर दिन कम से कम 30 मिनट योगासन करने की आदत डालें

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने केदारपुरम में महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र में एक सप्ताह के योग शिविर का शुभारंभ किया। कैबिनेट मंत्री ने भी प्रतिभागियों के साथ लगभग 40 मिनट योगासन किए।

केदारपुरम के योग शिविर में महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र की महिलाएं, शिशु निकेतन के बच्चे व अन्य लोग भी शामिल हुए। योग शिविर का शुभारंभ करते हुए कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि योग हमारे तन और मन दोनों के स्वास्थ्य का आधार है । उन्होंने कहा कि अगर हमारा शरीर स्वस्थ होगा तभी हम समाज और देश के लिए कुछ कर पाने में सक्षम होंगे। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश और देश में युवा मानव संसाधन कुशल बने, इसमें योग की बड़ी भूमिका हो सकती है। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान करते हुए कहा कि अपने बच्चों को बचपन से ही हर दिन कम से कम 30 मिनट योगासन करने की आदत डालें। इससे उन्हें अपने जीवन में डॉक्टर के पास जाने की कम से कम जरूरत पड़ेगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में योग की ऐसी अलख जगाई है कि आज डेढ़ सौ से ज्यादा देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होते हैं। इस अवसर पर सीपीओ अंजना गुप्ता, राजीव नयन तिवारी, मीना बिष्ट, मोहित चौधरी आदि उपस्थित रहे।



## जोशी ने उत्तराखंड आगमन पर किया केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री चौधरी का स्वागत

**देहरादून( शाह टाइम्स ) ।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी का उत्तराखंड आगमन पर प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पुष्पभेंट कर स्वागत किया तथा बाबा केदार की प्रतिकृति भेंट की। इस अवसर पर उनसे उत्तराखंड को बागवानी का अंतराष्ट्रीय हब बनाने तथा पहाड़ों में खेतों की घेरबाड़ के लिए केंद्र सरकार द्वारा सहायता प्रदान करने जैसे विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

# जिला अस्पताल व मेडिकल कालेजों में मिलेगी सम्पूर्ण चिकित्सा सुविधा

■ अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण का खाका तैयार करेंगे अधिकारी ■ शत-प्रतिशत मरीजों को मिलेगा इलाज, रैफर व्यवस्था पर लगेगी लगाम : डॉ रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ कर प्रदेश के जिला अस्पतालों, उप जिला अस्पतालों सहित मेडिकल कॉलेजों को सम्पूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदाता बनाया जायेगा। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण का खाका तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर प्रयासरत है ताकि आम जनमानस को नेक्स्ट लेवल की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध की जा सके। उन्होंने बताया कि विगत दिनों उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के सुधारीकरण को लेकर शासन में उच्च स्तरीय बैठक ली, जिसमें मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन सहित सचिव वित्त और स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारी मौजूदा थे। बैठक में सूबे की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में बदलाव के लिये विस्तृत चर्चा की गई और अधिकारियों को अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण का खाका तैयार करने के निर्देश दिये गये। ताकि जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल और मेडिकल कालेजों को आधुनिक और सम्पूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदाता बनाया जा सके। इसके साथ ही अधिकारियों को जिला अस्पतालों, उप जिला अस्पतालों सहित मेडिकल कालेज में आने वाले शत-प्रतिशत मरीजों को उपचार सुनिश्चित करने और रैफर व्यवस्था पर अंकुश लगाने को भी कहा गया है। विशेष परिस्थिति में ही मरीजों को हायर सेंटर रैफर किया जाय। चिकित्सकों के अवकाश की दिशा में वैकल्पिक व्यवस्था रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये गये।

# आरक्षण को लेकर लोगों में बहुत आक्रोशः प्रीतम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, सदस्य सीईसी व विधायक चकराता प्रीतम सिंह ने कहा कि पंचायत चुनाव की घोषणा सरकार ने की है। कांग्रेस चुनाव को लेकर गंभीर है। हम मजबूती के साथ पंचायत चुनाव को लड़ने का काम करेंगे। आरक्षण के परिपेक्ष में लोगों में बहुत आक्रोश है और लोगों ने इस परिपेक्ष में शिकायते भी दायर की है। अब उन शिकायतों का जब निस्तारण होगा उसके बाद ही पता चलेगा कि यह आरक्षण किस तरह से लागू किया गया है।

# केदारनाथ पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी के पास भूस्खलन

### ■ एक खच्चर संचालक की मौत, तीन लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर जंगलचट्टी के समीप पहाड़ी से मलबा गिर गया, मलबे की चपेट में एक नेपाली व्यक्ति आ गया। जिसको गौरीकुण्ड स्थित हॉस्पिटल लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही तीन अन्य लोग मलबे की चपेट में आ गए, जिनका उपचार गौरीकुंड स्थित अस्पताल में चल रहा है। दोपहर के समय तेज बारिश होने के कारण पैदल यात्रा रोकी गयी, सांय पांच बजे मौसम साफ होने पर यात्रा दोबारा शुरू की गयी। प्रशासन अलर्ट मोड पर है। यात्रा की हर एक गति. विधि पर नजर रखी जा रही है। यात्रियों की सुरक्षा के पूर्ण इंतजाम किए गए हैं।



रविवार का दिन केदारनाथ यात्रा के लिए हाथों से भरा रहा। जहां गौरीकुंड के जंगलों में एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। वही केदारनाथ यात्रा मार्ग पर जंगल चट्टी के निकट भूस्खलन होने से एक नेपाली मजदूर की जान चली गई, जबकि कुछ अन्य लोग हादसे में घायल हो गए। घरेलू का उपचार गौरीकुंड स्थित चिकित्सालय में चल रहा है। दोपहर के समय केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर तेज बारिश और भूस्खलन होने के कारण कुछ घंटों के लिए केदारनाथ यात्रा को सुरक्षा के दृष्टिगत रोकना पड़ा। हालांकि ५ बजे के आसपास मौसम खुलने पर यात्रियों को सुरक्षित तरीके से केदारनाथ भेजा गया। महेन्द्र सिंह पुत्र नवीन सिंह उम्र २१ वर्ष निवासी नेपाल हाल गौरीकुंड की मौके पर ही मौत हो गई। जबकी शगुन शर्मा पुत्री संदीप शर्मा निवासी सिद्धिपुर असमोल जिला संभल उत्तर प्रदेश, मंजू शर्मा पत्नी आरआर शर्मा निवसी पटेल कॉलोनी जयपुर व पंचना सोलंकी पत्नी मगन सिंह सांले. की निवासी मध्य प्रदेश गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलो को उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र गौरकुंड ला गया। वही दूसरी ओर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं से सुरक्षित स्थानों पर रूकने की अपील की जा रही है।

## नलकूप जलने से उदयरामपुर में पेयजल संकट

**कोटद्वार ( शाह टाइम्स )।** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड संख्या 34, उदयरामपुर क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति के लिए बने नलकूप के जलने से लगभग ढाई हजार की आबादी के समक्ष पेयजल संकट खड़ा हो गया है। हालत यह है कि पेयजल के लिए लोगों को दूसरे वार्ड की दौड़ लगानी पड़ रही है। रविवार को स्थानीय निवासी रणवीर सिंह, मनोहर लाल, विकास कुमार, मनमो. हन सिंह व विकास रावत ने बताया कि उदयरामपुर व कलालघाटी सहित आसपास के गांवों में सिंचाई विभाग के नलकूप संख्या 56 से पेयजल आपूर्ति होती है। दो दिन पहले नलकूप के जलने से इन जगहों की लगभग ढाई हजार की आबादी के समक्ष पेयजल संकट खड़ा हो गया है ।मौके पर उन्होंने जल संस्थान से नलकूप के ठीक होने तक टैंकर से पेयजल आपूर्ति करने की मांग की। वहीं इस संबध में नलकूप खंड के सहायक अभियंता अनिल नेगी ने बताया कि नलकूप की मरम्मत का कार्य आरंभ कर दिया गया है।

# विधायक किशोर उपाध्याय ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

### ■ टीएचडीसी-आईएचईटी को बनाया जाए आईआईटी रुड़की का हिल कैंपस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर टीएचडीसी-आईएचईटी (हाईड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज) की जमीनी समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया है। उन्होंने आग्रह किया है कि इस संस्थान को उत्तराखंड के शिक्षा क्षेत्र की शान बनाते हुए इसे आईआईटी रुड़की का पर्वतीय परिसर (हिल कैंपस) घोषित किया जाए।

पत्र में विधायक उपाध्याय ने अवगत कराया कि संस्थान की समस्याओं को जानने के लिए उन्होंने स्थानीय प्रशासन और कॉलेज प्रबंधन के साथ बैठक की, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि आज तक इस कॉलेज को भूमि का आधिकारिक हस्तांतरण नहीं किया गया है। भूमि के स्वामित्व न होने के कारण कॉलेज को कई बुनियादी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे संस्थान की प्रगति बाधित हो रही है।

विधायक ने बताया कि कॉलेज परिसर में सुरक्षा दीवार का अभाव है, जिससे इसकी सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में है। साथ ही परिसर में हो रहे अनधिकृत निर्माण भी चिंता का विषय हैं, जिन्हें तत्काल हटाए जाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी बताया कि कॉलेज में सीवरेज लाइनें न होने के कारण छात्रों और स्टाफ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक उपाध्याय ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इन सभी समस्याओं का समाधान करते हुए टीएचडीसी-आईएचईटी को एक उच्च शिक्षा संस्थान के रूप में विक. सित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

# खेल मैदान बचाने को लेकर जनप्रतिनिधियों ने दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नरेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के कोटेश्वर बांध के निकट स्थित बहुप्रयोजनीय खेल मैदान को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और टीएचडीसी कोटेश्वर बांध परियोजना प्रशासन के बीच टकराव की स्थिति बन गई है। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि टीएचडीसी द्वारा खेल मैदान पर अन्य संस्थान या वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के लिए निर्माण कार्य किया गया, तो वे बाध्य होकर उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

गौरतलब है कि 7 जून को जनप्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने टीएचडीसी कोटेश्वर परियोजना के महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा था।

कोटेश्वर बांध के समीप स्थित यह मैदान वर्षों से युवा क्रिकेट टूर्नामेंट व अन्य खेल गतिविधियों का केंद्र रहा है। स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों की भागीदारी से यह मैदान खेल संस्कृति का हिस्सा बन चुका है। टीएचडीसी के महाप्रबंधक एम.के. सिंह, संजय मेहर, शिव दत्त पेटवाल और प्रदीप असवाल ने मामले पर विचार के लिए समय मांगा और आश्वासन दिया कि अगली बैठक कार्यकारी निदेशक टीएचडीसी भागीरथीपुरम की उपस्थिति में की जाएगी।

## पहले अपने आप से प्रेम करना होगा: चंद्रिका

**श्रीनगर ( शाह टाइम्स )।** प्रजापिता बह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के कला एवं संस्कृति प्रभाग के ओर से रविवार को श्रीनगर के सर्राफा धर्मशाला में संस्कृति, संगीत और आध्यात्म का महोत्सव आयोजित किया गया। इस मौके पर संस्कृति, संगीत और आध्यात्म से कैसे बुरे व्यसनों को अपने जीवन से मुक्त कर सकते है, इस पर विशेष पाठशाला आयोजित की गई। अहमदाबाद विमान हादसे व केदारनाथ के हेलीकॉप्टर क्रैश में हताहत हुए व्यक्तियों के शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। राजयोगिनी बीके चंद्रिका दीदी ने कहा कि सबसे पहले अपने आप से प्रेम करना होगा।

# भारी बारिश के बीच छत डालने का विरो़ध छात्रों ने रूकवाया कार्य

### ■ छात्रों ने कि निर्माण कार्य की जांच व लापरवाही पर कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर में चल रहे भवन निर्माण कार्य को छात्रों ने रुकवा दिया। दरसल भारी बारिश के बीच भवन की छत डाली जा रही थी, जिसको लेकर छात्रों ने आपत्ति दर्ज की।

निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करते हुए छात्रों ने मौके पर छत डालने का कार्य रुकवा दिया। हालांकि दोपहर बाद बारिश बंद होने के बाद निर्माण कंपनी द्वारा पुन: छत डालने का कार्य शुरू कर दिया गया। वहीं, छात्रों ने निर्माण कार्य की जांच व इस तरह की लापरवाही पर कार्यवाही की मांग की है।

रविवार को गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर में निर्माणाधीन प्रयोगात्मक लैब भवन का छत डाला जा रहा था। सुबह नौ बजे से बारिश जारी होने के बावजूद निर्माण कार्य में जुटी कंपनी द्वारा छत डालने की प्रक्रिया जारी रखी गई। जैसे ही बारिश में निर्माणाधीन भवन की छत डाले जाने की सूचना छात्रों को लगी, छात्रों ने मौके पर पहुंच हंगामा करते हुए कार्य बंद करवाया।

एबीवीपी नेता महिपाल बिष्ट ने कहा कि गढ़वाल विवि में चल रहे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। कहा कि भारी बारिश के बीच लेंटर डाला जाना गुणवत्ता से समझौता है। कहा कि इस तरह के निर्माण से भविष्य में कोई दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने बारिश के दौरान पड़े लेंटर को साफ कर पुन: नए सिरे से लेंटर डाले जाने की मांग की। कहा कि विवि के अधिकारियों से भी कार्यदिवस में इस संबंध में वार्ता की जाएगी।

## एक नजर .......

### केंद्रीय विद्यालय के कक्षा संचालन पर जताई खुशी

**कोटद्वार ( शाह टाइम्स )।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने कोटद्वार में केंद्रीय विद्यालय के कक्षा संचालन पर हर्ष व्यक्त किया है। कहा कि इससे पूर्व सैनिकों की लंबित मांग पूरी हो गई है। इस संबध में रविवार को अपर कालाबड़ स्थित परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार में केंद्रीय विद्यालय का खुलना सौगात से कम नहीं है। केंद्रीय विद्यालय के लिए परिषद सहित अन्य क्षेत्रीय सामाजिक संगठन भी सक्रिय रहे। परिषद सभी राजनेताओं और शासन प्रशासन का आभार व्यक्त करती है। मौके पर अहमदाबाद विमान हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

### काल भैरव मंदिर में स्थापित किए 121 शिवलिंग

**श्रीनगर ( शाह टाइम्स )।** विकासखंड कीर्तिनगर के तल्यामंडल में काल भैरव के नए मंदिर के निर्माण कार्यों का उद्घघाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नए मंदिर में 121 शिवलिंगों को स्थापित किया गया। आगामी 11 दिनों तक मंदिर में विशेष पूजा,जागरण व भंडारे का आयोजन किया जायेगा। मान्यता है कि यहां आने वाले व्यक्ति को पारीवारिक दुखों, स्वास्थ्य समस्या से लेकर अन्य परेशानियों से निजात मिलती है। शनिवार को कलश यात्रा व विशेष पूजा के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पूजा अनुष्ठान के लिए वृंदावन, काशी व बनारस से विशेष रूप से पंडितों व व्यास को बुलाया गया। मौके पर पंडित हेमंत गुरु, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि से जुड़े सदस्यों, सुरेंद्र मोहन, ध्यान सिंह, नंदी महाराज, शोंीान लाल, अंकित समेत बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। इस मौके पर काल भैरव सेवा दल द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया।

### 'बज्म-ए-आम' पर हुई चर्चा



**देहरादून।** कश्कोल कलेक्टिव की ओर से इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में 'बज्म-ए-आम' के नाम से एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें आम को समर्पित विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस आयोजन में कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की, जिनमें प्रसिद्ध समाजस. `वी डॉ. सैयद फारूक और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद विशेष रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में इतिहासकार सोहेल हाशमी और पत्रकार सोपन जोशी के साथ एक परिचर्चा, अश्हर हक द्वारा किस्सागोई, शेफ सादफ हुसैन ने आम पर आधारित पाँच कोर्स का विशेष भोजन, और ढोलक रानी की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस प्रस्तुति में शिवांगिनी वाई. युवराज, ईशा प्रिया सिंह, ईशान शर्मा और अर्चित आनंद शामिल थे।

### ध्याणियों ने निकाली क्लश यात्रा



**उत्तरकाशी।** पौंटी गांव में ध्याणी मिलन समारोह का तीन दिवसीय आयोजन किया गया। पौंटी गांव में भद्रकाली मंदिर में मां भद्रकाली की देव डोली मंदिर के गर्भगृह से बाहर निकल गई। रात्रि को भजन संध्या का आयोजन किया गया है। रविवार को पौंटी गांव में भद्रकाली मंदिर परिसर में सभी ध्याणी इकट्ठी हुई और झमाझम बारिश के बीच हजारों की तादाद में ध्याणियों की ओर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा पौंटी गांव से होते हुए पैदल बिराल खोप स्थिति यमुना जी का जल भर कर वापस पौंटी भद्रकाली मंदिर में पहुंची जहां ग्रामीणों द्वारा ध्याणियों के क्लश यात्रा का स्वागत किया है। सोमवार को हजारों ध्याणियों का मिलन समारोह में सम्मानित किए जाएंगे। इस मौके पर पुजारी कुलानंद बहुगुणा, बुद्धि राम बहुगुणा, किसन देव बहुगुणा, प्रमोद बहुगुणा, रामप्रसाद बहुगुणा, महिमा नंनद तिवारी, अध्यक्ष विरेंद्र सिंह भंडारी व अध्यक्ष लाता असवाल मौजूद रहे।

# भाजपा प्रतापनगर व मुखेम मंडल की बैठक संपन्न

### ■ मोदी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भारतीय जनता पार्टी प्रता. पनगर एवं मुखेम मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक लंबगांव में आयोजित की गई, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ११ वर्षों की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक में संगठन की मजबूती और योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर विशेष चर्चा हुई।



बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विजय पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते ११ वर्षों में देश के गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए ऐतिहासिक निर्णय और योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि हर व्यक्ति को इनका लाभ मिल सके।

बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाल ही में अहमदाबाद से केदारनाथ जा रहे विमान हादसे में मारे गए पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित अन्य मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की।

बैठक में मनोज रमोला, बसंत चौहान, भाजपा जिला मंत्री डॉ. भान सिंह नेगी, जिला उपाध्यक्ष जयेंद्र सेमवाल, भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री ममता पंवार, गुप्ता बिष्ट, मुरारी रांगड़, राहुल राणा, रमेश रतूड़ी, नंदकिशोर पैन्यूली, राजपाल राणा, बलबीर असवाल, राकेश रांगड़, सत्य प्रसाद डिमरी, संजय रावत, सोहन रांगड़, खुशीराम सेमवाल, कुलदीप बगियाल, नरेश उनियाल, नीरज, जसवीर, विशन चंद रमोला, विजयपाल मिश्रवाण सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थत्यूड़ में भाजपा की मंडल बैठक आयोजित

### ■ सेवा, सुशासन व जनकल्याण की उपलब्धियां गिनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़ ( टिहरी गढ़वाल )।** भारतीय जनता पार्टी जौनपुर मंडल की एक अहम बैठक सोमवार को थत्यूड़ विकासखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्षों की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की उपलब्धियों के उपलक्ष्य में किया गया।

तेज बारिश के बावजूद कार्यकर्ताओं में जोश कम नहीं दिखा। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता दर्ज कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे और केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृतकों की आत्मा की शांति को 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त गीता रावत,सुनील थपलियाल, अकबीर पंवार, विनीता रावत, खेमराज भट्ट, राजेंद्र कोहली, पृथ्वी रावत, वीरेंद्र राणा, कुलबीर रावत, रामप्रकाश भट्ट, ओमप्रकाश गौड़ आदि उपस्थित रहे।

# ई-संस्कृत ज्ञान प्रतियोगिताओं के लिए पंजीकरण पांच से

### ■ नर्सरी से कक्षा दो के छात्रों कर सकते प्रतियोगिता में प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार की ओर से प्रदेश स्तरीय संस्कृत गान प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिसके लिए 5 जुलाई से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू किए जायेंगे।

पौड़ी के संयोजक सुनील ने बताया कि संस्कृत अकादमी हरिद्वार के ओर से संस्कृत गान प्रतियोगिता के तहत जनपद स्तरीय ई-संस्कृत ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता के लिए आनलाइन आवेदन 5 जुलाई से शुरू होगी, वीडियो प्रेषण 15 जुलाई और दर्शकों की गणना 25 जुलाई तक रात्री 8 बजे तक होगी। 5 अगस्त को परिणामों की घोषणा की जायेगी। प्रथम पुरस्कार 3100, द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वालों को 2100 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को 1500 रूपये की नकद धनराशि प्रदान कि जायेगी। सखथ ही ई-प्रमाण पत्र भी प्रदान की जायेगी। बताया कि 13 जनपदों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में सर्वाधिक दर्शन संख्या प्राप्त करने पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 1500, द्वितीय 1200, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को 1000 रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी।

# गुल्डी गांव में सोलर पंपिंग योजना बनी ग्रामीणों की लाइफलाइन

### ■ जल जीवन मिशन के तहत 44 लाख की लागत से बनी योजना से 55 परिवारों को मिला राहत का पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के चंबा विकासखंड स्थित गुल्डी गांव में निर्मित सोलर पंपिंग पेयजल योजना ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही है। केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी इस योजना ने न केवल गांव के लगभग ५५ परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया है, बल्कि वर्षों से चली आ रही पानी की किल्लत को भी पूरी तरह समाप्त कर दिया है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के 'हर घर जल' संकल्प के तहत चल रही जल जीवन मिशन योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ और गुणवत्तायुक्त पेयजल पहुंचाना है। इसी दिशा में जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल के मार्गदर्शन में उत्तराखंड पेयजल निगम चंबा द्वारा गुल्डी गांव में सोलर पंपिंग पेयजल योजना को ४४ लाख रुपये की लागत से क्रियान्वित किया गया है। अधिशासी अभियंता के.एन. सेमवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि गुल्डी गांव में ग्रेविटी आधारित जल स्रोत उपलब्ध न होने के कारण यहां सोलर पंपिंग प्रणाली अपनाई गई। योजना के तहत गांव के नीचे स्थित जल स्रोत से पानी को टेप कर, सोलर पंपिंग के माध्यम से गांव के ऊपर बनाए गए जलाशय तक पहुंचाया जाता है। इस जलाशय की क्षमता ३० हजार लीटर है, जिससे नियमित रूप से ५० से ५५ परिवारों को पानी की आपूर्ति की जा रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि इस पंपिंग स्टेशन का संचालन और रख-रखाव ग्राम पंचायत गुल्डी द्वारा किया जा रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर स्वामित्व की भावना भी विकसित हो रही है और व्यवस्था अधिक प्रभावी रूप से संचालित हो रही है।

ग्राम प्रधान परमजीत सिंह सजवान ने योजना के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पहले गांव में पीने का पानी चंबा से पंपिंग द्वारा आता था, जिसकी आपूर्ति अनियमित थी और दो-तीन दिन में पानी गांव तक पहुंचता था। लेकिन वर्ष २०२२-२३ में सोलर पंपिंग योजना के तहत बनाए गए स्टोरेज और सप्लाई टैंक ने इस समस्या को पूरी तरह खत्म कर दिया है। उन्होंने इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए केंद्र और राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पहल वास्तव में ग्रामवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों को रोजाना पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ता और जल संकट का स्थायी समाधान मिल चुका है। गुल्डी गांव में सोलर पंपिंग योजना का यह उदाहरण न केवल पेयजल संकट के समाधान की मिसाल है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि स्थानीय आवश्यकताओं और संसाधनों के अनुरूप योजनाएं बनाकर उन्हें कैसे जनकल्याण का साधन बनाया जा सकता है।

## पंचायत चुनाव: आरक्षण पर 213 आपत्तियां प्राप्त

**गोपेश्वर ( शाह टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तहत जनपद में विभिन्न पदों पर आरक्षण सूची जारी होने के बाद जिला प्रशासन ने आरक्षण को लेकर आपत्तियाँ मांगी थीं। अंतिम तिथि 15 जून (आज ) तक कुल 213 आपत्तियाँ प्राप्त हुई हैं। आरक्षण को लेकर प्रधान पद पर सर्वाधिक 102आपत्तियाँ दर्ज की गई हैं। इसके अलावा बीडीसी (क्षेत्र पंचायत सदस्य) पद पर 69, जिला पंचायत सदस्य पद पर 29 और ब्लॉक प्रमुख पद पर 13 आपत्तियाँ प्राप्त हुई हैं। जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त सभी आपत्तियों की गंभीरता से जांच कर नियमानुसार निस्तारण 17 जून तक किया जाएगा।

# 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग का समापन

### ■ संघ शताब्दी वर्ष के संकल्पों को लेकर सेवा और संगठन की राह पर अग्रसर स्वयंसेवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तराखंड की ओर से आयोजित 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग का समापन बौराड़ी स्टेडियम में हुआ। प्रशिक्षण प्राप्त 191 स्वयंसेवकों ने शारीरिक अभ्यास, योगासन, नियुद्ध, दंड युद्ध कौशल और घोष का ऐसा अनुशासित प्रदर्शन किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित प्रशास. निक व जनप्रतिनिधि वर्ग की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्र प्रचारक महेंद्र ने संघ की पृष्ठभूमि और भविष्य के संकल्पों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल शूरवीर सिंह नेगी ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्गों से युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और संगठनात्मक भावना का विकास होता है। कैलाश मैलाना, जिला संघचालक सत्य प्रसाद सेमवाल, विभाग प्रचारक धनंजय सिंह, पारस, राहुल, मनोज, राकेश बडोनी, रविंद्र चौहान के साथ-साथ कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, विधायक किशोर उपाध्याय, शक्तिलाल शाह, विनोद कंडारी, डीएम नितिका खंडेलवाल और नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।

# भाटिया गांव में बाबा बौख नाग मेले में उमड़े श्रद्धालु

### ■ मंदिर परिसर में विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** नौगांव के भाटिया गांव बाबा बौखनाग देवता मेला में भारी संख्या में श्रद्धालुओं उमड़े हैं। बाबा बौख नाग देवता के भाटिया गांव स्थित मुख्य थान में पूजारी द्वारा रविवार को दोपहर में सैकड़ों भक्तों की मौजूदगी में देवता की डोली का मंदिर परिसर में विधि विधान पूजा -अर्चना की है । इस दौरान जयकारों के साथ भक्तों ने बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया तथा क्षेत्र की खुशहाली की मन्नतें मांगी।



रविवार को नौगांव के भाटिया प्रथम में मंदिर इस अवसर पर ग्रामीणों ने स्थानीय संस्कृति पर आधारित रसौ तांदी नृत्य भी किया। इस दौरान थोलूका मैदान में बाबा बौखनाग देवता का भव्य मेले का आयोजन किया गया।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी बड़कोट बृजेश तिवारी, समिति के अध्यक्ष जयेंद्र सिंह रावत, माली संजय प्रसाद डिमरी, सचिव गोपाल सिंह बिष्ट, शिव शरण डिमरी, शयाम डोभाल, गुलाब सिंह पंवार, चंद्र मोहन पंवार, यशवंत सिंह रावत, विशाल मणि डिमरी, कीर्तिमणी डिमरी, विनोद रावत, मुंशीराम डिमरी, देवेंद्र सिंह, रमेश चंद्र रमोला, सफारी लाल, भागवत डिमरी, धर्मानंद डिमरी , आजाद इंजीनियरिंग प्रवीन राज डिमरी थे।

# आर्यन एविएशन कंपनी ने नियमों की अनदेखी करके उड़ाया हेलीकॉप्टर

■ हेली कंपनी के अकाउंटेबल मैनेजर एवं मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज
■ सुबह 6 से 7 बजे तक उड़ान का था स्लॉट, 5.30 से पहले ही उड़ान भरी
■ बीएनएस 2023 की धारा 105 तथा वायुयान अधिनियम 1934 में मुकदमा



एफ. फहीम 'तन्हा'

**देहरादून।** केदारनाथ में यात्रा में हेलीकॉप्टर कंपनियां किस तरीके से यात्रियों की जान से खिलवाड़ कर रही हैं। इसका सबसे ज्वलंत और प्रमाणिक उदाहरण रविवार को गौरीकुंड में क्रैश हुआ आर्यन एविएशन कंपनी के हेलीकॉप्टर से बड़ा उदाहरण देखने को नहीं मिल सकता है। प्राथमिक जांच पड़ताल के बाद रविवार को ही फाटा पुलिस थाने में आर्यन एविएशन हेली कंपनी के दो अधिकारियों अकाउंटेबल मैनेजर कौशल पाठक और मैनेजर विकास तोमर के खिलाफ लापरवाही बरतने के लिए बीएनएस 2023 की धारा 105 (लापरवाही के कारण मौतों के जिम्मेदार) तथा वायुयान अधिनियम 1934 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस लापरवाही का खामियाजा 7 जिंदगियों के अंत के रूप में सबके सामने आया है। प्रथम दृष्टया हुई जांच पड़ताल में सामने आया है कि कंपनी द्वारा अपने निर्धारित समय सुबह 6 बजे से 7 बजे तक की पहली उड़ान के शेड्यूल टाईम से पहले ही हेलीकॉप्टर उड़ा दिया गया, और ना ही मौसम का ध्यान रखा गया।

## डीजीसीए व यूसीएडीए की एसओपी का किया उल्लंघन

प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्यन एविएशन प्रा.लि को 15 जून 2025 को हेलीकॉप्टर उड़ान के लिए प्रात: 06 बजे से 07 तक प्रथम स्लॉट आवंटित हुआ था जबकि उपरोक्त दुर्घटना सुबह प्रात: लगभग 05.30 बजे हुई है। डीजीसीए एवं यूसीएडीए द्वारा जारी नियमों के अनुसार एसओपी के पालन के लिये एक व्यक्ति की तैनाती होनी जरूरी है तथा जो फ्लाईंग स्लॉट आवंटित किये जाते हैं उनका कड़ाई से अनुपालन किया जाना चाहिए। जोकि बेस मैनेजर द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। डीजीसीए एवं यूसीएडीए द्वारा जारी एसओपी के अनुसार टेक ऑफ से पूर्व मौसम की स्थिति को चेक किया जाना आवश्यक है। आरोप है कि रविवार को प्रात: काल से ही बादल एवं धुंध छाई हुई थी जिसके बावजूद हेलीकॉप्टर का संचालन किया गया तथा एसओपी की अनदेखी की गयी। रिपोर्ट में कहा गया है कि आर्यन एविएशन प्रा.लि. एवं इसके मैनेजर विकास तोमर तथा अकाउंटेबल मैनेजर कौशल पाठक यह भली भांति जानते थे कि एसओपी की अनदेखी करने से यात्रियों की जान-माल की क्षति हो सकती है। दुर्घटना से स्पष्ट है कि आर्यन एविएशन प्रा.लि. द्वारा डीजीसीए एवं यूसीएडीए की एसओपी का पालन नहीं किया गया एवं अपने दायित्वों को प्रति घोर लापरवाही बरती गयी जिससे दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई।

## सुरक्षित यात्रा को कुछ कदम उठाना जरूरी

हेली सेवाओं को देखते हुए अब सरकार को शायद कुछ जरुरी कदम उठाने भी जरुरी होंगे। जैसे कि हवाई क्षेत्र की क्षमता कितनी है और कितनी बार हेलीकॉप्टर उड़ानें संचालित की जा सकती हैं? यह एक बेहद जरूरी और गंभीर सवाल है, खासकर चारधाम यात्रा जैसे जोखिमपूर्ण और संवेदनशील रूट्स के लिए। हवाई क्षेत्र की वहन क्षमता को वैज्ञानिक तरीके से आंकना जरूरी होता है। यह तय करना होता है कि कितने हेलीकॉप्टर एक समय में सुरक्षित रूप से उड़ सकते हैं, खासकर बदलते मौसम और कठिन भौगोलिक स्थितियों को देखते हुए। साथ ही, रूट प्लानिंग, वैकल्पिक मार्ग, और आपातकालीन लैंडिंग जोन जैसी चीजों का भी अध्ययन जरूरी है।

# राजीव ने हैलीकॉप्टर हादसे पर जताया दु:ख

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश कमेटी के प्रदेश सचिव राजीव कुमार ने केदारनाथ घाटी में हुए हैलीकॉप्टर हादसे पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए मृतकों के प्रति शोक एवं उनके परि. जनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

राजीव कुमार ने कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग पर राज्य सरकार की लापरवाही के चलते लगातार हो रहे हैलीकॉप्टर हादसे अत्यंत ही दुखद हैं जिसमें तीर्थयात्रियों को असमय काल कल्वित होना पड़ा है। राजीव कुमार ने हैलीकॉप्टर हादसों के लिए राज्य सरकार की कार्यप्रणाली एवं विभागीय लाप. रवाही को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि चारधाम यात्रा में लगातार हो रही हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं से अच्छा संदेश नहीं जा रहा है जिसका असर न केवल राज्य के पर्यटन व्यवसासय व चारधाम यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पर पड़ रहा है अपितु राज्य के पर्यटन पर भी पड रहा है जो यहां की आम जनता की आय का एकमात्र स्रोत है। लापरवाही के कारण तीर्थ यात्रियों को इसका खामियाजा अपनी जान देकर भुगतना पड़ रहा है।

कहा कि निजी हैलीकॉप्टर कम्पनियों द्वारा जिस प्रकार बिना सुरक्षा इंतजामात के तीर्थ यात्रियों की जान जोखिम में डलकर हैलीकॉप्टरों की अनियमित उड़ाने की जा रही हैं।

उन्होंने एक बार फिर राज्य सरकार से मांग करी कि वो हैली सेवाओं के मामले में सख्ती से और ट्रैफिक नियमावली को लागू करवाए व यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि हेलिकॉप्टर्स की सफाई ऑडिट व उनके अन्य सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू किया जाए।

# 2022 को भी आर्यन एविएशन का हेलीकॉप्टर हुआ था दुर्घटनाग्रस्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में हेलीकाप्टर हादसों का पुराना इतिहास रहा है। समय-समय पर यहां हेलीकाप्टर दुर्घटनाएं होती रहती हैं, बावजूद इसके हेली संचालक लाप. रवाही बरतना नहीं छोड़ती हैं। खराब मौसम में भी उड़ाने चालू रहती हैं और फिर इस प्रकार की दुर्घटनाएं घट जाती हैं। 18 अक्टूर 2022 में केदारनाथ धाम से यात्रियों को लेकर गुप्तकाशी आ रहा आर्यन एविएशन का ही हेलीकाप्टर गरूड़चटटी में अचानक मौसम खराब होने के कारण क्रेश हो गया था। जिसमें पायलट सहित सात लोगों की मौत हो गई थी।



■ 8 अक्टूबर 2022 के हुए हादसे में भी गई थी 7 यात्रियों की जान

केदारनाथ धाम के लिये गुप्तकाशी, फाटा, शिरसी, सोनप्रयाग से प्रत्येक वर्ष आठ से नौ हेली सेवाएं संचालित होती हैं। भले ही हेलीकाप्टर सेवा से बाबा केदार की यात्रा आसान हो जाती है, लेकिन हेली केदारनाथ की संकरी घाटी में हेलीकाप्टर की सवार करना कभी-कभार खतरनाक भी होता है। केदारनाथ धाम सहित रामाबाड़ा वाली घाटी का मौसम कब बदल जाय, कुछ पता नहीं चलता है। अचानक यहां धूप खिली रहती है तो उसी समय यहां धुंध भी जाती है और बिजलीबिटी शून्य हो जाती है। जो कि हेलीकाप्टर दुर्घटना का कारण बन जाती है। समय-समय पर हेली दुर्घटनाएं होने के बावजूद भी कई बार खराब मौसम में उड़ाने जारी रहती हैं। सबसे अहम बात यह है कि यहां कोई एयर ट्रैफिक कंट्रोम रूम भी नहीं है, जिससे यहां इमरजेंसी में कोई मदद पहुंचाई जा सके।

# मौसम खराब होने पर नानी व नातिन रूके थे केदारनाथ धाम में

■ हेलीकॉप्टर क्रैश में नगीना के नानी एवं नातिन की गई जान
■ पहले ही पहुंच चुके नाना हेलीपैड पर करते रहे इंतजार
■ काफी देर तक हेली कंपनी परिजनों को करती रही गुमराह




शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** उत्तर प्रदेश के नगीना (जनपद बिजनौर) का एक परिवार केदारनाथ धाम की यात्रा पर गये थे। कुछ यात्री तो शनिवार सांय को ही केदारनाथ धाम की यात्रा करके नीचे लौट गये, लेकिन नानी और नातिन मौसम खराब होने के कारण केदारनाथ धाम में फंस गये। रविवार सुबह वह हेलीकॉप्टर में सवार होकर केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी की आ रहे थे, लेकिन हेलीकॉप्टर क्रैश होने के कारण नानी और नातिन की जान चली गई।

गुप्तकाशी में आर्यन हेलीपैड पर अपनी पत्नी विनोदा देवी और पोती तुष्टि सिंह का इंतजार कर रहे धर्मपाल सिंह ने बताया कि अपनी पत्नी, दो पौत्र और नातिन (बेटी की लड़की) के साथ केदारनाथ धाम की यात्रा पर गये थे। दो शटलों में उनको विभाजित किया गया था। उनके पौत्र और वे खुद तो शनिवार शाम को ही केदारनाथ धाम से वापस आ गये थे। लेकिन उनकी पत्नी और नातिन मौसम खराब होने के कारण धाम में ही फंस गये थे।। वह गुप्तकाशी में पत्नी व नातिन का इंतजार कर रहे थे। सुबह के समय जैसे ही हेलीकाप्टर क्रैश की सूचना मिली, वह शीघ्र ही हेलीपैड पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि पहले तो उन्हे हेली कंपनी की और से गुमराह किया गया। कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई, बाद में स्थिति स्पष्ट हो पाई।

## घास काटने गये नेपाली लोगों ने दी दुर्घटना की जानकारी

**रुद्रप्रयाग।** रविवार सुबह गौरीकुंड के निकट कुछ नेपाली मूल की महिलाएं और पुरुष गौरीकुंड से लगभग छह से सात किमी दूर जंगलों में घास लेने गये। इस दौरान कुछ महिलाओं ने यहां एक स्थान पर भयंकर धुआं उठते हुए देखा। जिसके बाद वह निकट गये। इस बीच एक नेपाली युवक ने किसी को मोबा. इल से वीडियो कॉल कर दी और हेलीकॉप्टर दुर्घटना होने की सूचना दी। जिसका वीडियो कॉल हुई, उसने वीडियो कॉल को रिकॉर्ड कर दिया और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। जिसके बाद हेलीकाप्टर क्रैश होने का पता चल पाया और रेस्क्यू टीम मौके लिये रवाना हुई। अगर यह नेपाली मूल के लोग हेलीकॉप्टर दुर्घटना की जानकारी नहीं देते तो, हेलीकॉप्टर को ढूंढने में काफी समय लगता। जहां यह हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वहां घना जंगल है और गौरीकुंड से यहां की दूरी पांच किमी से भी अधिक है।

# महाराज ने हेलीकॉप्टर हादसे को बताया दुर्भाग्यपूर्ण



■ मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोकनिर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने केदारनाथ से गुप्तकाशी लौट रहे हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना को बेहद चिंताजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सभी मृतकों के प्रति गहरी संवेदा एवं दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस हादसे की जांच करवायेगी।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार सुबह केदारनाथ से गुप्तकाशी लौट रहे हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना को बेहद चिंताजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए हैलिकॉप्टर में सवार सभी मृतकों के प्रति गहरी संवेदा एवं दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि आर्यन एविएशन का जो हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है उसका बड़ा कारण मौसम की खराबी रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर रेस्क्यू में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टिया दुर्घटना का कारण मौसम की खराबी रहा है लेकिन सरकार इसकी जांच करवायेगी और हादसे के कारणों का पता लगायेगी।

## विधायक आशा नौटियाल ने हेलीकॉप्टर हादसे को बताया दुखद एवं पीड़ादायक

**देहरादून।** केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने रविवार सुबह हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना पर कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मृतकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। कहा कि यह घटना बहुत दुखद एवं पीड़ादायक है। उन्होंने बाबा केदारनाथ से घटना में हताहत हुए पुण्य आत्माओं की शांति व शोकाकुल परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। कहा कि सरकार द्वारा इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जाँच की जाएगी और दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक आशा नौटियाल ने घटना के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर वार्ता कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई व घटना में मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजे एवं हरसंभव मदद की माँग की।



## अमित शाह और नायडू ने भी जताया शोक

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर केदारनाथ हेली दुर्घटना की जानकारी ली और केंद्र से हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया

# अवैध खनन में सरकार स्वयं संलिप्त: प्रीतम सिंह

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, सदस्य सीईसी व विधायक चकराता प्रीतम सिंह ने राज्य सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रीतम सिंह ने कहा कि अवैध खनन पर अंकुश नहीं लग सकता क्योंकि अवैध खनन में सरकार स्वयं संलिप्त है। जब सरकार संलिप्त कृत्य में हो तो उस पर अंकुश लगाना बड़ा कठिन कार्य हो जाता है।

प्रीतम सिंह ने कहा कि जिन लोगों का दायित्व अवैध खनन को रो. कने के लिए था। वो लोग अवैध खनन में खुद संलिप्त है। पुलिस का काम था कि वह अवैध खनन नहीं होने देते लेकिन खुद पुलिस संलिप्त है। क्योंकि पुलिस सरकार के इशारे

■ पूर्व पीसीसी अध्यक्ष ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

पर काम करती है। यह बात हम नहीं कह रहे हैं अब तो भाजपा के लोग भी कहने लग गए हैं। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान सांसद हरिद्वार त्रिवेंद्र सिंह रावत ने तो लोक सभा में भी इस विषय को उठाया और कहां है कि उत्तराखंड राज्य में के अंदर जो है अवैध खनन हो रहा है।

लेकिन सरकार तब भी जो है इसका संज्ञान नहीं ले रही है। प्रीतम सिंह ने मुन्ना सिंह चौहान का नाम लिये बगेर कहा कि विधायक सड़कों पर उतरकर ट्रैक्टर ट्राली रोकने का काम कर रहे हैं। लेकिन सरकार तब भी जो है इसका संज्ञान नहीं ले रही है। बल्कि किस्त बढ़ाने के लिए दबाव बनाया जाता है उनसे पैसा लिया जाता है और अवैध खनन चल रहा है।

# गोबर-आधरित दीया निर्माण प्रशिक्षण का सफल समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** स्पेक्स देहरादून एवं उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकोस्ट), देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में ऋषिकेश श्यामपुर खदरी खडग माफी, गुलजार फार्म में आयोजित ग्र ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें पर्यावरण अनुकूल हरित व्यवसायों से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत पाँच दिवसीय श्गोबर आधारित दीया निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रमश का सफलतापूर्वक समापन हो गया।

■ स्पेक्स देहरादून एवं उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने की महिलाओं के लिए हरित उद्यमिता की ओर एक सशक्त पहल

इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्थानीय संसाधनों, विशेषत: गोबर का उपयोग करते हुए, इको-फ्रेंडली, जैव-अपघटनीय दीयों के निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना, जिससे वे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर हो सकें।

समापन सत्र के मुख्य अतिथि मृदा एवं कृषि वैज्ञानिक हरी राज सिंह एवं मौसम विशेषज्ञ बालेन्दु जोशी ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में 30 महिलाओं ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से सोनिया बलोदी, रंजना रयाल, अमीषा गैरोला, ममता श्याल, संतोषी राणा आदि शामिल रहीं। सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत लाभकारी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की पहल का हिस्सा बनने की इच्छा व्यक्त की।

# हैली सेवा के नाम पर तीर्थ यात्रियों के जीवन से खेल रही है सरकार: माहरा



■ सरकार की संवेदन हीनता के चलते पांच हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं में दर्जनों तीर्थ यात्री गंवा चुके हैं अपनी जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने केदारनाथ घाटी में बीते 40 दिनों में पांचवीं हेलीकॉप्टर दुर्घटना पर भारी दु:ख व्यक्त करते हुए गहरी चिंता एवं क्षोभ व्यक्त किया है। केदारघाटी में लगातार हो रहे हेलीकॉप्टर हादसे केवल हादसा नहीं, बल्कि सरकार की लापरवाही और संवेदनहीनता के प्रतीक हैं।

करन माहरा ने चारधाम यात्रा में लगातार हो रहे हैलीकॉप्टर हादसों के लिए राज्य सरकार की कार्यप्रणाली को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि चारधाम यात्रा में हेलीकॉप्टर सेवाएं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चलाई जाती हैं, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा हैली सेवाओं के संचालन में सुरक्षा के सभी मानकों को ताक पर रखा जा रहा है। राज्य सरकार का एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम पूरी तरह फेल है तथा खराब मौसम में भी उड़ानों की अनुमति देकर यात्रियों की जिंदगी से खेला जा रहा है। पायलट और यात्रियों की सुरक्षा के लिए सरकार की कोई मानक व्यवस्था नहीं है। हर हादसे के बाद सरकार एक ''रूटीन जांच समिति'' बनाकर मामले को दबा देती है।

## उत्तराखंड सरकार के सामने रखी यह मांग

चारधाम यात्रा में हेलीकॉप्टर संचालन की स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। दुर्घटना के लिए हेलीकॉप्टर कंपनियों की जिम्मेदारी तय की जाए। सरकार की ओर से मौसम, तकनीक और पायलट ट्रेनिंग के मुद्दों पर सख्त दिशा-निर्देश जारी हों। हेलीकॉप्टर सेवाओं को नियमित करने के लिए स्थायी ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम की दुरुस्त व्यवस्था की जाए। करन माहरा ने आज दिनांक 15 जून को हुई हैलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गये श्रद्धालुओं के प्रति गहरा दु:ख प्रकट किया और दिवंगत श्रद्धालुओं के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि हम आस्था के मार्ग को लापरवाही की कब्रगाह नहीं बनने देंगे। कांग्रेस पार्टी इस गंभीर मुद्दे को जनता के बीच मजबूती से उठाएगी और सरकार को जवाबदेह बनाएगी।

# पंचायत चुनाव: 357 आपत्तियां दर्ज

**उत्तरकाशी। (शाह टाइम्स)** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए शुक्रवार मध्य रात्रि को आरक्षण की अनंतिम सूची जारी होने के बाद उत्तरकाशी विभिन्न ब्लॉकों से के स्थानीय ग्रामीणों ने आपत्तियां दर्ज की हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी के. सी. बहुगुणा बने बताया है कि जिले में ग्राम प्रधानों की आरक्षण को लेकर 183, क्षेत्र पंचायत सदस्यों लगभग 124, तथा जिला पंचायत सदस्यों के लिए 50 आपत्तियां दर्ज हुई। जिनकी सुनवाई 16-17 जून को जिलाधिकारी डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट के द्वारा आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। बता दें कि जिले में कुल 521 ग्राम पंचायते, 206 क्षेत्र पंचायतें, और 28 जिला पंचायत सदस्य सीटें हैं।

# हैली दुर्घटना में सात लोगों की मौत दुखद: कांग्रेस

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा शुरू हुए अभी एक महीना कुछ दिन ही हुए हैं लेकिन आज पांचवीं हैलीकॉप्टर दुर्घटना हो गई जिसमें सात लोगों की जान जाने की सूचना है जो अत्यंत दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण है और इसके लिए पूरी तरह से उत्तराखंड की भाजपा सरकार की लचर व लापरवाह हवाई सेवा नियमावली है। यह बात उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने आज सुबह तड़के हुई हैली दुर्घटना की सूचना मिलते ही रुद्रप्रयाग से आधिकारिक जानकारी प्राप्त करने के बाद जारी अपने बयान में कही।



■ अब तक चारधाम यात्रा में पांचवीं हैली दुर्घटना ■ बार बार चेताने पर भी नहीं चेत रही सरकार: धस्माना

धस्माना ने कहा कि विगत दिनों प्रदेश में चल रही हैली सेवाओं के बारे में उन्होंने राज्य सरकार से प्रदेश में एयर ट्रैफिक कंट्रोल नियमावली कड़ाई से लागू करने की मांग की थी और बाकायदा इस बात पर पार्टी द्वारा सख्त आपत्ति दर्ज करवाई गई थी कि हैली कंपनियां पैसा कमाने की आपाधापी और प्रतिस्पर्धा में नियमों की धज्जियां उड़ा रही हैं जिससे यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। धस्माना ने कहा कि आज केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए उड़े हैली ने खराब मौसम के बावजूद उड़ान भरी और पांच मिनट

# पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए अभूतपूर्व कार्य : जोशी

■ कृषि मंत्री ने किया मसूरी विधानसभा क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प सभा का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ
■ शहीद दुर्गामल मंडल एवं श्रीदेव सुमन नगर मण्डल में किए गए कार्यक्रम




मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित विकसित भारत के अमृत काल के दौरान पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के तहत विक. सित भारत संकल्प सभा का आयोजन मसूरी विधानसभा क्षेत्र के शहीद दुर्गामल मंडल एवं श्रीदेव सुमन नगर मण्डल में किया गया।

देहरादून में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहले भारत सैन्य हथियारों का आयात करता था जबकि अब समय ऐसा है कि हम सैनिक हथियारों के निर्यातक के तौर पर लगातार उभर रहे हैं। डिजिटल पेमेंट पर भी भारत अग्रणी है और अब देश के प्रत्येक युवा, महिला, बुजुर्ग के हाथ में डिजिटल पेमेंट यूपीआई जैसी अहम जिम्मेदारी को स्वयं संभाले हुए हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि धारा 370 और 35ए को हटाने का काम भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने किया है।

उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था में काफी उछाल प्राप्त की है। कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में लखपति दीदी बनाने का काम लगातार जारी है, 1.65 लाख के लक्ष्य को पूर्ण करते हुए हम लोग आगे बढ़ रहे हैं। मोदी जी के नेतृत्व में उत्तराखंड की भाजपा सरकार प्रदेशहित के लिए काफी अच्छा काम कर रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम में राज्य मंत्री कैलाश पंत ,विनय रोहिला व श्याम अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, मण्डल अध्यक्ष प्रदीप रावत, सुरेंद्र राणा, पूनम नौटियाल, आरयस परिहार, महामंत्री मनोज छेत्री, अलका कुल्हान, भावना चौधरी, आशीष थापा, अंकित जोशी, ज्योति कोटिया, विष्णु गुप्ता, सुखदेव गुरुंग, निर्मला भट्ट, नीरा थापा, दीपा क्षेत्री, प्रदीप शर्मा, हीरा लाल, मुकेश क्षेत्री और अनुराग सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कांवड़ मेला व्यवस्थाओं के लिए मेयर किरण जैसल ने सरकार से की 3 करोड़ आवंटित करने की मांग

## नए कार्यालय भवन के लिए 10 करोड़ तथा सफाई उपकरणों व वाहनों की खरीद के लिए 15 करोड़ मांगे

**■ तीन नालों के निर्माण सहित कई प्रस्तावों पर वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने तथा अधिकारियों की तैनाती की मांग भी की**



**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलकर कांवड मेले की व्यवस्थाओं के लिए ३ करोड़ रूपए आवंटित करने और नगर निगम द्वारा शासन को प्रेषित की गयी कई योजनाओं के प्रस्तावों पर वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने की मांग की है। राजधानी देहरादून में मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान मेयर किरण जैसल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अगले महीने शुरू हो रहे कांवड़ मेले में ५ करोड़ कांवड़ियों के आने का अनुमान है। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले कांवड़ियों के लिए नगर निगम द्वारा अपने संसाधनों से अस्थाई शौचालयों, मूत्रालयों आदि का निर्माण कराने के साथ उनकी साफ-सफाई, तथा कूड़ा निस्तारण के लिए ५०० अस्थाई कर्मियों की तैनाती, सफाई उपकरण, दवाईयां, चूना, वाहन आदि की व्यवस्था की जाती है। जिसके लिए नगर निगम को ३ करोड़ रूपए का आवंटन किया जाए। मेयर ने मुख्यमंत्री से नगर निगम के नए कार्यालय भवन के लिए १० करोड़ रूपए जारी करने की मांग भी की। मेयर ने बताया कि नगर निगम द्वारा नए कार्यालय भवन का निर्माण अपने वित्तीय संसाधनों से शुरू किया गया है। लेकिन धन की कमी के कारण कार्यालय भवन का निर्माण अधर में लटक गया है। जिसे पूरा करने के लिए १० करोड़ तथा साफ सफाई के लिए आधुनिक मशीनों एवं वाहनों की खरीद के लिए १५ करोड़ रूपए आवंटित किए जाएं।

इसके अलावा देवपुरा में पुराने आईटीआई की भूमि पर प्रस्तावित म्यूजियम एवं पार्किंग निर्माण, शहर में होने वाले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए पावन धाम में स्वास्थ्य केन्द्र से लोकनाथ घाट की पुलिया तक, ज्वालापुर में गुघाल मंदिर के पीछे हनुमान मंदिर से उमर मस्जिद तक तथा जगजीतपुर पीठ बाजार में लक्सर रोड तक नालों का निर्माण तथा स्ट्रीट लाईट पोल को हैरिटेज पोल में परिवर्तित करने के लिए शासन को प्रेषित किए गए प्रस्तावों पर वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने का अनुरोध भी किया। मेयर किरण जैसल ने नगर निगम में अधिशासी अभियंता सिविल एवं लेखाधिकारी की तैनाती भी शीघ्र करने की मांग की। मेयर ने कहा कि अधिकारियों की कमी के चलते कार्यो में अनावश्यक विलंब हो रहा है। इसलिए पूर्णकालिक अधिशासी अभियंता एवं लेखाधिकारी की तैनाती करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाए। इस दौरान मेयर किरण जैसल, मेयर प्रतिनिधि सुभाषचंद्र व रवि जैसल ने मुख्यमंत्री को रूद्राक्ष की माला और गंगाजली भेट की।

# आकाश इंस्टीट्यूट के छात्र अविनाश मेहता ने नीट 2025 में हासिल की 1930 ऑल इंडिया रैंक



**हरिद्वार।** शनिवार को जारी किए गए नीट २०२५ परीक्षा परिणाम में आकाश इंस्टीट्यूट के छात्र अविनाश मेहता ने ५९३ अंकों के साथ १९३० ऑल इंडिया रैंक हासिल की है।

अविनाश मेहता के अलावा इंस्टीटयूट के २२ अन्य छात्रों ने भी परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। जिनमें नूपुर गोयल ने ५७३ अंक हासिल कर ४७५७ और अक्षत गुप्ता ने ५५७ अंक हासिल कर ९२४४ रैंक प्राप्त की। परीक्षा परिणाम जारी होने पर अध्यापकों और छात्रों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। आक.ाश इंस्टीट्यूट हरिद्वार के एकेडमिक हेड मेडिकल विष्णु शर्मा ने बताया कि इंटीट्यूट के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दाखिले की पात्रता हासिल की है। जिनमें निशिका, निष्ठा सर्राफ, प्रज्ञा भारती, इशिता चौहान, अंशिका राणा, आफरीन अहमद, अदिति पायल, दीपक, भूमि राजपूत, उज्जवल, अमन कुमार, विनायक चौधरी, सुहैल अंसारी और हर्षिता बिष्ट ने उच्च रैंक हासिल की। बताया कि परिणाम संस्थान की गुणवत्ता और छात्रों की कड़ी मेहनत का प्रमाण हैं। विष्णु शर्मा ने कहा कि आकाश इंस्टीटयूट हमेशा से छात्रों को मजबूत नींव देने और प्रतिस्पर्धी माहौल में मार्गदर्शन करने के लिए जाना जाता है। इसी का नतीजा है कि बड़ी संख्या में छात्रों ने नीट की मेरिट सूची में जगह बनाई है। सफलता पाने वाले छात्रों ने इंस्टीटयूट के अध्यापकों का अभार जताते हुए बताया कि नीट जैसी कठिन प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करना एक लंबी और कठिन यात्रा है। जिसमें सही मार्गदर्शन और परिश्रम महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर ब्रांच हेड विशाल कुमार, सुमेर सिंह, रूपेंद्र सिंह, मुकुल त्यागी और मृत्युजंय उपाध्याय मौजूद रहे।

## ऑपरेशन लगाम के तहत लकसर कोतवाली पुलिस ने चलाया अभियान




**हरिद्वार।** लकसर कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन लगाम के तहत सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने, रैश ड्राईविंग, सटंट बाजी, शराब के नशे में वाहन चलाने आदि के मामलों में कार्रवाई करते हुए पुलिस एक्ट व मोटर व्हीकल एक्ट के अन्तर्गत चालान कर जुर्माना वूसल किया है। ऑपरेशन लगाम के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार रविवार को लकसर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में सघन चौकिंग अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानो पर शराब व मादक पदार्थो का सेवन, मोडीफाईड साईलेन्सर, हूटर लगे वाहन चालको, शराब पीकर वाहन चलाने वालो, ब्लैक फिल्म लगे वाहनों एवं रैश ड्राईविंग तथा स्टंट करने वालो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान व जुर्माने की कार्रवाई की। जिसमें पुलिस एक्ट के तहत १६ लोगों का चालान कर ४ हजार रूपए, एमवीए एक्ट के तहत ४ हजार रूपए जुर्माना वूसल किया। १ वाहन को सीज किया गया तथा १-१ हजार रूपए के १० चालान कोर्ट को प्रेषित किए।

## केदारनाथ में विमान दुर्घटना की जिम्मेदार कंपनी के प्रबंधन पर दर्ज हो हत्या का मुकद्मा: सुनील सेठी

**हरिद्वार।** महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने केंद्रीय नागरिक उड्यन मंत्री को पत्र लिखकर केदारनाथ में हुई विमान दुर्घटना के लिए संबंधित हेली कंपनी के प्रबंधन पर हत्या का मुकद्मा दर्ज करने की मांग की है। सुनील सेठी ने कहा कि केदारनाथ में बिना मानकों का पालन किए हेली सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। जिससे दुघर्टनाएं हो रही हैं। रविवार को हुई दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी। जिसके लिए संबंधित हेली कंपनी के प्रबंधन पर हत्या का मुकद्मा दर्ज किया जाए और मानकों का पालन नहीं करने वाली कंपनियों को ब्लैक लिस्ट किया जाए। सेठी ने कहा कि चार धाम यात्रा के दौरान हेली सेवा के नाम पर खुलेआम लापर. हवाही बरती जा रही है। मुनाफे के चक्कर में मानकों का उल्लंघन कर श्रद्धालुओं की जान जोखिम में डाली जा रही है। जिसके कारण पूर्व में कई दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं। टिकटों की ब्लैक कर श्रद्धालुओं का लगातार शोषण किया जाता है। पत्र लिखकर मांग करने वालो में मुख्य रूप से प्रीतकमल, सुनील मनोचा, सोनू चौधरी, रवि बांगा, अनिल कोरी, एसके सैनी, महेश सिंह, राकेश सिंह, अनिल अरोड़ा, हरीश शर्मा, देवेंद्र अरोड़ा व्यापारी शामिल रहे।



## महंत शुभम गिरी ने की भीमगोड़ा कुंड पर लगी भीम की प्रतिमा के जीर्णोद्धार की मांग



**हरिद्वार।** समाजसेवियों और भीमगोड़ा के लोगों ने पौराणिक भीम कुंड पर स्थापित भीम की खंडित प्रतिमा के जिर्णोद्धार की मांग की है। महंत शुभम गिरी ने बताया कि पिछले दिनों पौराणिक भीमकुंड पर स्थापित महाबली भीम की प्रतिमा खंडित हो गयी थी। प्रतिमा का अंगूठा व गदा क्षतिग्रस्त हो गए हैं। खंडित प्रतिमा का जीर्णोद्वार किया जाए या नई प्रतिमा लगायी जाए। साथ ही भीमकुंड का सौंदर्यकरण भी किया जाए। महंत शुभम गिरी ने कहा कि बड़ी संख्या में भीमकुंड के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु पहुंचते हैं। खंडित प्रतिमा को देखकर श्रद्धालुओं की भावनाएं भी आहत हो रही हैं। श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक एवं समाजसेवी डा. विशाल गर्ग ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के प्रतीकों का संरक्षण संवर्धन किया जाना चाहिए। भीमकुंड पर लगी भीम की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण जरूरी है। कुंभ मेले से पूर्व भीमकुंड के सोन्दर्यकरण के काम को तेजी के साथ किया जाना चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के साथ हरिद्वार की पहचान है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से भीमकुंड के सौंदर्यकरण की मांग के साथ प्रतिमा को ठीक करने की मांग की।

## नॉर्थ इंडिया कराटे चौंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे आशिहारा के खिलाड़ी

**हरिद्वार।** पंजाब के लुधियाना में आयोजित की जा रही नॉर्थ इंडिया कराटे चौंपियनशिप में आशिहारा कराटे मिक्स मार्शल आर्ट अकादमी के कई खिलाड़ी शामिल होंगे। आशिहारा के स्टेट सेक्रेटरी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि १६ व १७ जून को आयोजित की जा रही नॉर्थ इंडियन कराटे चौंपियनशिप में पंजाब, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों के करीब ४०० खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। अमित कुमार चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में आशिहारा के १९ खिलाड़ी शामिल होंगे। जिनमें निहाल शर्मा, जय छोकर, समृद्धि चौहान, ऋषभ चौहान, अनुरोध, अजय शर्मा, शिवन्या, तृप्ति, शिवम कुमार, मनीष कुमार, नदीम, गौरव सैनी, कुलश्रेष्ठ, रोहन सैनी, आर्न गुप्ता, दक्ष शर्मा, आरुषि पुंडीर, यश गुप्ता शामिल हैं। अमित कुमार चौधरी ने कहा कि आशिहारा के खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। दो दिवसीय नॉर्थ इंडिया कराटे चौंपियनशिप में सभी खिलाड़ी शानदान प्रदर्शन कर हरिद्वार और उत्तराखंड का नाम रोशन करेंगे।

# सेवा और संस्कृति का प्रमुख केंद्र है जय मां मिशन: स्वामी दयाराम देवाचार्य



**हरिद्वार।** जय मां मिशन की परमाध्यक्ष साध्वी शरण ज्योति मां एवं साध्वी जीवन ज्योति मां की ४० दिवसीय साधना की पूर्णाहूति पर ब्रह्मपुरी स्थित रामतप स्थली धाम में संत समागम का आयोजन किया गया।

संत समागम की अध्यक्षता करते हुए द्वाराचार्य श्रीमद् जगद्गुरू स्वामी योगानन्दाचार्य दयाराम देवाचार्य महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन चक्रवर्ती महामंडलेश्वर उषा माता महाराज द्वारा स्थापित जय मां मिशन सेवा और संस्कृति का प्रमुख केंद्र है। ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी महादेव महाराज ने अपनी गुरू ब्रह्मलीन उषा माता महाराज के पद चिन्हों पर चलते हुए उनके द्वारा स्थापित सेवा संस्कृति को आगे बढ़ाया। उषा माता महाराज एवं महादेव महाराज के ब्रह्मलीन होने के पश्चात साध्वी शरण ज्योति एवं साध्वी जीवन ज्योति के संयोजन में जिस प्रकार मिशन की सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। वह सभी के लिए प्रेरणादायी है। साध्वी शरण ज्योति मां एवं साध्वी जीवन ज्योति मां ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संत महापुरूषों के सानिध्य में प्राप्त ज्ञान से ही शिष्य का कल्याण होता है। वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें गुरू के रूप में ब्रह्मलीन उषा माता महाराज एवं ब्रह्मलीन महादेव महाराज जैसे विद्वान संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि लोककल्याण के लिए ब्रह्मलीन महादेव महाराज ने सर्वप्रथम ४० दिवसीय अनुष्ठान का शुभारंभ किया था और ४० दिन गुफा में रहकर तपस्या की थी। महादेव महाराज के ब्रह्मलीन होने के पश्चात मिशन की सभी साध्वियां इस परंपरा को अनवरत रूप से आगे बढ़ा रही हैं। संत समागम का संचालन कर स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि वयोवृद्ध अवस्था में भी जिस प्रकार साध्वी शरण ज्योति मां एवं साध्वी जीवन ज्योति मां मिशन की सेवाओं का संचालन करने के साथ मानव कल्याण में योगदान कर रही हैं। उससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी दिनेश दास, साध्वी प्रकाश ज्योति मां, साध्वी पूजा ज्योति मां, सुभाष बहल, ठाकुर मानसिंह, जगदीश चावला, सुभाष बटला फौजी सहित कई संत महंत व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अहमदाबाद विमान हादसे के पीड़ितों के साथ है संत समाज: स्वामी भास्करानंद



**हरिद्वार।** अहमदाबाद विमान हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए संत समाज ने सभी मृतकों को श्रद्धांजलि दी और सरकार से मृतकों के परिजनों मुआवजा और सभी मदद उपलब्ध कराने की मांग की। भूपतवाला स्थित दयाधाम आश्रम में श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानन्द महाराज ने कहा कि अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर पूरा संत समाज दुखी और व्यथित है।

मां गंगा हादसे में जान गंवाने वाले सभी मृतकों को शांति प्रदान करे और उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में देश का पूरा संत समाज पीड़ित परिजनों के साथ है। सरकार मृतकों के परिजनों को अधिक से अधिक मुआवजे सहित सभी मदद उपलब्ध कराए। महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद एवं महामंडलेश्वर ललितानंद गिरी ने कहा कि संत समाज विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के दुख में पूरी तरह शामिल है। ऐसे हादसे दोबारा ना हों। इसके लिए सरकार को सभी सुरक्षात्मक उपाय करने चाहिए। महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद, स्वामी दयामूर्ति, स्वामी शिवानंद, स्वामी कमल स्वरूप,साध्वी कृष्णानंद, स्वामी गिरधर गिरी के साथ प्रेमचंद गोयल, श्याम अग्रवाल, सतेंद्र जोशी, पुरूषोत्तम गोयल, सुनील गोयल, शैलेंद्र गुप्ता, प्रमोद बिंदल व राजेश चौधरी आदि श्रद्धालुओं ने भी मृतकों को श्रद्धांजलि दी और मां गंगा से उन्हें मोक्ष प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान सभी संतों ने केदारनाथ में हुई हैलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे लोगों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने शनिवार की देर रात क्षेत्र संदिग्ध वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया हुआ था।तभी लाल पुल के पास पहुंचे तो जटवाड़ा पुल की तरफ से आ रही एक संदिग्ध स्कूटी दिखाई दी स्कूटी पर दो युवक सवार थे।

पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो पुलिस को देखकर स्कूटी मोड कर भागने लगे स्कूटी का पीछे बैठा युवक गिर पड़ा, जबकि स्कूटी चला रहा युवक स्कूटी समेत फरार हो में कामयाब रहा। नीचे गिरे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया उसके पास एक सफेद प्लास्टिक का कट्टा मिला पुलिस ने जब उसे खोलकर देखा तो अवैध ६.८७४ किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। कोतवाली लाकर पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विक्रांत निवासी गांधी नगर कूकड़ा, मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश हाल निवासी रमा विहार बताया है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में रेल चौकी प्रभारी नवीन नेगी, अ, उ,नि,अनिल सैनी,का,अर्जुन,शामिल रहे हैं।

## भूल सुधार

15 जून रविवार के देहरादून अंक में हरिद्वार के पृष्ठ पर रुड़की के दिवंगत नेता मनोहर लाल शर्मा का फोटो नगर पालिका शिवालिक नगर की खबर में गलती से प्रकाशित हो गया है, जिसका हमें खेद है।

# भारी मात्रा में गांजे समेत आरोपी दबोचा



**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली ने भारी मात्रा में गांजे समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से ६.८७६ किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। नशा तस्करी और बिक्री रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाते हुए कोतवाली पुलिस टीम ने जटवाड़ा पुल नहर पटरी के पास एक व्यक्ति को गांजे समेत दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम विक्रांत पुत्र त्रिलोक निवासी गांधीनगर कुकड़ा थाना नई मंडी जनपद मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश हाल निवासी रामविहार कॉलोनी दयाल एनक्लेव जमालपुर थाना कनखल बताया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में एसआई नवीन नेगी, एएसआई अनिल सैनी, कांस्टेबल अर्जुन शामिल रहे।


**IIFL FINANCE**

CIN: L67100MH1995PLC093797
**Regd. Office:** IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया । निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लैटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **23.06.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई-नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो ज़िला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट ज़िला केंद्र पर **10.07.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला-स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर ज़िला-स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्र: **कोटद्वार-देवी रोड जीएल - आईआईएफएल फाइनेंस अंबे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, देवी रोड, कोटद्वार 246149**

**शाखा का नाम: कोटद्वार-देवी रोड जीएल, तालुका - कोटद्वार**

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL32737576, GL33131677, GL33150174, GL33805427, GL34071166, GL34089771, GL34336778, GL34882910, GL34914230.

ई-नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: **16.06.2025**
स्थान: पौडी गढ़वाल

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड



**TATA टाटा कैपिटल लिमिटेड**

टावर ए, 11वीं मंजिल, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर पैरल, मुंबई, महाराष्ट्र-400013, शाखा पता: 09वीं मंजिल, वीडियोकॉन टॉवर, ब्लॉक ई-1, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली- 110055.

**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस**
**(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) आर/डब्ल्यू नियम 9(1) के अंतर्गत)**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के अंतर्गत नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पढ़ा गया।**

**ऋण खाता नंबर 21344607 पुनर्गठित ऋण खाता नंबर TCFLA0374000011058948: मेसर्स एचडीआईएनएन ट्रेडर्स**

सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल लिमिटेड (टीसीएल) एक गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी है और कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित है और इसका पंजीकृत कार्यालय पेनिनसुला बिजनेस पार्क, टॉवर ए, 11वीं मंजिल, गणपतराव कदम मार्ग लोअर परेल, मुंबई-400013 और उत्तरखण्ड में अन्य स्थानों के बीच एक शाखा कार्यालय (''शाखा'')। दिनांक **24.11.2023** के आदेशों के तहत, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) मुंबई ने ट्रांसफरर्स और टाटा कैपिटल के रूप में टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ('टीसीएफएसएल') और टाटा क्लीनटेक कैपिटल लिमिटेड ('टीसीएफएसएल') के बीच व्यवस्था की योजना को विधिवत मंजूरी दे दी है। लिमिटेड (''टीसीएल'') को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 66 और अन्य लागू प्रावधानों के साथ पठित धारा 230 से 232 के प्रावधानों के तहत हस्तांतरिती के रूप में (''कहा गया'') योजना')। इसके संदर्भ में, टीसीएफएसएल और टीसीसीएल (ट्रांसफरर कंपनियां) अपने उपक्रम के साथ सभी संपत्तियों, परिसंपत्तियों, परिसंपत्तियों, अधिकारों, लाभ, ब्याज, कर्तव्यों, दायित्वों, देनदारियों, अनुबंधों, समझौतों के साथ एक चालू चिंता के रूप में टीसीएल में विलय कर चुकी हैं। प्रतिभूतियाँ **01.01.2024** उक्त आदेश और योजना के अनुसरण में, टीसीएफएसएल द्वारा निष्पादित सभी सुविधा दस्तावेज और उनके संबंध में सभी बकाया आवेदक कंपनी को हस्तांतरित कर दिए गए और इस प्रकार टीसीएल इसके संदर्भ में (उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं) से दावा करने का हकदार है।

आम जनता को तथा विशेष रूप से नीचे दिए गए उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो **टाटा कैपिटल लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार/टीसीएल)** के पास बंधक है, जिसका कब्जा टाटा कैपिटल लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **15 जुलाई, 2025 को ''जहां है जैसा है'' और ''जो है जैसा है और जो कुछ भी है पर कब्जा लिया गया है, तथा बिना किसी सहारे के आधार पर'' बेची जाएगी।**

जबकि सुरक्षित ऋण की वसूली के लिए सुरक्षित परिसंपत्ति की बिक्री की जानी है और **चूंकि ऋण खाता नंबर 21344607 के तहत पुनर्गठित ऋण खाता नंबर TCFLA0374000011058948 में के तहत 11 जून 2025 तक ऋणकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं/गारंटरों से रु. 4,52,73,333/- (रु.चार करोड़ बावन लाख तिहत्तर हजार तीन सौ तैंतीस मात्र) की राशि बकाया, 1. मैसर्स एचडीआईएन ट्रेडर्स**, एचडीआईएन कॉम्प्लेक्स हरिद्वार बाईपास रोड, देहरादून, **2. मौ.अहमद** पुत्र हसनोददीन **3. मौ. ज़मा खान, 4. खुशनुमा खान** पत्नी मौ. ज़मा खान, **5. मौ. बिलाल खान, सभी का पता :** लेन सी-7, टर्नर रोड क्लेमेंट टाउन, भारू वाला देहरादून-248002, **6. मौ. अकमल, इसके अलावा:** कारगी ग्रांट, बंजारावाला, देहरादून - 248001, **7. शमा खान** पत्नी मो. अकमल खान कारगी ग्रांट, बंजारावाला, देहरादून - 248001, **8. शनरोज खान** पत्नी अहमद, सी-7/13, टर्नर रोड क्लेमेन टाउन, देहरादून - 248001.

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री में किसी भी प्रकार के स्थगन/विराम के अभाव में उक्त संपत्ति को टीसीएल द्वारा **15 जुलाई, 2025** को अपराह्न **2.00 बजे** ई-नीलामी द्वारा बेचा जाएगा, जिसका शाखा कार्यालय **09वीं मंजिल, वीडियोकॉन टॉवर, ब्लॉक ई-1, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 में है।**
संपत्ति की खरीद के लिए सीलबंद ई-नीलामी ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट के साथ **टाटा कैपिटल लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **14 जुलाई, 2025 को शाम 5.00 बजे** तक प्राप्त की जाएगी।

| सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण | कब्जे का प्रकार रचनात्मक/भौतिक | आरक्षित राशि (रु.) | बयाना राशि (रु.) |
|---|---|---|---|
| **संपत्ति-1: वह समस्त निचला भू-तल क्षेत्रफल 122 वर्ग मीटर तथा ऊपरी भू-तल क्षेत्रफल 107.48 वर्ग मीटर, वाणिज्यिक परिसर जिसे लोकप्रिय रूप से ''एचडीआईएनएन'' के रूप में जाना जाता है, जिसमें भूमि नंबर 1695 (फसली 1417 से 1422) खसरा संख्या 290 मिनि (पुराना खसरा संख्या 429 और 430) तथा खसरा संख्या 447 शामिल है, जो मौजा माजरा, परगना पछवा दून, जिला देहरादून में स्थित है, जिसके उपहार विलेख दिनांक 26.09.2018 को श्रीमती फातिमा शमरोज खान पत्नी मोहम्मद अहमद ज़मा के पक्ष में है। उक्त सीमाऐं: पूर्वः मोहम्मद ज़मा एवं अन्य की संपत्ति, पश्चिमः मोहम्मद इमरान की संपत्ति, उत्तरः श्री जायसवाल की संपत्ति, दक्षिणः हरिद्वार बाईपास रोड** | भौतिक | रु. 2,31,84,000/- (रु. दो करोड़ इकतीस लाख चौरासी हज़ार मात्र) | रु. 23,18,400/- (रु. तेईस लाख अठारह हज़ार चार सौ मात्र) |
| **संपत्ति-2: भूमि खसरा नंबर 1393 (फसली 1420 से 1425) खसरा नंबर 590 क्षेत्रफल 111.60 वर्ग मीटर तथा आच्छादित क्षेत्रफल 86.00 वर्ग मीटर मौजा कारगी ग्रांट, परगना पछवा दून, जिला देहरादून, उक्त सीमाऐं: पूर्वः ग्राम समाज की भूमि, पश्चिमः 30 फ़ोट चौड़ी सड़क, उत्तरः अन्य की भूमि, दक्षिणः श्रीमती सुनीता शर्मा की भूमि।** | | रु. 51,46,000/- (रु. इक्यावन लाख छियालीस हज़ार मात्र) | रु. 5,14,600/- (रु. पाँच लाख चौदह हज़ार छह सौ मात्र) |

बिक्री के लिए रखी जाने वाली संपत्ति का विवरण अनुसूची में है। ऊपर वर्णित सुरक्षित संपत्ति के अंदर या भीतर पड़ी चल वस्तुएं/घरेलू सामान सुरक्षित संपत्ति के साथ बिक्री के लिए तब तक उपलब्ध नहीं होंगे जब तक कि नीलामी बिक्री नोटिस में विशेष रूप से इसका वर्णन न किया गया हो। यदि पूर्वोक्त देय राशि, ब्याज और लागत (बिक्री की लागत सहित) ''प्राधिकृत अधिकारी'' को सौंप दी जाती है या उसके संतोष के लिए सबूत दे दिया जाता है कि ऐसे सुरक्षित ऋण, ब्याज और लागत की राशि का भुगतान कर दिया गया है, तो बिक्री भी रोक दी जाएगी। बिक्री के समय, आम जनता को व्यक्तिगत रूप से अपनी बोली प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। हालांकि, इस बिक्री के संबंध में कोई कर्तव्य निभाने वाला कोई भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति, सीधे या परोक्ष रूप से, बेची गई संपत्ति में कोई भी हित प्राप्त करने, प्राप्त करने या प्राप्त करने का प्रयास नहीं करेगा। बिक्री SARFAESI अधिनियम, 2002 के तहत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। ई-नीलामी **15 जुलाई, 2025** को **अपराह्न 2.00 बजे से अपराह्न 3.00** बजे के बीच पोर्टल **https://BidDeal.in** के माध्यम से 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ होगी।संपत्ति की खरीद के लिए प्रस्तुत सभी बोलियों के साथ ऊपर उल्लिखित बयाना राशि, ''**टाटा कैपिटल लिमिटेड**'' के पक्ष में **दिल्ली** में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में संलग्न होनी चाहिए। संपत्ति का निरीक्षण **04 जुलाई, 2025** को सुबह **11 बजे से शाम 5 बजे** के बीच किया जा सकता है। ''**भार**'' यहाँ वर्णित संपत्ति की नीलामी बिक्री **एसए संख्या 44 ऑफ 2025 के अधीन है, जिसका डायरी नंबर 130/2025 है, जिसका शीर्षक मेसर्स एचडीआईएनएन ट्रेडर्स और अन्य बनाम टाटा कैपिटल लिमिटेड (एनडीओएच 20.06.25) है,** जो वर्तमान में डीआरटी देहरादून में लंबित है और उस पर निर्णय लिया गया है। पक्ष स्वीकार करते हैं कि उक्त संपत्ति डीआरटी देहरादून के समक्ष चल रही कानूनी कार्यवाही का विषय है, और न्यायालय/ट्रिब्यूनल द्वारा जारी किए गए किसी भी परिणाम या निर्देशों का कानून के अनुसार सख्ती से पालन किया जाएगा। सफल बोलीदाता इस प्रकार संपत्ति को उसकी वर्तमान कानूनी स्थिति में स्वीकार करने के लिए सहमत होता है, यह समझते हुए कि संपत्ति को प्रभावित करने वाले किसी भी भार या देनदारियों को नीलामी के बाद बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा। इसके अलावा, बोलीदाता संपत्ति की कानूनी स्थिति और भार के बारे में अपने स्वयं के उचित परिश्रम करने की आवश्यकता को स्वीकार करता है और इससे उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे के खिलाफ विक्रेता को क्षतिपूर्ति करने के लिए सहमत होता है।

**नोट: इच्छुक बोलीदाता टाटा कैपिटल लिमिटेड से मोबाइल नंबर +91-8691005238/ प्राधिकृत अधिकारी श्री देवराज सिंह, ईमेल Id: devraj.singh@tatacapital.com और मोबाइल नंबर +91-9312316519 पर संपर्क कर सकते हैं।**

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए पया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें **http://www.tatacapital.com/content/dam/tata-capital/pdf/e-auction/tcfsl/2nd-E-Auction-Newspaper-Publication-Hdinn-Traders- TCFLA0374000011058948.pdf**

स्थान- नई दिल्ली, दिनांक- 16-06-2025 एसडी/-, प्राधिकृत अधिकारी, टाटा कैपिटल लिमिटेड

### पुलिस की और से फौजी से की गई मारपीट का मामला गरमाया

# पुलिस का यह अमानवीय व्यवहार बर्दाश्त नही होगा: प्रीतम

■ पुलिस अधिकारियों से मामले में कार्रवाई की मांग

■ कार्रवाई ना होने पर त्यूणी थाना घेरने की दी चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** चकराता से कांग्रेस विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रीतम सिंह ने प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर पत्रकारों से चर्चा की। साथ ही त्यूणी थाना क्षेत्र में फौजी से पुलिस कर्मियों द्वारा की गई मार पिटाई मामले में कार्रवाई की मांग की।

दरअसल आपको बता दें कि बीती 12 जून की रात्रि एक फौजी दीपक थापा त्यूणी थाने में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा मार पिटाई की गई थी, जिसको चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने अराजकता बताते हुए सोशल मीडिया पर तीखा विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पुलिस के आला अधिकारियों से मामले में कार्रवाई की मांग की। जिसको लेकर आज प्रीतम सिंह ने कहा कि त्यूणी थाना पुलिस का यह अमानवीय व्यवहार बिल्कुल भी बर्दाश्त के लायक नहीं है, क्योंकि छुट्टी पर घर आए एक फौजी से इस कदर मार पीट करना और उसे धमकाना किसी भी तरह से जायज नहीं है। कहा कि अगर इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई न हुई तो वह स्वयं स्थानीय जनता के साथ 18 जून को त्यूणी थाना घेरेंगे।

वहीं दूसरी ओर उन्होंने प्रदेश में होने जा रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कहा कि कांग्रेस पंचायत चुनाव को लेकर पूरी तरह से तैयार है, और निश्चित ही प्रदेश में कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करेगी। वहीं उन्होंने पंचायत चुनाव आरक्षण को लेकर कहा कि सरकार ने बिना किसी तैयारी के आरक्षण तय किया है जिसमें कई खामियां हैं, जिसमें 18 तारिख तक ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी। प्रेसवार्ता में संजय किशोर, प्रेम प्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### सड़क के नीचे गिरा पड़ा मिला एक घायल व्यक्ति

**सहिया। ( शाह टाइम्स )** चौकी सहिया पुलिस ने एक व्यक्ति जो उदपाल्टा के पास घायल अवस्था में सड़क के नीचे गिरा पड़ा हुआ था उस घायल व्यक्ति देवांशु जोशी पुत्र गिरीश चंद्र जोशी निवासी डाकपत्थर को स्थानीय व्यक्तियों की मदद से प्राइवेट वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहिया लाया गया। प्राथमिक उपचार के घायल व्यक्ति को हायर सेंटर रेफर किया। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति अभी बातचीत करने की अवस्था में नहीं है बाद बातचीत कर घटनाक्रम की जानकारी ली जाएगी तथा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# किरायदारों व बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ चला सत्यापन अभियान

■ सत्यापन न कराये जाने पर किये चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** कोतवाली विकासनगर पुलिस द्वारा दिनकर विहार क्षेत्र में चलाया किरायेदरों व बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 200 व्यक्तियों का किया सत्यापन किया। 7 मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न कराये जाने पर चालान रूपये 70000 रूपये का जुर्माना न्यायालय किया गया तथा 10 चालान पुलिस अधिनियम में कर 2500 नगद वसूले गए। पुलिस ने कहा कि सत्यापन अभियान लगातार जारी रहेगा।

वही दूसरी ओर थाना सहसपुर पुलिस द्वारा रामपुर शंकरपुर चोई बस्ती धर्मावाला सभावाला सिंहनीवाला क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाकर 150 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया तथा 12 मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न कराये जाने पर चालान रूपये 120000 रूपये का जुर्माना किया अध्यारोपित तथा 10 चालान पुलिस अधिनियम में कर 2500 नगद वसूले गए।

### प्रसाद के रूप में ठंडाई का वितरण

**बागेश्वर।** विगत वर्षों की भांति नगर व्यापार संघ बागेश्वर बागेश्वर द्वारा इस बार भी 15 जून को नीम करौली बाबा जी के मंदिर स्थापना दिवस पर एसबीआई तिराहा पर ठण्डाई व प्रसाद के रूप में मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष कवि जोशी ने कहा की लगातार 2 सालों से नगर व्यापार संघ बागेश्वर द्वारा कैची धाम मंदिर के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर नगर के व्यापारियों व स्थानीय लोगों के सहयोग से ठंडाई और मिष्ठान वितरण का भव्य कार्यक्रम किया जाता है। जो भव्य भंडारा आयोजन आगे भी निरंतर यूँ ही चलता रहेगा। इस मौके पर राहुल साह सहसचिव, जगदीश कार्की कोषाध्यक्ष, सुनील पांडे, विपिन लाल साह, जयदीप कुमार योगेश जोशी, प्रकाश पांडे, संस्कार भारती, अज्जू, अनिकेत, तनिष्क थे।

# पुलिस ने तोड़ी अंतर्राज्जीय वाहन चोर गिरोह की कमर, 11 वाहन किए बरामद

■ एक शातिर को किया गिरफ्तार, दो सदस्यों की तलाश जारी, कई थानों के वाहन चोरी के मुकदमों का किया अनावरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** कुशल रणनीति से विकासनगर पुलिस ने तोड़ी अंतरराज्जीय वाहन चोर गिरोह की कमर। पुलिस ने गिरोह के एक शातिर सदस्य को किया गिरफ्तार। गिरफ्तार व्यक्ति के कब्जे से चोरी के 11 दुपहिया वाहन बरामद किए। पुलिस ने गिरोह के फरार चल रहे अन्य 2 सदस्यों की तलाश जारी कर दी है। पुलिस ने कई थानों के वाहन चोरी के मुकदमों का किया खुलासा।

विगत कुछ दिनों में शिकायतकर्ता विवेक निवासी वार्ड नं0 02 भूपपुर सिरमौर हि0प्र0, सोहेल खान निवासी पोंटा सिरमौर हि0प्र0 तथा नन्द लाल निवासी कुंजा कुल्हाल विकासनगर द्वारा कोतवाली विकासनगर आकर शिकायत दर्ज करायी कि अज्ञात चोरों द्वारा अलग अलग स्थानों से उनकी मोटर साइकलें चोरी कर ली हैं। पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर थाना विकानगर में धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात में अलग-अलग मुकदमें दर्ज किये गये। वाहन चोरी की घटनाओं के अनावरण तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा गठित अलग-अलग पुलिस टीमों को आवश्यक निर्देश दिये गये। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थलों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से संदिग्धों के संबंध में जानकारियां एकत्रित की गई। साथ ही स्थानीय मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया।

पुलिस टीम की और से किये जा रहे लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप चैकिंग के दौरान गठित टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बीते रोज रात्रि में कुल्हाल पावर हाउस के पास से साबिर पुत्र इरशाद निवासी कुल्हाल थाना विकासनगर को चोरी वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया।

आरोपी से सख्ती से पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर 10 अन्य दुपहिया वाहन बरामद हुये। बरामद सभी 11 दुपहिया वाहनों में से 3 वाहन कोतवाली विकासनगर में पंजीकृत मुकदमों से सम्बन्धित होना पाया गया। शेष वाहनों के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त के दो अन्य साथियों आबिद जो हिमाचल का रहने वाला है तथा कृष्णा जो कुल्हाल थाना विक. ासनगर क्षेत्र का निवासी है के साथ मिलकर वाहन अलग-अलग स्थानों से चोरी कर कुल्हाल क्षेत्र में जंगल मे छिपाये जाने के सम्बंध में सूचना दी गई। आरोपी साबिर के विरुद्ध थाना पोंटा साहिब में चोरी के 2 मुकदमें दर्ज हैं।

आरोपी वर्तमान में जमानत पर है। पुलिट टीम में निरीक्षक विनोद सिंह गुसाईं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विकासनगर, एसआई विकसित पंवार चौकी प्रभारी कुल्हाल, एसआई संदीप कुमार चौकी प्रभारी बाजार विकासनगर, एसआई संदीप पंवार, सिपाही राजकुमार, गौरव, आशीष एस0ओ0जी0 देहरादून शामिल रहे।

### एक नजर .......

#### आपरेशन लगाम में 37 के खिलाफ कार्रवाई

**सेलाकुई। ( शाह टाइम्स )** ऑपरेशन लगाम से संबंधित दैनिक कार्यवाही में थाना सेलाकुई पुलिस द्वारा ड्रिंक एंड ड्राइव में 1, मोडिफाइड साइलेंसर में 6, रेस ड्राइविंग 3, सार्वजनिक स्थानों पर मादक पदार्थों का सेवन करने पर 18, कोटपा एक्ट में 9 कुल 37 व्यक्तियों के विरूद्व कार्यवाही की गइ।

#### 15 वाहनो का रेशड्राइविग में किया चालान

**सहसपुर। ( शाह टाइम्स )** देर रात्रि प्रभारी निरीक्षक थाना सहसपुर द्वारा अवैध खनन ओवरलोड वाहन रेशड्राइविग के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु सभी हल्का प्रभारी /चौकी प्रभारी धर्मावाला सभावाला को निर्देशित कर थाना स्तर पर विभिन्न पुलिस टीमो का गठन किया गया जिसके फलस्वरूप गठित पुलिस टीमो के द्वारा सहसपुर पर 15 वाहनो का रेशड्राइविग में चालान कर 15000 रुपये जुर्माना वसूल किया गया ।

#### हिमालयन हॉस्पिटल ब्लड बैंक ने मनाया विश्व रत्तफदाता दिवस



**देहरादून। ( शाह टाइम्स )** स्वामीराम हिमालयन विश्वविद्यालय, देहरादून के ब्लड बैंक की और से विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदाता सम्मान समारोह भव्यता के साथ मनाया गया। साथ ही रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। डॉ. अनिल वर्मा को 155 बार रक्तदान करने के साथ ही नेत्रदान और संपूर्ण देहदान संकल्पित होने व राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि हिमालयन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. हेम चंद्रा, विशिष्ट अतिथि रक्तदाता शिरोमणि अनिल वर्मा, एचओडी ब्लड ट्रांसफ्यूजन डॉ. दुष्यंत गौड़, डॉ. (प्रोफेसर) मनीष रतूड़ी, डॉ. यशस्वी धीमान ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि डॉ. हेमचंद्रा ने कहा कि जो लोग रक्तदान करने योग्य हैं वे नियमित रक्तदान अवश्य करते रहें परन्तु जो रक्तदान करने योग्य नहीं हैं वे रक्तदाता प्रेरक की भूमिका निभाते हुए रक्तदान शिविरों का आयोजन करें । ब्लड बैंक के चिकित्सकों डॉ. स्निग्धा जैन, डॉ० वरदान, डॉ० सुमित गुप्ता तथा डॉ. विनी चौधरी ने रक्तदान- जीवनदान पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। डॉ. रोलिका नौटियाल न समस्त चिकित्सकों एवं रक्तदाताओं को स्वैच्छिक रक्तदान अभियान में यथासंभव सक्रिय प्रतिभाग करने की शपथ दिलाई। समारोह संयोजन में डॉ. तुषार भारद्वाज, डॉ० प्रियांक वशिष्ठ, डॉ. लक्षिता नन्दा, डॉ. वंदना भारद्वाज तथा डॉ. बृजेश उप्रेती ने सहयोग किया। सुधीर जोशी मनीष रतूड़ी मौजूद रहे।

# भौरियां देवता मंदिर डूंगीयारा में हजारों श्रद्धालुओ ने किए दर्शन

■ चार गांव के लोगों ने किया भव्य भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** प्रसिद्ध भौरियां देवता मंदिर में रविवार को रावना, पाटी, बुरास्वा और मेहरावना गांवों के संयुक्त तत्वावधान में विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक उत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिसमें खत बनगांव, बिशलाड़, अठगांव, द्वार सहित आसपास के क्षेत्रों से दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भौरियां महाराज के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक विधि-विधान के साथ हुई, जिसमें आचार्य रजत जोशी ने पूजन एवं हवन सम्पन्न कराया। भक्ति भाव से ओतप्रोत इस अवसर पर रावना और पाटी गांव की युवतियों द्वारा भौरियां देवता को चांदी का नाग भेंट स्वरूप अर्पित किया गया, वहीं बुरास्वा की युवतियों ने श्रद्धा भाव से घंटी अर्पित की।

इस आयोजन को सफल बनाने में पुरचंद रावत, किशन सिंह रावत, सरदार रावत, अजब रावत, बारू रावत, खजान रावत, रघुवीर रावत, आनंद चौहान, अजब चौहान, गंभीर रावत, आशाराम जोशी, सुनील जोशी, अतर सिंह चौहान, मातवर चौहान का विशेष योगदान रहा।

### लगातार हो रहे हादसे चिंताजनक: जोशी

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने केदारनाथ में हैलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने पर चिंता व्यक्त की और हादसे में मारे गए व्यक्तियों की आत्मा की शांति एवं उनके परिवार के प्रति गहरी संवे. दनाएं व्यक्त की । उन्होंने कहा कि लगातार हो रही घटनाओं से सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं और यात्रियों में भय पैदा हो रहा है साथ ही सुरक्षित यात्रा का संकल्प सरकार का पूरा नहीं हो रहा यात्रियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही।

# बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त, दो सड़कें बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिले में शनिवार की रात से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कपकोट में दो सड़कें बंद हो गई है। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई है। कपकोट-बागेश्वर मोटर मार्ग स्थित हरसीला के पास मलबा आने से मार्ग अवरुद्ध हो गया। साथ ही कपकोट-कर्मी मोटर मार्ग भी बंद है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि बंद मार्ग खोलने के लिए जेसीबी लगाई गई है। सीजन में पहली बार हुई सर्वाधिक बारिश से जहां सड़कों में मलवा बह आया। वही नदी नाले ऊान पर रहे। बारिश का असर बंद खड़िया खदानों में भी देखने को मिला। खदानों में बाड़ जैसे हालत पैदा हुआ। जिससे खदानों में खड़ी जेसीपी मशीन, डंपर, ट्रेक्टर आदि डूबने के कगार पर जा पहुंचे। लोगों को अब करोड़ों की मशीन मिटी में दबने की चिंता सताने लगी है। जिला आपदा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह से जिले के कपकोट क्षेत्र में 53.20 मिमी बागेश्वर में 16 मिमी तथा गरुड़ में 5 मिमी बारिश हुई है। जबकि बारिश से सरयू नदी का जलस्तर बढ़कर 865.50 मीटर, गोमती नदी का जल स्तर 862.10 मीटर पर रहा। वही रविवार दिन भर ग्रामीण क्षेत्रों दुगनाकुरी, कांडा, कपकोट, गरुड़, बागेश्वर, काफलीगैर में अनवरत होती रही।

# 17 से 22 जून तक आयोजित होगा 'पड़ाव आर्ट मेंटरिंग कार्यक्रम'



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** 17 से 22 जून तक आयोजित होगा 'पड़ाव आर्ट मेंटरिंग कार्यक्रम'

देहरादून। बंगाणी आर्ट फाउंडेशन की और 17 से 22 जून तक देहरादून स्थित 'काया लर्निंग सेंटर' में आयोजित होने जा रहे 'पड़ाव आर्ट मेंटरिंग कार्यक्रम' के बारे में बंगाणी आर्ट फाउंडेशन के संस्थापक एवं प्रख्यात चित्रकार जगमोहन बंगाणी ने जानकारी दी।

उन्होने कहा कि विगत तीन वर्षों से यह कार्यक्रम उत्तराखंड में सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भारत के उत्तरी हिमालयी राज्यों के उभरते कलाकारों को एक रचनात्मक मंच प्रदान करना है। यह एक आवासीय फेलोशिप कार्यक्रम है, जिसमें चयनित युवा प्रतिभाओं को समकाल. ीन कला के विभिन्न पक्षों से परिचित कराया जाता है। कार्यक्रम के दौरान अनुभवी मेंटर्स द्वारा कार्यशालाएं, संवाद सत्र और रचनात्मक गति. विधियाँ आयोजित की जाती हैं, जिनके माध्यम से प्रतिभागियों को उनकी कलात्मक दृष्टि और अभिव्यक्ति को निखारने में मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

आवासीय मेंटरशिप से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि महानगरों और राजधानियों में दृश्य कला में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है, लेकिन पहाड़ी राज्यों के युवाओं के लिए न तो स्थानीय और न ही राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार के आयोजन देखने को मिलते हैं। बंगाणी ने बताया कि पिछले पाँच वर्षों में आयोजित छह कार्यशालाओं (तीन कार्यशालाएँ पहाड़ के रंग नाम (अल्मोड़ा, ऋषिकेश और सुनकिया-मुक्तेश्वर) और तीन कार्यशालाएंख्र "पड़ाव आर्ट मेंटरिंग प्रोग्राम"(काया लर्निंग सेंटर देहरादून, कलाधाम ग्रेटर नोएडा) और अब इस चौथे श्पड़ावश कार्यक्रम सहित, अकेले उत्तराखंड के 52 युवा चित्रकारों को दृश्य कला की गहरी समझ और प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है, जिनमें 22 महिला चित्रकार शामिल हैं। चयनित कलाकारों में उत्तराखंड से अंकित सिंह, दिव्या गुप्ता, हर्षिता लोहानी, नीरज बेबीरी, निखिल भंडारी, निशा रावत, प्रिंसी वर्मा, ऋषभ गिरी, ऋषिका नेगी, रुचिर पंत, साक्षी चमोली, साक्षी रावत, शालिनी भंडारी तथा हिमाचल प्रदेश से जमुना गुरुंग, राघव नाहर, रूपाली, सपना चौहान, सुषमा शर्मा, सुष्मिता राय, के साथ ही मध्य प्रदेश से चित्रकार दिव्या पोरवाल सम्मिलित हैं। आकर्षण बोरा, सुगम गौड़, आकाश और अमित चौहान ख्र जो बंगाणी आर्ट फाउंडेशन की कोर टीम के रूप में जुड़े हुए हैं, भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

# पानी के लिए तरसे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिले के ग्रामीण इलाकों में दर्जनों गांव में पेयजल संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। इन क्षेत्रों में पेयजल योजना के सुचारू रूप से नहीं चलने से पेयजल संकट खड़ा हो गया है। इससे दर्जनों ग्राम पंचायत की तीन हजार से अधिक की आबादी पानी के लिए तरस गई है। जिले के लमगड़ा, धौलादेवी, हलवाबाग, भैसियाछाना समेत आदि विकासखंड में पेयजल आपूर्ति चरमरा गई है। बीते डेढ़ माह से नलों में पानी नहीं आया है। मजबूरन ग्रामीण नौले धारों के सहारे अपनी प्यास बूझाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने कहा कि समस्याओं को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को अगवत कराया गया। लेकिन समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने जल्द पेयजल समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग उठाई। इधर, रविवार को तलेट, कांडे नौला, हवालबाग, शीतलाखेत, गुरूड़ाबाज, बल्टा आपदा ग्रस्त क्षेत्र, जैंती, लमगड़ा, तोली, नगरखान, ताकुला समेत कई जल संकट वाले इलाकों में टैंकरों से पानी का वितरण किया गया।




# काली माता को ध्यानटूडियों ने किया छत्र भेंट

■ हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद चखा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** पौराणिक शिव नगरी लाखामंडल में रविवार को धार्मिक आस्था और परंपरा का अनुपम संगम देखने को मिला। क्षेत्र की समस्त ध्यान टूडियों द्वारा काली माता को श्रद्धा पूर्वक छत्र भेंट किया गया।

छत्र को पहले विधिवत यमुना नदी में स्नान कराया गया। इस अवसर पर भैरव देवता के माली पप्पू शर्मा, काली माता के माली बूदराम, समस्त ध्यान टूडियां और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री बचना शर्मा भी विशेष रूप से सम्मिलित हुईं। बचना शर्मा ने जानकारी दी कि पूर्व में सभी ध्यान टूडियों ने भैरव देवता को थाल और छड़ी भेंट की थी, वहीं इस वर्ष काली माता को छत्र समर्पित किया गया। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

काली माता मंदिर की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बचना शर्मा ने बताया कि कोरोना काल के दौरान जब समूचा देश महामारी से जूझ रहा था, तब काली माता की कृपा से लाखामंडल गांव अछूता रहा। बाहर से लौटे संक्रमित लोग भी यहां आकर स्वस्थ हो गए। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से संतान प्राप्ति या अन्य मनोकामना लेकर काली माता के दरबार में आता है, उसकी इच्छाएं अवश्य पूरी होती हैं। लाखामंडल स्थित यह मंदिर पौराणिक शिव नगरी के रूप में प्रसिद्ध है, जहां 'चिंता हरण महाशिव. लिंग' में जल अर्पण करने पर श्रद्धालु अपना प्रतिबिंब देख सकते हैं। इस धार्मिक अवसर पर गांव की सभी ध्यान टूडियों, महिलाओं और युवाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पांडव नृत्य, तादी और हारुल जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में फुलों देवी, पिंगला देवी, सरीता, लक्ष्मी, सरोज, गुली देवी, सोनिया, राधिका, केशव शर्मा, मोहन स्याणा, बाबूराम शर्मा, पप्पू माली, बूदराम, ओम प्रकाश, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी प्रभु गौड़, आशाराम शर्मा, बूटा राम गोड सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### प्रदेश में एक के बाद एक घोटाला आ रहा सामने

# भाजपा सरकार 2027 तक बनाएगी घोटालों का कीर्तिमान: कांग्रेस

■ हरिद्वार भूमि खरीद घोटाले के बाद अब तराई बीज विकास निगम व मनसा देवी रोपवे घोटाला

प्रदेश कांग्रेस ने उठाई हाई कोर्ट के सेटिंग जज या सीबीआई जांच की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की भारतीय जनता पार्टी सरकार में जिस प्रकार से रोजाना एक नया घोटाला सामने आ रहा है उससे यह प्रतीत हो रहा है कि 2027 आते आते उत्तराखंड राज्य घोटालों में देश में भ्रष्टाचार में रहने वाले अग्रणी राज्यों के पहले पायदान पर पहुंच जाएगा।

यह बात रविवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि हरिद्वार भूमि घोटाले के खुलासे और उस पर हुई कारवाही की आग अभी ठंडी भी नहीं पड़ी तब तक कृषि विभाग में तराई बीज विकास निगम भूमि नीलाम घोटाला व महेंद्र ग्राउंड कृषि मित्र मेला घोटाला सामने आ गया ।

धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड का तराई बीज विकास निगम राज्य सरकार की अकर्मण्यता के चलते आज संकट के दौर से गुजर रहा है और सरकार बजाय उसे संकट से उभारने के उल्टा उसकी परिसंपत्तियों को कौड़ियों के भाव नीलाम कर रही है। श्री धस्माना ने कहा कि हाल ही में तराई बीज विकास निगम की परिसंपत्तियों की नीलामी प्रक्रिया के लिए गठित समिति में अंशधारकों द्वारा चयनित निदेशकों में से किसी को भी नहीं रखा गया और भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए कर्मचारी को इस समिति का सदस्य बनाया गया।

धस्माना ने आरोप लगाया कि निगम ने चालू हालत में कई बीज विधायन इकाइयों को कौड़ियों के भाव बेच दिया व अन्य कीमती ,संपत्तियों को भी कौड़ियों के भाव बेच दिया गया जो एक बड़ा घोटाला है और इसकी जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज द्वारा अथवा सीबीआई द्वारा की जानी चाहिए।

धस्माना ने कहा कि इसी प्रकार पिछले सप्ताह देहरादून के गढ़ी डाकरा स्थित महेंद्रा ग्राउंड में लगने वाले कृषि मित्र मेले में आयोजन का टेंडर खुलने से पहले ही वहां एक मंत्री के चहेते ठेकेदार ने आयोजन स्थल को तैयार करना शुरू कर दिया जबकि आयोजन स्थल तैयार करने का टेंडर दो दिन बाद खुलना था जिससे यह स्पष्ट हो गया कि टेंडर किसके नाम खुलेगा यह पहले ही तय हो गया।

धस्माना ने कहा कि खनन व आबकारी में हो रहे भ्रष्टाचार जग जाहिर हैं और इन पर सरकार के विधायक व सांसद खुद ही नित्य नए आरोप लगाते हैं।

धस्माना ने कहा कि इस तरह रोजाना एक के बाद एक अलग अलग विभागों में घटित हो रहे भ्रष्टाचार प्रकरणों से ऐसा लगता है कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव आने से पहले राज्य भ्रष्टाचार प्रकरणों में देश का सबसे अग्रणीय राज्य बन जाएगा।

### पार्षदों की सराहनीय पहल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नगर क्षेत्र से विलुप्त हो रहे परम्परागत नौलों के संरक्षण को लेकर नगर निगम पार्षदों ने सराहनीय पहल की शुरुआत की है। जिसके तहत सप्ताह में एक दिन नगर क्षेत्र के विभिन्न नौलों तक पहुंच संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयास किए जाएगे। पार्षद अमित साह मोनू ने बताया कि हिसालू संस्था के साथ मिलकर सप्ताह में एक दिन नगर के एक नौलें की सफाई की जा रही है जिसके बाद निरंतर इनका संरक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कभी समय पूर्व अल्मोड़ा नगर के अंतर्गत सैकड़ो नौले हुआ करते थे जो लोगों के पीने के पानी के लिए शुद्ध पेयजल का एक माध्यम थे। लेकिन समय बीतने के साथ ही दर्जनों नौले विलुप्त हो गए। यहां पार्षद अभिषेक जोशी, हिसालू संस्था के कृष्ण सिंह, सतीश उपाध्याय, उमेश नयाल, अतुल पांडे, भावेश पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

# बाबा नीब करोरी महाराज के दर्शन को उमड़ा आस्था का सैलाब

## सुबह से दर्शन के लिए भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगना हो गई थीं शुरू









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** श्री कैंची धाम स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। लाखों की तादात देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे लोगों ने लंबी कतारों में लगकर नीब करौरी महाराज के दर्शन किए। कैंची धाम में सुबह से नीब करौरी महाराज के दर्शन के लिए

### श्रद्धालुओं को मालपुआ का प्रसाद वितरित किया गया

लोगों की लंबी-लंबी कतारें लगना शुरु हो गयी थीं। श्रद्धालुओं को माल. पुआ का प्रसाद वितरित किया गया। बता दें अबकी बार शटल सेवा के माध्यम से श्रद्धालुओं को कैंची धाम भेजा जा गया था। भक्त अपना वाहन पार्किंग स्थल में पार्क कर शटल सेवा के माध्यम से कैंचीधाम मंदिर दर्शन के लिए पहुंच रहे थे, वहीं शटल सेवाए पार्किंग व्यवस्था व बैरिकेडिंग स्थलों तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शौचालयों एवं पानी आदि की उचित व्यवस्था की गई थी। पूरे क्षेत्र की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही थी। सभी प्रमुख स्थलों पर ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से कड़ी निगरानी रखी गयी थी। जनपद व अन्य जनपदों से आए पुलिस अधिकारी तथा जवान पूरी तत्परता से तैनात मेला स्थल पर तैनात रहे। इसके अलावा साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इधर उधर बिखरे हुए कूड़े को तत्काल उठाया जा रहा है।

**1500 किलोमीटर की यात्रा कर पहुंचे बिश्नोई**

इस दौरान राजस्थान के सांचौर जिले के भाटीप गांव निवासी एक सरकारी स्कूल के शिक्षक सुरेश बिश्नोई ने 1500 किलोमीटर की पदयात्रा कर कैंची धाम पहुंचे। उन्होंने बताया कि अन्न का त्याग कर केवल जूस और तरल पदार्थों के सहारे यह यात्रा तय की। उन्होंने यह यात्रा 17 मई से शुरू की थी 29 वें दिन आज वह कैंची धाम दर्शन के लिए पहुंचे। दिल्ली से प्रकाश सियोटा अपने बेटे के साथ पदयात्रा पर निकले हैं और कैंची धाम पहुंचे हैं।

**खुद डीएम वंदना सिंह शटल सेवा से पहुंचीं**

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शटल सेवा बस के माध्यम भवाली से कैंची धाम पहुंची।

### अधिकारी मेले पर रखे रहे पैनी निगाह

कैंची धाम मेले के दौरान कुमाऊं आईजी रिद्धिम अग्रवाल, डीएम वंदना सिंह तथा एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा कैंची धाम के मेले पर पैनिक नजरें लगाए बैठे रहे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की पूरी टीम अपनी अपनी जिमेदारी बखूबी निभा रहे हैं। इस दौरान डीएम वंदना सिंह ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि शनिवार से ही श्रद्धालुओं का कैंची धाम आना शुरू हो गया था और रविवार की सुबह से कैंची धाम में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। कहा कि इस वर्ष प्रशासन ने पिछले वर्ष की तुलना में अधिक शटल सेवाएं लगाई हैं। अब नैनीताल, हल्द्वानी तथा भवाली और भीमताल व खैरना से शटल सेवाएं सुचारु की है। कहा कि मेडिकल टीम चौबीसों घंटे तैनात है। डीएम वंदना सिंह ने कहा कि इस वर्ष करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया की पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार तैयारी की गई है। नैनीताल पुलिस सेवा में सतत तत्पर श्रद्धालुओं को शिष्टाचारपूर्वक किया जा रहा है। दोपहिया वाहन पार्किंग में कराकर शटल सेवा के लिए प्रेरित किया जा रहा है। श्रद्धालुओं का फीडबैक भी अच्छा मिल रहा है। भक्त लाइन मे लगे है जल्द ही दर्शन के मंदिर पहुंच रहें हैं।

**सडक में ही सोए रहे कई लोग**

कैंची धाम के दर्शन करने लिए भक्तों ने शनिवार शाम लाइन लगाना शुरू कर दिया था और वह लोग रात में रोड पर ही सोए रहे। वहीं, विभिन्न संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जगह जगह पर उचित जलापन व भंडारा लगाया गया। जिसमें मित्र मण्डलीय हल्द्वानी तथाश्री नारयण सेवा ट्रस्ट ग्रेडर नोयडा समेत कई भक्तों द्वारा सेवा की गई।

**मेले में हर तरह की सुविधाएं**

पुलिस अधिकारियों द्वारा लगातार यातायात संचालन तथा पार्किंग व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से बीडीएस टीम, डॉग स्क्वॉड व ड्रोन्स के माध्यम से भी निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा 108 सेवा व स्थानीय सहायता नंबर पर चौबीसों घंटे पुलिस सहायता मुहैया करायी गयी थी।

### शटल सेवा लोगों के लिए बनी कारगर

कैंची धाम मे दो पहिया वाहन व निजी वाहनों को मुख्य पार्किंग स्थल पर रोक. कर सटल के माध्यम श्रद्धालुओं को कैंची धाम पहुंचाया जा रहा है। कैंची धाम स्थापना दिवस पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने को लेकर प्रशासन द्वारा की गई यातायात व्यवस्था चाक चौबंद रही। इसके लिए प्रशासन की सराहना करनी ही होगी। यातायात सुचारु रूप से संचालित करने के लिए दुपहिया वाहनों की एंट्री में बैन लगा दिया गया थाए जबकि बसों द्वारा हल्द्वानीए नैनीताल व भीमताल से सटल सेवा का संचालन यातायात के कारगार साबित हुआ। श्रद्धालुओं समेत सभी लोगों ने ट्रैफिक व्यवस्था की खूब प्रशंसा की।

### हरियाणा हिसार से आए पर्यटक हुए चोटिल

हिसार से आए हुए पर्यटक रविवार को कैंची धाम बाबाजी के दर्शन करने के बाद वापस वाहन तक पैदल जा रहें थे। इसी दौरान ऊप्पर पहाड़ी से पत्थर की चपेट मे साढ़े छः वर्ष का बच्चा आ गया जिसे गंभीर चोटे आई। मौके पर तल्लीताल एसओ रमेश बोहरा ने कैंची धाम पर लगे स्वास्थ्य कैम्प मे बच्चें को पहुंचाया। इस दौरान डा गौरव कैड़ा ने बताया कि बच्चें के हाथ और पैर मे गंभीर चोटे आई है। जिसकी हालत सामान्य हैए बच्चें के पैर मे टांके लगाने व प्राथमिक उपचार के बाद एबुलेंस से हायर सेंटर रैफर कर दिया है।

### ज्योलीकोट में श्रद्धालुओं को जूस वितरण

**नैनीताल।** बाबा के श्रद्धालुओं के लिए ज्योलीकोट मैन बाजार में जूस का वितरण कर सेवा की गई। मैन आयोजक गौरांग रघु और क्षेत्रीय युवाओं के दल द्वारा प्रातः आठ बजे से प्रारंभ सेवा नौ घंटे तक चली, जिसका सैकड़ों श्रद्धालुओं पर्यटकों और यात्रियों ने लाभ उठाया। आयोजन में सुरेन्द्र कोटलिया, पुष्कर जोशी, पवन बिष्ट, विवेक साह, उदय जीना, नरेश चमियाल, नवल, सुधांशु, भुवन जोशी, आशु पंत, हरगोविंद रावत, वीरेंद्र, हरीश भट्ट, संजय जोशी, शेखर भट्ट, देव वर्मा, भावेश, विक्की बरगली, ललित पांडे, संजय जोशी, पंकज, नितिन, प्रशांत, सुमित जोशी, बबलू पाठक थे।



### प्रशासनिक अधिकारी सपरिवार पहुंचे कैंची धाम

**नैनीताल।** कैंची धाम के स्थापना दिवस के विशेष मौके पर रविवार को कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सपरिवार नीब करौरी बाबा के दर्शन को पहुंचे। इसमें सीएम के सचिव व कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत तथा आईजी रिद्धिम अग्रवाल समेत कई अफसर शामिल रहे। इसके साथ ही एडीएम विवेक राय, फिंचाराम चौहान, एएसपी चंपावत संजय गणपति, एएसपी क्राइम जगदीश चंद्रा, प्रकाश कुमार, एएसपी अल्मोड़ा हरभजन सिंह, एसडीएम नैनीताल नावा. जिस खलिक, एसडीएम धारी केएन गोस्वामी, एसडीएम कैंची तुषार सैनी, एसडीएम रामनगर प्रमोद कुमार समेत मानिषा मारकना, सीओ प्रमोद साह, तहसीलदार नैनीताल युगल किशोर पांडे तथा तहसीलदार धारी पूजा शर्मा समेत कई अधिकारी दिनभर मेले की व्यवस्थाओं को बनाने में जुटे रहे।

# बाबा की आध्यात्मिक उत्तराधिकारी थीं सिद्धि मां

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** नीम करौली बाबा की आध्यात्मिक उत्तराधिकारी सिद्धि मां थी। 1973 में नीम करौली बाबा के ब्रह्मलीन होने के बाद श्री मां ने कैंची

### बाबा के बाद कैंची धाम को स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई थी

धाम में आने वाले भक्तों का मार्गदर्शन किया और उन्हें बाबा की शिक्षाओं व दिव्य स्वरूप के बारे में बताया। नीम करौली बाबा के बारे में तो लगभग सभी लोग जानते हैं, लेकिन उनकी परम शिष्या श्री मां (सिद्धि मां) के बारे में आज भी बहुत कम लोगों को जानकारी है। श्री मां, जिनका भव्य मंदिर उत्तराखंड के नैनीताल में स्थित प्रसिद्ध कैंची धाम



और हनुमानगढ़ी मंदिर में स्थित है, बाबा द्वारा कात्यायनी देवी का स्वरूप मानी जाती थीं। 1973 में नीम करौली बाबा के ब्रह्मलीन होने के बाद, श्री मां ने ही कैंची धाम में आने वाले भक्तों का मार्गदर्शन किया और उन्हें बाबा की शिक्षाओं व दिव्य स्वरूप के बारे में बताया। बाबा और श्री मां की पहली मुलाकात नैनीताल के हनुमानगढ़ी मंदिर के निर्माण कार्य के दौरान हुई थी। नीम करौरी बाबा के ब्रह्मलीन होने के पश्चात, उनकी आध्यात्मिक उत्तरा. धिकारी के रूप में सिद्धि मां को माना गया। भक्त उन्हें श्रद्धापूर्वक श्री मां कहकर संबोधित करते थे। बाबा के जाने के बाद श्री मां ने कैंची धाम की संपूर्ण व्यवस्था को संभाला और आश्रम को एक सशक्त आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित किया। नीम करौली बाबा, श्री मां से अक्सर कहा करते थे मां, तू जहां भी रहेगी, वहीं मंगल होगा। सिद्धि मां का जन्म उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुआ था। उनकी 7 बहिनें थीं। नैनीताल निवासी तुलाराम साह से उनका विवाह हुआ था। और वो नैनीताल के माल रोड में स्थित इंडिया होटल में रहती थी। उनके पति नीम करौली बाबा के परम भक्त थे, जिसके बाद वो भी बाबा की भक्त बन गई थी। और अपने पति के निधन के बाद उन्होंने अपना घर त्याग दिया था। कहा जाता है कि बाबा के साल 1973 में ब्रह्मलीन होने से पहले नीम करौली बाबा ने अपनी सारी शक्तियां सिद्धि मां को सौंप दी थीं। सिद्धि मां हर सप्ताह शनिवार और मंगलवार को कैंची धाम में भक्तों को दर्शन देती थीं। भक्तों का विश्वास था की श्री मां के दर्शन मात्र से ही भक्तों की सारी परेशानियां दूर हो जाती है।

### पूरन देख, ठीक सामने कात्यायनी रहती है


**नैनीताल।** कैंची धाम ट्रस्ट के प्रबंधक प्रदीप शाह बताते हैं कि सिद्धि मां स्वयं एक सिद्ध स्वरूपा एक संत थीं। जब नैनीताल के पास हनुमानगढ़ी मंदिर का निर्माण चल रहा था। तब महाराज ठंडी सड़क स्थित पाषाण देवी मंदिर में लेटे हुए थे। तब अचानक उन्होंने अपने ठीक सामने माल रोड में स्थित इंडिया होटल की तरफ इशारा करते हुए अपने सेवक से कहा की पूरन देख, ठीक सामने कात्यायनी रहती है। जिसके लिए हमें इन पहाड़ों में आना पड़ा। महाराज ने बता दिया था की सिद्धि मां कात्यायनी का स्वरूप है। मां का परिवार भी महाराज के साथ जुड़ा हुआ था। उनके परिवार ने महाराज के साथ कई यात्राएं की थी। प्रदीप शाह बताते हैं कि जिस तरह भगवान श्री राम के लिए हनुमान जी थे ठीक उसी प्रकार बाबा नीब करौरी के लिए श्री मां थीं।

# असीमित शक्तियों के स्वामी थे नीम करोली महाराज

**यूएस सिजवाली**

**भवाली।** नीमकली महाराज असमीज शक्तियों की स्वामी थे मनोज के बारे में एक रोचक प्रसंग है कि फर्रुखाबाद मे टूंडला की तरफ जाने वाली ट्रेन में पंचम सर जी की कंपार्टमेंट में बैठे थे ट्रेन चलने के बाद टिकट चेकर उसे कंपार्टमेंट में आया और महाराज जी से टिकट मांगने लगा महाराज ने टिकट होने से इनकार कर दिया टिकट चेकर को क्रोध आ गया और उसने महाराज को तिरस्कार कर ट्रेन से उतार दिया।

उसके बाद सिग्नल मिलाने के बाद शुरू होने की कोशिश की लेकिन ट्रेन 1 इंच भी आगे नहीं बड़ी इसी बीच उसे पटरी में दूसरी तीनों का आने का समय भी तेजी से हो रहा था एंग्लो इंडियन बहुत परेशान हो गया ट्रेन की जांच कराई गई उसमें कोई भी टेक्निकल फाल्ट नहीं नजर आया अंग्रेज अफसर हैरान हो गए इसी दौरान याचियो नए टिकट चेकर को कहा से ही आपने एक साधु को ट्रेन से उतरा था शायद उन्हीं के कारण यह ट्रेन नहीं चल रही है आप उन्हें सम्मान से बुलाकर ट्रेन में बिठाइए टिकट चेकर महाराज के के पास आया महाराज को मफी मांगी और और ट्रेन अपने अगले स्टेशन के लिए चल पड़ी इस विचित्र घटना के बाद



नीम नाम का यह अनजान गांव प्रसिद्ध हो गया।

रेलवे प्रशासन द्वारा महाराज जी के सम्मान में उसे ट्रेन से रेलवे स्टेशन का नाम नीम करोली और वहां से गुजरने वाली ट्रेनों को कुछ देर के लिए वहां पर रोकने का आदेश भी दिया गया इसी जगह में मैं रहकर अनेक वर्षों तक तपस्या की और जब वह भ्रमण करो निकले तब तक महाराज नीम करोली महाराज के नाम से विख्यात हो गए थे महाराज प्रथम बार 1942 में भ्रमण के दौरान नामक स्थान से गुजर रहे थे। उन्होंने उसे जगह की दीपिका को महसूस किया और अपने किसी सदस्य से कहा कि यहां एक भव्य आश्रम बनेगा और विश्व के लोग यहां पर आएंगे 20 वर्ष के बाद महाराज द्वारा इस कैंची स्थल में आए और उन्होंने इस दिव्य आश्रम की नींव रखी 15 जून 1962 को महाराज द्वारा यहां पर सासाराम में सभी हनुमान जी और अन्य देव विद्रोह की पूजा के बाद स्थापना दिवस समारोह की की शुरुआत की बहुत बड़ा रूप ले चुका है जिसमें भारत ही नहीं विश्व की कोने-कोने से छात्र बड़ी संख्या में महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं महाराज हनुमान जी की प्रेरणा से हनुमानगढ़ नैनीताल नीमक. ोली आश्रम पर संकट मोचन मंदिर ठाकुर हनुमान मंदिर वृंदावन संकट मोचन मंदिर गोमती बैंड लखनऊ संकट मोचन मंदिर भूयाधार नैनीताल संकट मोचन हनुमान मंदिर तारा देवी हिमाचल प्रदेश हनुमान मंदिर महरौली दिल्ली हनुमान आश्रम नारायण आश्रम चमोली बबनिया मोरबी गुजरात डंडा पानी स्वामी आश्रम बीरपुर मद्रास शाहिद अनेक स्थानों पर हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना की कर एक आध्यात्मिक के लिए एक नई सच बनाने सकारात्मक पहल की महाराज के भक्तों के साथ महाराज के अनेक चमत्कारिक संस्मरण है धर्म प्रेमियों के लिए एक अनमोल वस्तु है के भक्तों का मनना है कि महाराज अंतर्यामी है और भक्त की मनकी वात को समझते हुए उसे आशीर्वाद दे देते हैं भक्तों का मार्गदर्शन करते हैं।

## प्रसाद वितरण व सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्द्वानी।** बाबा नीब करौली महाराज के कैंचीधाम के स्थापना दिवस के पावन मौके पर सारथी फाउंडेशन समिति की ओर से मुखानी स्थित शिव मंदिर के पास प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान सैकड़ों बाबा के भक्तों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण कर सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के



अध्यक्ष नवीन पंत एवं पदाधिकारियों द्वारा पूजा-अर्चना कर किया गया। इस दौरान हलुआ, चना प्रसाद व शरबत का वितरण किया गया। बाबा नीब करौली महाराज के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस सेवा कार्य में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, पूर्व दर्जा मंत्री प्रकाश हर्बोला, पार्षद मुकुल बल्यूटिया, सचिन तिवारी, जितेन्द्र मेहता, भावना शाह, कुमुद, श्रुति तिवारी, ज्ञानेंद्र जोशी, कमल जोशी, योगेश चंद्र पांडे, दीक्षा पंत पांडे, हेमा जोशी, गीता बेलवाल, रंजना जोशी, बबिता टकवाल, भावना पांडे, कौशल्या जोशी, बीना जोशी, रमा जोशी, भवानी शंकर सूठा, अजय जोशी, हरीश जोशी, अर्जुन मौर्य, पवन, युगल मेल. कनी, संतोष गौड़, जिज्ञासा, कुणाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं प्रसाद वितरण के बाद सारथी फाउंडेशन समिति के सदस्यों ने स्वच्छता अभियान चलाकर वहां हुए कुंडे का निस्तारण किया।

## बाबा के भजनों की विशेष प्रस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कैची धाम के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को बाबा नीम करौरी की भजन संध्या उतराखंड परिषद् के तत्वावधान में

### भक्तिरस से सराबोर हुआ माहौल

संगीत संस्कृति फाउंडेशन द्वारा संचा. लित की गयी।



मोहन सिंह बिष्ट सभागार कुरमांचल नगर में विशाल भजन संध्या तथा महा आरती तथा महाप्रसाद भंडारे का का आयोजन किया गया, जिसमें आक. ाशवानी व दूरदर्शन से आए कलाकार हरितीमा पंत समेत पूनम, प्रियंका, अर्पणा, रूपाली, नम्रता, सोनाली सिंह व रंजना जोशी, भीमा पांडेय ने भक्ति भाव से अपने भजनों द्वारा इस विशाल प्रोग्राम को बेहद खूबसूरत बनाकर अतिथि जनता जनार्दन को भक्ति में सरोबार कर अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

प्रोगाम के अतिथि ओपी श्रीवास्तव रहे। प्रोगाम का कार्य भार सुरेश चंद्र पाण्डेय व पूरन जोशी द्वारा बहुत ही सुचारू व विधिवत ढंग से व्यवस्थित किया गया। आने वाले समय में भी इसी तरह प्रभु कैची घाम में बाबा नीम करौरी महाराज अवश्य ही अपनी भजन कीर्तन करा के भक्तों को आशीर्वाद से अभिभूत करेंगे। अंत में आए सभी कलाकार व अतिथि मेहमानों का संगीत संस्कृति फाउंडेशन की अध्यक्ष हरितिमा पंत ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी की मंगल कामनाएं अभिसंचित करी व व उज्वल भविष्य की कामनाएं पूर्ण की।

### अधिकारियों ने जताया लोगों का आभार

**नैनीताल।** आईजी रिद्धिम अग्रवाल, कमिश्नर दीपक रावत,डीएम वंदना सिंह व पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा ने कहा कि रविवार को आयोजित कैंची धाम मेला पूरी तरह से सफल करार दिया। उन्होंने कहा कि सुबह से लेकर देर रात तक देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे लोगों ने शालीनता से बाबा के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि सभी ने लाइन में लगकर बाबा के दर्शन किए। कहा कि अबकी बार लोगों के लिए चलायी गयी शटल सेवा भी कामयाब रही। इससे लोगों को काफी फायदा हुआ। इन अधिकारियों ने शांति पूर्ण कैंची धाम मेले को संपन्न कराने के लिए सभी लोगों का आभार जताया है। इसके अलावा मेले की व्यवस्थाओं में जुटे सभी महकमों के अधिकारियों व कर्मियों के साथ ही मंदिर समिति व विभिन्न संगठनों व क्षेत्रीय जनता समेत व्यापारी समुदाय की ओर से दिए गए सहयोग के लिए उनका आभार जताया है।

# सबसे ज्यादा पौधे लगाने का रिकॉर्ड

## दिनेश गुरुरानी का नाम लॉन्गेस्ट कैंपेन टू प्लांट सैंपलिंग इंडिया बुक में दर्ज हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम ने 332 दिन तक नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 की मांग को लेकर 52 हजार पौधों का रोपण किया। जिसका नाम लांगेस्ट कैंपेन टू प्लांट सैपलिंग इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। पूरे देश में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में उनके संगठन का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होने पर सभी कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। बता दें कि महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में 3 जुलाई 2024 से राज्य ही नहीं अपितु पूरे देश में एक अनूठा अपनी मांगों को लेकर पौधारोपण आंदोलन किया गया जिसमें कर्मचारियों के माधयम से समूचे उत्तराखंड में कुमाऊं मंडल व गढ़वाल मंडल विकास निगम की इकाइयों के परिसर में पौधों का रोपण किया गया। समयणसमय पर ज्ञापन के साथ पौधा के तहत पौधा रोपण किया गया । विवाह समारोहए जन्मदिन तथा साल गिरह व विदाई समारोह जनप्रतिनिधियों, मंत्रीगणों तथा नौकरशाह सहित शुभ अवसरों पर पौधारोपण कर आंदोलन से जोडघ गया। इस पौधारोपण आंदोलन की सराहना यात्रियों पर्यटकों सहित सभी के द्वारा की गई। गुरुरानी ने कहा कि निगम के कर्मचारियों ने अपने कार्यों के साथ-साथ उपभोक्ताओं व पर्यटकों को सारी सुविधाएं दी और खाली समय पर पौधारोपण करते हुए अपनी



मांग को शासन तक पहुंचाया। शासन स्तर पर कई वार्ता हुई समस्याओं का समाधान हुआ। जिसमें कुमाऊं मंडल विकास निगम केपूर्व प्रबंध निदेशक डा. संदीप तिवारी द्वारा निगम में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए वेतन की बढ़ोतरी व कई समस्याओं का समाधान किया। कई समस्याएं अभी दोनों निग. मों के वर्तमान प्रबंधन की लेट लतीफी के कारण रुकी हैं। और सबसे प्रमुख मुद्दा नियमितीकरण नियमावली का है। जिसमें सरकार द्वारा कैबिनेट में भी प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। न्यायालय द्वारा भी निर्णय दे दिया गया है। लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि निगम के कर्मचारियों ने 1000 फीट की ऊंचाई से लेकर 18000 फीट की ऊंचाई तक कार्य करते हुए सरकार के हर निर्णय का पालन किया है। कुमाऊं मंडल व गढ़वाल मंडल विकास निगम की कार्य प्रवृति अन्य विभागों से अलग है। उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि दोनों निगमों के कर्मचारियों ने प्रकृति संरक्षण का सराहनीय कार्य किया है। इसके एवज में निगम के कर्मचारियों का वन टाइम सेटलमेंट के तहत नियमितीकरण किया जाए। इस संबंध में शीघ्र ही मुख्यमंत्री से देहरादून में वार्ता की जाएगी। उन्होंने कुमाऊं मंडल व गढ़वाल मंडल विकास निगम के सभी कर्मचारियों विशेष रूप से पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों जिन्होंने पौधा रोपण आंदोलन को सफल करते हुए देश में एक नजीर प्रस्तुत की है।

### प्रशासन के खिलाफ नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला नैनीताल के धाारी विकासखंड के जिला पंचायत क्षेत्र दीनी तल्ली सीट लगातार चौथी बार भी सामान्य होने पर क्षेत्र के आरक्षित वर्ग के अनुसूचित जाति के सैकड़ों लोगों ने दीनी तल्ली में बैठक कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की है। लोगों का कहना है कि दीनी तल्ली जिला पंचायत क्षेत्र में 60 से 70 प्रतिशत अनुसूचित जाति की आबादी है। बैठक के माधयम से जिला प्रशासन से सीट को आरक्षित करने की गुजारिश की गयी। बैठक में डा. भुवन चंद्र आर्य समेत देवेन्द्र कुमार, आशीष कुमार, दीपक कुमार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। दूसरी ओर दीनी तल्ली के निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य डा. दीपक मेलकानी ने कहा कि इस बार सीट अनु जाति के लिए आरक्षित होनी चाहिएए अनु जाति को भी जिला पंचायत में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

## इंटर कॉलेज में योगाभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशनए जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार और राज्य स्वच्छ गंगा मिशन नमामि गंगे उत्तराखंड के संयुक्त तत्वाधान में श्री ऐपाल देवता राजकीय इंटर कालेज पटवाडांगर में योगाभ्यास किया जा रहा है। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के योग विभाग की ओर से आओ हम सब योग करे अभियान की शुरूआत की गई। इसी कड़ी में कुविवि डीएसबी परिसर के योग विज्ञान विभाग की प्रवक्ता डा. दीपा आर्या, योग प्रशिक्षक शुभम विश्वकर्मा, ईशिता राजपूत पटवाडांगर विद्यालय में योग करा रहे हैं। प्रधाानाचार्य विनोद कुमार जीना ने बताया कि 21 मई से योगाभ्यास जारी है। इसमें नियमित योगाभ्यास से होने वाले लाभों की जानकारी भी दी जा रही है।

### महिलाओं के शिल्पी कार्ड बनाए

**नैनीताल।** चेष्टा संस्था की ओर से ज्योलीकोट में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं के शिल्पी कार्ड बनाए गए तथा उन्हें कार्ड योजना की जानकारी दी गई। कार्यक्रम समन्वयक मुकुल कुमार ने बताया कि शिल्पी कार्ड योजना का उद्देश्य राज्य के पारंपरिक शिल्पकारों को सशक्त बनाना और उनके व्यवसायों को बढ़ावा देना है। यह योजना लोगों को प्रशिक्षण तथा वित्तीय सहायता और विपणन सहायता प्रदान करती हैए जिससे वे अपने कौशल को सुधार सकें। नैनीताल जिला मोमबत्ती का निर्माण के लिए जाना जाता है लेकिन अभी तक महिला उद्यमियों को इसकी पहचान नहीं मिली है। इस तरह के प्रयास से महिलाओं को उनकी मोमबत्ती बनाने की सही पहचान मिल पाएगी और उनका उत्साह वर्धन भी होगा। इसमें अल्मोड़ा की कार्यक्रम समन्वयक भूमिका ने सभी प्रतिभागियों की मोमबत्ती निर्माण प्रक्रिया को जाना और उनसे बढ़ चढ़कर हस्तशिल्प के क्षेत्र में कार्य करने को कहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# BCCI ने रणजी ट्रॉफी का फार्मेट बदला

## ● अब एक-एक टीमों को प्रमोट और रेलीगेट किया जाएगा, दिलीप ट्रॉफी फिर जोनल टीमों में होगी




**नई दिल्ली, वार्ता।** बीसीसीआई ने रणजी ट्रॉफी के फार्मेट में बदलाव किया है। अगले सीजन से इस टूर्नामेंट में एक-एक टीमों को प्रमोट और रेलीगेट किया जाएगा। ये बदलाव बीसीसीआई के सभी एज ग्रुप टूर्नामेंट में लागू होंगे। यह फैसला शनिवार को अपेक्स काउंसिल की मीटिंग में हुआ है।

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा है कि सभी मल्टी-डे मेंस टूर्नामेंट (सीनियर और जूनियर) में 2026-27 सीजन से एक टीम को प्रमोट किया जाएगा। जबकि एक टीम को रेलीगेट किया जाएगा। अब तक रणजी के हर सीजन के बाद 2 टीमों को प्लेट से एलीट ग्रुप में प्रमोट किया जाता था। जबकि, सबसे निचले स्थान पर रहने वाली 2 टीमों को एलीट से प्लेट ग्रुप में रेलीगेट किया जाता था।

रणजी ट्रॉफी का 2025-26 सीजन 15 अक्टूबर से 28 फरवरी तक दो राउंड में होगा। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा। जबकि दूसरा चरण 22 जनवरी से एक फरवरी तक चलेगा। नाकआउट छह से 28 फरवरी तक खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी की जोनल फार्मेट में वापसी हो गई है। यह इस सीजन का पहला टूर्नामेंट होगा। इसका आयोजन 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होगा।

ईरानी कप एक से पांच अक्टूबर तक खेला जाएगा। बोर्ड ने कहा- 'टीम का चयन क्षेत्रीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 टूर्नामेंट सहित सभी वनडे टूर्नामेंट में प्लेट डिवीजन को फिर से शामिल किया गया है। अब तक नाकआउट चरण में टीमें क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेलती थी, लेकिन इस सीजन से टाप टीमों को सुपर लीग में तीन और मैच मिलेंगे।

ग्रुप ए और बी की टाप टीमें फाइनल खेलेंगी। बाटम-6 टीमें प्लेट ग्रुप में शामिल होंगी। एसएएमटी 26 नवंबर से 18 दिसंबर तक खेला जाएगा। बीसीसीआई के वाइट बाल के सभी टूर्नामेंट में लीग राउंड में बराबरी पर रहने वाली टीमों में से आगे बढ़ने वाली टीम का फैसला नेट रन रेट से होगा।

इंटरनेशनल क्रिकेट में यह नियम पहले से लागू है। इसे डोमेस्टिक में भी शामिल किया गया है। क्यों बदलना पड़ा फार्मेट? बीसीसीआई ने 2018-19 में रणजी ट्रॉफी में 9 नई टीमों को शामिल किया था, इसमें उत्तर पूर्व की टीम भी शामिल है। इससे रणजी ट्रॉफी में क्रिकेट की क्वालिटी प्रभावित हुई। मेघालय को पिछले सीजन में एलीट डिवीजन में खेला, लेकिन उसे सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा।

# विश्वकप से पहले न्यूजीलैंड से पांच टी-20 खेलेगा भारत

## ● तीन वनडे मैच भी आयोजित होंगे, 11 जनवरी को पहला मैच, बीसीसीआई ने 8 को होस्ट बनाया

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम अगले साल फरवरी-मार्च होने जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड से 5 टी-20 मैचों की होम सीरीज खेलेगा। बीसीसीआई की अपेक्स काउंसिल ने शनिवार को न्यूजीलैंड के भारत दौरे का शेडयूल जारी किया।

इसके अनुसार, न्यूजीलैंड की टीम 11 जनवरी से 18 जनवरी तक 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। उसके बाद 21 जनवरी से 31 जनवरी तक 5 टी-20 मैचों की सीरीज होगी। बोर्ड ने इन मैचों के लिए 8 वेन्यू का ऐलान किया है। वनडे मैच बड़ौदा, राजकोट और इंदौर में होंगी। जबकि नागपुर, रायपुर, गुवाहाटी, वाईजैक, त्रिवेंद्रम टी-20 मैचों की मेजबानी करेंगे। इस सीरीज के बाद भारत और श्रीलंका को टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी करनी है। ऐसे में यह दौरा भारत की तैयारियों के लिहाज से अहम होगा। इसमें भारत अपना टाइटल डिफेंड करने उतरेगा।

टीम इंडिया ने 2024 में द. अफ्रीका को 7 रन से हराते हुए टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। भारत के होम कैलेंडर में 3 सीरीज शामिल इस सीजन में भारत का होम कैलेंडर काफी व्यस्त है। टीम को विंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया में व्हाइट बाल सीरीज व द. अफ्रीका से तीनों फार्मेट की सीरीज खेलनी है। फिलहाल, भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर है। जहां टीम इंडिया को 20 जून से 5 टेस्ट मैच खेलने है। वहां से लौटने के बाद टीम को बांग्लादेश में सीरीज और एशिया कप खेलना है। इसके बाद अक्टूबर में टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और नई दिल्ली में 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। टीम इंडिया फिर आस्ट्रेलिया में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलने जाएगी। मुकाबले 19 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच खेले जाएंगे। टीम फिर घरेलू मैदान पर साउथ अफीका के खिलाफ 2 टेस्ट, 3 वनडे और 4 टी-20 खेलेगी।




# इंडिया इंट्रा-स्क्वाड मैच में सरफराज खान का शानदार शतक

## ● भारत ए ने बनाए 299/6, सिराज-कृष्णा को 2-2 विकेट

**बेकनहम, वार्ता।** बेकनहम में चल रहे इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच के दूसरे दिन सरफराज खान ने अपनी शानदार फार्म जारी रखते हुए मुख्य भारतीय टेस्ट टीम के खिलाफ धमाकेदार शतक जड़ा। 27 वर्षीय बल्लेबाज ने महज 76 गेंदों में 101 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि जसप्रीत बुमराह के लिए यह दिन फीका रहा और वे 7 ओवर में एक भी विकेट नहीं ले सके।

दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ए का स्कोर 299/6 था, जिसमें ईशान किशन 45 रन और शार्दुल ठाकुर 19 रन पर नाबाद हैं। दिन का सबसे बड़ा आकर्षण सरफराज का तूफानी शतक रहा, जिसमें 15 चौके और 2 छक्के शामिल थे। अन्य खिलाड़ियों को बल्लेबाजी का मौका देने के लिए उन्हें रिटायर्ड आउट कर दिया गया। इंग्लिश परिस्थितियों में सरफराज का यह प्रदर्शन उनकी प्रतिभा को मजबूती प्रदान करता है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में 92 रन बनाए थे। 20 जून से शुरू हो रही इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए सरफराज को टीम में जगह नहीं मिली है। ऋतुराज गायकवाड़ 2 गेंदों पर ही आउट हो गए पारी की शुरुआत में, भारत ए ने ऋतुराज गायकवाड़ का विकेट दो गेंदों पर खो दिया, जिन्हें मोहम्मद सिराज की गेंद पर ऋषभ पंत ने कैच किया। हालांकि, अभिमन्यु ईश्वरन ने 39 और साई सुदर्शन ने 38 रन बनाए। दोनों टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को दो-दो विकेट मिले भारतीय गेंदबाजों में, सिराज (2/86) और प्रसिद्ध कृष्णा (2/41) ने उल्लेखनीय योगदान दिया, जबकि नितीश कुमार रेड्डी को एक विकेट मिला। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह प्रभाव नहीं छोड़ सके और 7 ओवर में 36 रन देकर विकेटविहीन रहे। अर्शदीप सिंह (12 ओवर में 0/52) भी कोई विकेट नहीं ले सके। पहले दिन भारत की बल्लेबाजी में कप्तान गिल व राहुल ने अर्द्धशतक जड़े।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 3-2 से हराया

## ● भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली करारी शिकस्त, दोनों टीमों को पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वे उसे भुनाने में विफल रही






**एंटवर्प, वार्ता।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में रविवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा हैं।

यहां खेले गए मुकाबले में संजय ने मैच के शुरुआती तीसरे मिनट में गोलकर भारतीय टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। हालांकि इसके एक मिनट बाद ऑस्ट्रेलिया के टिम ब्रैंड ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अगले ही मिनट में ब्लेक गोवर्स ने गोल दागकर स्कोर 2-1 कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को दोगुना कर दिया।

इसके बाद 18वें मिनट में कूपर बर्न्स ने गोलकर स्कोर 3-1 कर दिया। इस गोल के बाद भारतीय टीम दबाव में दिखी और ऑस्ट्रेलिया टीम आक्रामक प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान दोनों टीमों को पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन वे उसे भुनाने में विफल रही।

पहला हाफ ऑस्ट्रेलिया के दो गोल से आगे रहने के साथ समाप्त हुआ। दस मिनट के ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने नए जोश के साथ मैदान में वापसी की। 36वें मिनट में दिलप्रीत बेहतरीन मैदानी गोलकर स्कोर 3-2 कर दिया। अंतिम क्वार्टर में कुछ ऐसे क्षण थे जब भारत बराबरी कर वापसी कर सकता था लेकिन वे मौके का फायदा नहीं उठा सके।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

### ● भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की

कोंटिच, वार्ता। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए चौथे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। भारतीय जूनियर महिला टीम ने शनिवार को को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के लिए जोसी लॉटन ने (पांचवें) मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। भारतीय टीम की नंदिनी ने थोड़ी देर बाद ही आठवें मिनट में इसका जवाब देते हुए गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद पहले क्वार्टर के आखिर में भारतीय टीम की उप कप्तान हिना बानो ने (14वें) मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमें गोलकरने के कई मौके भुना नहीं पायी। भारतीय टीम की रक्षापंक्ति ने ऑस्ट्रेलियाई हमलों को विफलकर अपनी टीम को जीत दिला दी। भारतीय टीम की यह लगातार चौथी जीत है। भारतीय जूनियर महिला टीम अब 17 जून को नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

# बोरसे-बाबूता की जोड़ी ने विश्वकप में जीता गोल्ड

## ● 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में पहले स्थान पर रहे, भारत तीसरे स्थान पर




**बर्लिन, वार्ता।** आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की भारतीय जोड़ी ने बर्लिन में खेले जा रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन वर्ल्ड कप में भारत को दूसरा गोल्ड दिलाया। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल के मिक्स्ड इवेंट में चीन के जिफेई वांग और लिहाओ शेंग को 17-7 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। नार्वे के जीनेट हेग डयूस्टैड और जान-हरमन हेग ने नै। के सेगेन मैडालेना और पीटर मैथ्यू फियोरी को 16-14 से हरा कर ब्रान्ज मेडल जीता।

भारतीय ने गोल्ड, चीन की जोड़ी ने सिल्वर और नार्वे की जोड़ी ने ब्रान्ज मेडल जीता। बोरसे और बाबूता क्वालिफिकेशन में 635.2 के साथ फाइनल में अपना स्थान पक्का किया बोरसे और बाबूता ने पहले 635.2 के क्वालिफिकेशन स्कोर के साथ फाइनल के लिए स्थान पक्का किया। वह दूसरे स्थान पर रहे। बबूता ने क्वालिफिकेशन में 317.7 का स्कोर बनाया जबकि बोरसे ने 317.5 का स्कोर कर। अन्य भारतीय जोड़ी, एलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव, 631.8 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में छठे स्थान पर रहे। इस साल की शुरुआत में, बोरसे ने पेरू के लीमा में वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में रुद्राक्ष पाटिल के साथ मिलकर सिल्वर मेडल हासिल किया था। भारत पाइंट टेबल में तीसरे स्थान पर बर्लिन में खेले जा रहे वर्ल्ड कप में भारत ने चार मेडल के साथ पाइंट टेबल में तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की जोड़ी ने जहां 10 मीटर राइफल मिक्स्ड इवेंट में गोल्ड जीता, वहीं सुरुचि ने 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड जीता। जबकि सिफ्ट कौर समरा और एलावेनिल वलारिवन ने अपने-अपने व्यक्तिगत इवेंट में ब्रान्ज मेडल जीते थे। भारत अब चीन (छह) और नार्वे (चार) से पीछे तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। चीन ने तीन गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रान्ज मेडल जीते हैं, जबकि नार्वे ने दो गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रान्ज मेडल जीतकर पाइंट टेबल में टाप स्थान पर है।

## यूपी में केरल को हरा कर जीता स्वर्ण

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल की पुरुष टीम ने कोच्चि में खेले गए नेशनल चैंपियनशिप के फाइनल में केरल की टीम को 21-14 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश टीम इस राष्ट्रीय प्रतियोगता में अपराजित रही है। हर्ष डगर, कुशल सिंह, दिग्विजय सिंह और रिआंशू नेगी की टीम में यह थ्री ऑन थ्री नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप अंडर 23 जीती। यूपी ने तेलंगाना को सेमी फाइनल में 19-17 से पराजित किया जबकि क्वार्टर फाइनल में यूपी ने मध्य प्रदेश को 21-14 से हराया था। 11 से 13 जून तक खेली गए टूर्नामेंट के लीग मैच में दिल्ली, मिजोरम, गुजरात और गोवा को हरा कर यूपी टीम इस पूरी प्रतियोगता में अपराजित रही। इस वर्ष यह यूपी बास्केटबॉल टीम का राष्ट्रीय प्रतियोगताओं में दूसरा पदक है। इससे पहले सीनियर नेशनल थ्री ऑन थ्री बास्केटबॉल चैंपियनशिप पुरुष में रजत पदक जीत था।

## खेल विशेष

### प्रणति ने एशियाई जिम्नास्टिक्स में वॉल्ट में जीता कांस्य

**द. कोरिया, वार्ता।** भारत की प्रणति नायक ने एशियाई कलात्मक जिमनास्टिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर एक बार फिर इतिहास रच दिया। इस तरह उन्होंने महाद्वीपीय मीट के इतिहास में सबसे सफल भारतीय जिमनास्ट के रूप में अपनी पहचान और मजबूत कर ली है। जेचियन जिमनैजियम में प्रतिस्पर्धा कर रही 30 वर्षीय ओलंपियन ने 13-466 का संयुक्त स्कोर बनाया और चीन की झांग यिहान और वियतनाम की गुयेन थी क्विन न्हू के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। प्रारंभिक दौर में 13-083 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहने के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली नायक ने पदक दौर में अपने पहले वॉल्ट में 13-666 के स्कोर के साथ जोरदार शुरुआत की। हालांकि, 12-866 के दूसरे प्रयास में वह थोड़े निराशाजनक रहीं और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। यह नायक का महिलाओं की वॉल्ट में तीसरा एशियाई चैम्पियनशिप कांस्य है, जो उलानबटार (2019) और दोहा (2022) में उनके पिछले पोडियम फिनिश

## रादुकानू ने बर्लिन ओपन से नाम लिया वापस

**लंदन, वार्ता।** ब्रिटेन की स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी एम्मा रादुकानू ने पीठ की समस्या के कारण सोमवार से शुरु हो रहे बर्लिन ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। 22 वर्षीय खिलाड़ी फ्रेंच ओपन से पहले पिछले महीने स्ट्रासबर्ग में प्रतिस्पर्धा करने के बाद से पीठ की समस्या से जूझ रही हैं। पूर्व यूएस ओपन चैंपियन ने शुक्रवार को क्वींस में झेंग किनवेन से क्वार्टर फाइनल में हारने के दौरान ऑफ-कोर्ट मेडिकल टाइमआउट लिया। रादुकानू ने कहा कि यह पिछले कुछ हफ्तों से चल रहा है, और मुझे पहले भी पीठ की समस्या हो चुकी है। यह मेरी कमजोरी है।

## जेक फ्रेजर-मैकगर्क की तूफानी फिफ्टी

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** जेक फ्रेजर-मैकगर्क के 38 गेंदों में (88) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारी के बाद जेवियर बार्टलेट और हारिस राउफ (चार-चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स को 32 रनों से हरा दिया।

जेक फ्रेजर-मैकगर्क शनिवार को खेले गए मुकाबले में 38 गेदों में 11 छक्के और दो चौके लगाते हुए (88) रनों की पारी खेलते अपनी टीम का स्कोर आठ विकेट पर 219 रन का स्कोर पहुंचाया। वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ सीजन के पहले मैच में 151 रन बनाकर एमएलसी इतिहास में सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ने वाले फिल एलन 27 गेंदो में 52 रन जड़कर अर्द्धशतक बनाया।

# द. अफ्रीका की महिला टीम ने विंडीज को हराया

## ● एन म्लाबा ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार विकेट हासिल किए, दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज में 1-1 से बराबरी की




**केव हिल, वार्ता।** सुने लूस (76), नोंडुमिसो शंघासे (55) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद एन- म्लाबा (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 40 रनों से हराया दिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है।

वेस्टइंडीज की टीम ने शनिवार रात खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। 16वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने लॉरा वुलफार्ट (28) को आउटकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। 19वें ओवर में ऐफी फ्लेकर ने तेजमिन ब्रिट्स (26) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद नोंडुमिसो शंघासे और सुने लूस की जोड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 85 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में हैली मैथ्यूज ने नोंडुमिसो शंघासे को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। नोंडुमिसो शंघासे ने 48 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (55) रनों की पारी खेली। मैरीजान कैप्प (32), सिनालो जाफ्टा(दो) रन बनाकर आउट हुई। 43वें ओवर में आलिया ऑलेन ने सुने लूस को आउट किया। सुने लूस ने 65 गेंदों में आठ चौकों की मदद से (76) रन बनाये। एनरी डर्कसन (37), क्लोई ट्राइऑन (28) फ्लेचर का शिकार बनी। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 309 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से एफी फ्लेचर ने चार विकेट लिए। हेली मैथ्यूज को दो विकेट मिले। करिश्मा रामहैरक और आलिया ऑलेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 310 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 50 ओवरों में 269 के स्कोर पर सिमट गई और 40 रनों से मुकाबला हार गई। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक (56) रनों की पारी खेली। शमैन कैंपबेल ने (53) रन बनाये। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे शिनेल हेनरी (39), जायडा जेम्स (18), जैनिलिया ग्लास्गो, स्टेफनी टेलर और किआना जोसेफ (17) रन बनाकर आउट हुई।

## जीत की हकदार थी दक्षिण अफ्रीका: कमिंस

**लंदन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बचाने की उम्मीदें लॉर्ड्स में दिल टूटने के साथ खत्म हो गई। कप्तान पैट कमिंस ने हार को स्वीकार करते हुये कहा कि दक्षिण अफ्रीका सही मायनो में जीत की हकदार थी। अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए रखने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम से कमिंस की टीम पांच विकेट से हार गई। शुरुआती नियंत्रण के बावजूद यह मुकाबला निर्णायक रूप से आस्ट्रेलिया के पक्ष में नहीं गया।

### कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन गंभीर

# एसपी देहात ने परखी यातायात व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आगामी काँवड़ मेले की दृष्टिगत गंग नहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकी सालियर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी रुड़की तथा कोतवाली गंग नहर द्वारा

**❖शिवभक्तों व आमजन की सुरक्षा में कोई कोताही न रहे : सुयाल**

संयुक्त रूप से यातायात व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

कावड़ यात्राशुरू होने वाली है जिसको लेकर हरिद्वार जिला पिलास पुलिस प्रशासन पूरी तरह गंभीरता से कम कर रहा है यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष यातायात व्यवस्था को दुरुस्त



रखने के प्रबंध किए जा रहे हैं एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल व सी ओ रुड़की नरेंद्र पंत ने आज सालियर चेक पोस्ट परकावड़ यात्रा के मद्देनजर वहां कीस्थिति काहाल देखा और यातायात व्यवस्था किस तरह बहतर रहे इसको लेकर पुलिस उपाधीक्षक रुड़की में कोतवाली इंस्पेक्टर गंग नहर के साथ विस्तार से चर्चा की। एसपी देहात ने अधीनस्थों को साफ-सिधार दिया की यात्रा को से कुशल संपन्न कराना पहली प्राथमिकता में शामिल है और यातायात व्यवस्था को बेहतर से बेहतर करना भी हमारी पहली जिम्मेदारी है। इसलिए आस्था को बेहतर करने के लिए तमाम जगहों को चिन्हित किया जा रहा है ताकि आमजन व यात्रियों को कोई तकलीफ ना हो और उनकी सुरक्षा का भी खास ख्याल रखने की हिदायत दी गई है।

# गृहिणी से सफल उद्यमी बनीं बबली : रीप परियोजना से मिली उड़ान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** हरिद्वार जनपद में ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना (ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना), महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्य विकास अधिकारी महोदया के निर्देशों के क्रम में, जनपद हरिद्वार के समस्त विकासखंडों में अल्ट्रा पूवर सपोर्ट, एंटरप्राइजेज (फॉर्म और नॉन फॉर्म), सीबीओ लेवल के एंटरप्राइजेज की स्थापना की गई है, इसी कड़ी में, ग्राम उदलहेडी की निवासी श्रीमती बबली ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के सहयोग से एक सफल प्रोविजन स्टोर की स्थापना कर आत्मनिर्भरता की एक नई मिसाल कायम की है।

जानकारी के अनुसार श्रीमती बबली, पहले एक गृहिणी थीं और निम्न वर्गीय परिवार से होने के कारण जीवन संघर्षों से भरा था। अब शिव स्वयं सहायता समूह की एक सक्रिय सदस्य हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की सहायता से वह एसएचजी से जुड़ीं और अपनी पहचान बनाई. ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के स्टाफ द्वारा लगातार बैठकों के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने के बाद, उन्होंने एक एकल उद्यम (प्रोविजन स्टोर) के रूप में प्रोविजन स्टोर खोलने का निर्णय लिया। ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना ने उनके इस सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. परियोजना से उन्हें 75,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई, जिसके साथ 75,000 रुपये लाभार्थी अंशदान और 1,50,000 रुपये बैंक ऋण के रूप में कुल 3,00,000 रुपये की लागत से प्रोविजन स्टोर की शुरुआत हुई. इस सहयोग के परिणामस्वरूप, बबली अब प्रति माह 15,000 से 20,000 रुपये की आय अर्जित कर रही हैं , जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है. बबली ने ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना का धन्यवाद किया है, ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना जैसी पहलें वास्तव में ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

# लक्सर पुलिस ने असामाजिक स्टंटबाज तत्वों पर की कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस ने ऑपरेशन लगाम के अंतरगत असामाजिक तत्वों के वीरद्ध करवाई की है जो सार्वजैनिक स्थानों पर शराब का सेवन रेस ड्राइविंग स्टंट बाजी शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ एमवी एक्ट के अंतर्गत करवाई की है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लकसर ने जानकारी देते हुए बताया पुलिस माहानिरीक्षक गढ़वाल परीक्षेत्र द्वारा वर्तमान में चलाये जा रहे ऑपरेशन लगाम के दृष्टिगत एसएसपी हरिद्वार के आदेश अनुसार 15 जून 2025 को लक्सर पुलिस द्वारा टीमों का गठन कर बारीकी से चेकिंग अभियांन चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर शराब मादक पदार्थोओं मोडिफाइड साइलेंसर हुटर लगे वहनों चालको शराब पीकर वाहन चलाने वालों ब्लैक फिल्मी लगे वहनों पर रेस ड्राइविंग स्टंट करने वालों के वीरूद्ध अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग की गई अभियांन के अंतर्गत पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सार्वजैनिक स्थानों पर शराब मादक पदार्थो का सेवन करने वाले 16 लोगों के वीरूद्ध 81 पुलिस एक्ट और आठ लोगों के वीरूद्ध एमवी एक्ट में कारवाई की गई उन्होंने यह भी कहा की सभी वाहन चलाने वालों को चाहीये की सरकार के द्वारा बनाए गए नियम का पालन करें और अपने आप को सुरक्षित रखें

### बीटी गंज आर्य समाज का वार्षिक चुनाव संपन्न

# उदयवीर प्रधान वं सतीश कुमार बने मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीटी गंज आर्य समाज सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। यह चुनाव डॉक्टर श्याम सिंह, चंद्र प्रकाश आर्य, एवं वीरेंद्र कुमार वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बीटी गंज आर्य समाज सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। वार्षिक चुनाव के अंतर्गत उदयवीर सिंह यादव प्रधान पद, उप प्रधान पद के लिए विजय सिंह वर्मा, मंत्री पद के लिए सतीश कुमार आर्य, वरिष्ठ उप मंत्री सतपाल सिंह, उप मंत्री राजकुमार अनेजा, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार राठी, पुस्तकालय अध्यक्ष राकेश कुमार, उप पुस्तकालय अध्यक्ष रविंद्र कुमार, प्रचार मंत्री पवन कुमारएवम् लेखा निरीक्षक पद पर सतीश कुमार निर्वाचित हुए। यह चुनाव डॉक्टर श्याम सिंह, चंद्र प्रकाश आर्य, एवं वीरेंद्र कुमार वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसके अतिरिक्त अंतरंग सदस्य में हरफूल सिंह राठी, विशाल, आलोक कुमार द्विवेदी एवं ब्रह्मानंद को मनोनीत किया गया। अंत में निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई।

# चारधाम यात्रा के चलते पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियांन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा चार धाम यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए चेकिंग अभियांन चलाया है जिसमें अवैध रूप से रह रहे हैं लोगों में खलबली मच गई है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लकसर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा चार धाम यात्रा के मध्य नजर जनपद में निवास कर रहे बाहरी व्यक्तियों व होटल ढाबों में कार्य करने वाले व्यक्तियों बाजारों में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों फड फेरी व वाहनों की बारीकी से चेकिंग कर प्रभावित करवाई करने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम बनाई गई गठित पुलिस टीम के द्वारा सत्यापन की कारवाई करते हुए अभियांन के दौरान 130 व्यक्तियों के सत्यापन किया गया 19 चालान 81 पुलिस एक्ट उनसे 4750 संयोजक शुल्क वसूला गया उन्होंने आम जन से यह भी कहा की अगर कहीं भी कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई डे तो उसकी सूचना तुरंत ही लक्सर पुलिस को दे जिससे वक्त रहते हुए उसके खिलाफ सख्त करवाई अमल में लाई जा सके।

# पैर फिसलने से नहर में गिरा युवक, तेज बहाव में बहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दोस्तो के साथ घूमने आया युवक पैर फिसलने से नहर में जा गिरा। जब वह डूबने लगा तो दोस्तो ने शोर मचाया। मौके पर मौजूद जल पुलिस और मोनू जलवीर ने युवक को बचा लिया। लोगों ने मोनू की तारीफ की है।

जानकारी के अनुसार दोस्तो के साथ घूमने आया युवक पैर फिसलने से नहर में जा गिरा और लापता हो गया। 24 वर्षीय अक्षय पुत्र सुखपाल सिंह निवासी चुड़ियाला अपने दोस्त प्रदीप और विपिन के साथ रुड़की में घूमने आया था वह सोलानी पार्क के समीप नहर किनारे बैठे थे तभी उसका पैर फिसल गया। पैर फिसलते ही वह नहर के तेज वहाव में बह गया। उसके दोस्तों ने शोर मचाया तो मौके पर मौजूद जल पुलिस कर्मचारियों और मोनू जलवीर के द्वारा सोनाली पुल के पास सकुशल निकाल लिया। लोगों ने मोनू की तारीफ की है।

# नीट परीक्षा पास कर हर्षवर्धन ने किया पनियाला का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ग्राम पनियाला चंदापुर के छात्र हर्षवर्धन ने ने नीट की परीक्षा पास करके अपने गांव का नाम रोशन किया। इससे तमाम गांव वासी काफी खुश हैं। नीट परीक्षा पास करने से हर्षवर्धन का डॉक्टर बनने का रास्ता खुल गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पनियाला चंदापुर के छात्र हर्षवर्धन ने ने नीट की परीक्षा पास करके अपने गांव का नाम रोशन किया। हर्षवर्धन की दो बड़ी बहनें भी एमबीबीएस कर रही है। हर्षवध



न ने इस कामयाबी के लिए अपने मां-बाप और गुरुजनों का आशीर्वाद बताया उन्होंने कहा कि यदि कांसेप्ट क्लियर हो और दिल से पढ़ाई की जाए तो बड़ी से बड़ी परीक्षा भी पास की जा सकती है वह आगे चलकर कार्डियोलॉजिस्ट बनना चाहते हैं। हर्षवर्धन के पिता अशोक कुमार राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौरी के प्रधानाचार्य हैं उन्होंने कहा कि सफलता का रास्ता कठिन चढ़ाईयों से होकर गुजरता है हर्षवर्धन की माता जी ग्रहणी है राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नन्हेड़ा के प्रधानाचार्य ताजीम अली ने भी घर पहुंच कर बच्चे को बधाई दी।

# स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग एवं प्राणायाम जरूरी : काला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति द्वारा आज से एक सप्ताह के लिए योग शिविर आयोजित किया गया है जो 22 जून तक चलेगा। इस अवसर पर काला ने कहा कि स्वस्थ एवं सुखद जीवन जीने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कुछ आराम या निद्रा को त्यागना होगा और योग प्राणायाम कर अपने जीवन को रोग मुक्त करना होगा।

योगाचार्य श्रीमती सर्वेश गोस्वामी ने आज योग एवं प्राणायाम की विभिन्न विधाओं जिनमें कपाल भाति, अनुलोम -,विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी,सिंह गर्जना,आदि विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास करवा कर स्वस्थ जीवन जीने की ओर प्रेरित किया।आज



योग शिविर में उपाध्यक्ष जिवा नन्द बुडाकोटी, सम्पत्ति सचिव दिगम्बर सिंह नेगी, आदर्श शिवाजी कालोनी महिला अध्यक्षा श्रीमती संतोषी राणा शिवाजी कालोनी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बिष्ट,म अ नन्दा ऐरी,अशोक नगर म अ भागीरथी रोतेला,सरोज बड़थ्वाल, श्रीमती रजनी बिष्ट,योगम्बर सिंह रौथाण,पं एच डी देवरानी, आदि ने योग शिविर में भाग लिया।

# कार और बाइक की टक्कर, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कार व बाइक की टक्कर हो जाने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को रुड़की चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहां से उन्हें हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को देवबंद-मंगलौर मार्ग पर गोकलपुर गांव के पास एक बाइक की कार से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। ग्रामीण दोनों घायलों को स्थानीय चिकित्सक के पास ले गए।

उसने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को रुड़की चिकित्सालय में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोनों घायलों की पहचान जनपद सहारनपुर के देवबंद निवासी याकूब व इरफान के रूप में हुई है। हादसे के बाद कार चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है।

# झाड़ फूंक के नाम पर पहले नकदी ली फिर युवती से किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** झाड़ फूंक करने वाले ने एक महिला से उसकी बेटी के सिर पर जिन्न उतारने के लिए पूजा के नाम पर हजारों की नकदी ले ली। यही नहीं एकांत में पूजा कराने के नाम पर उसकी बेटी को होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार झाड़ फूंक करने वाले ने एक महिला से उसकी बेटी के सिर पर जिन्न उतारने के लिए पूजा के नाम पर हजारों की नकदी ले ली। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने एसीजेएम कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि उसकी बेटी की तबीयत खराब रहती थी। जब दवा खाने के बाद भी वह ठीक नहीं हुई तो वह उसे जनवरी 2025 में कलियर ले गई। यहां उसे सुशीला नाम की महिला मिली। उसने बताया कि भारूवाला लक्सर निवासी समर सिंह झाड़ फूंक का काम करता है और उसकी बेटी को पूरी तरह ठीक कर देगा। महिला के साथ वह समर सिंह के घर चली गई। यहां समर ने उसे विश्वास में लेने के लिए उसकी बेटी के शरीर पर एक निशान बताया। महिला ने बेटी को अलग ले जाकर उसके शरीर पर वह निशान देखा तो उसे विश्वास हो गया। बताया कि उसकी बेटी के सिर पर जिन्न का साया है। इसके बाद समर सिंह ने कुछ पूजा की और कहा कि उसकी बेटी की तबीयत सुधर जाएगी। महिला ने समर सिंह को एक हजार रुपये भी दिए लेकिन घर आने के बाद बेटी की तबीयत बिगड़ती चली गई। इसपर एक दिन समर घर आया और पूजा करने के एवज में 10 हजार रुपये लिए। इस दौरान आरोपी एकांत में पूजा करने का झांसा देकर उसकी बेटी को रोडवेज के पास एक होटल में ले गया और दुष्कर्म किया। इसके बाद किसी को बताने पर उसके सिर पर फिर से जिन्न आने का भय दिखाया। घर पहुंची बेटी को उदास देखकर उसे पूछताछ की तो आरोपी की करतूत पता चली। इसके बाद पुलिस को तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट से गुहार लगाई। इंस्पेक्टर मणि भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## नरेश त्यागी बने त्यागी समाज एवं विकास कल्याण समिति के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** त्यागी समाज एवं विकास कल्याण समिति की रविवार को एक बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से समिति के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नरेश त्यागी को चुना गया। त्यागी समाज विकास एवं कल्याण समिति उत्तराखंड के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नरेश त्यागी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है। वह उन्हें पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। समाज की हर समस्या के निस्तारण के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे।

# बाइक फिसलने से दो घायल

**लंढौरा।** गाधारोणा के पास बाईक फिसलने से दो युवक घायल हो गये। राहगीरें ने दोनों को अस्पताल भिजवाया और परिजनों को इसके बाबत जानकारी दी।

जानकारी के अनुसार सिक्खर गोंव निवासी वासु अपने साथी के साथ बाईक पर सवार होकर लंढौरा जा रहा था जब वह गाधारोणा हनुमान मंदिर के पास पहुंचा तो उसकी बाईक अचानक फिसल गयी। जिसमे वासू और उसका दोसत घायल हो गये आसपास के लोगों ने उठाया ओर अस्पताल भेजा परिजनों को सूचना दी गयी है।

**जन्मदिन पार्टी में डांस को लेकर मारपीट** **रूडकी।** जन्मदिन की पार्टी में डासं करने को लेकर दो युवकों में कहासुनी हो गयी बात बढने पर जमकर पहले गाली गलौज फिर मारपीट हो गयी। जिसमें एक युवक का सिर फूट गया। लोगों ने मामला शांत कराकर पीडित को असपताल में भर्ती कराया। बाद में पीडित की तरफ से दो तीन युवकों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर गयी है। पुलिस छानबीन कर रही है।

# वरिष्ठ नागरिक परिषद ने धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन स्थित एक होटल में वरिष्ठ नागरिक परिषद रुड़की का वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों का सम्मान एवं गीत भजन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं स्वागत गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में झरोखा पत्रिका का विमोचन किया गया और उसके बाद विशेष वरिष्ठ जनों में प्रो. नवनीत अरोरा, डॉ मधुराका सक्सेना एवं पंकज गर्ग को मोमेंट देकर सम्मानित किया गया। अति वरिष्ठ जनों में एससी हांडा, एमएल गुप्ता, एच एम कपूर, विनोद शर्मा, राधेश्याम गोयल को सम्मानित किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में वार्षिक आय-व्यय रिपोर्ट रखी गई। कार्यक्रम में पंकज गर्ग द्वारा बांसुरी वादन, अभिलाषा जैन द्वारा गीत, श्री कृष्ण अवतार मिश्रा द्वारा व्याख्यान, नरेंद्र आहूजा द्वारा लघु नाटिका एवं



पंकज गर्ग द्वारा गीत गजल एवं दिलीप प्रधान द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। वहीं हास्य कवि सज्जाद झंझट ने उपस्थित लोगों को कविता सुनाकर लोटपोट कर दिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मधुराका सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में मेयर अनीता अग्रवाल, ललित मोहन अग्रवाल, अध्यक्ष विनोद शर्मा, सचिव डॉ. विकास गोयल, कोषाध्यक्ष बलराम गुप्ता, पूर्व रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुभाष सरीन, हर्ष प्रकाश काला, वाईपी सिंह, बीना सिंह आदि उपस्थित रहे।

### शाह मंजर ऐजाज साबरी के दसवें सालाना उर्स का हुआ आगाज

# चादर पोशी व कुल शरीफ की रस्म की गई अदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह अब्दाल साहब में शाह मंजर ऐजाज साबरी कुद्दूसी उर्फ शिम्मी मियां के दसवें सालाना उर्स का आगाज दरगाह साबिर के सज्जादानशीन शाह अली ऐजाज साबरी कुद्दुसी और शाह यावर अली ऐजाज साबरी की सरपरस्ती में किया गया। शनिवार शाम को दरगाह साबिर पाक के सज्जादानशीन शाह अली

**❖सज्जादानशीन शाह अली ऐजाज साबरी कुद्दुसी और शाह यावर अली साबरी ने करायी रस्म की अदायगी**

ऐजाज साबरी और शाह यावर अली ऐजाज साबरी सैकड़ो अकीदतमंदों के साथ दरगाह साबिर पाक में पहुंचकर चादर और फूल पेश किए। उसके बाद दरगाह अब्दाल साहब में शाह मंजर ऐजाज साबरी उर्फ शिममी मियां के मजार शरीफ पर चादर और अकीदत के फूल पेश किए।उसके बाद कुल शरीफ की रस्म अदा की गई।इस दौरान शाह अली ऐजाज साबरी और शाह यावर अली ऐजाज साबरी ने मुल्क की एकता खुशहाली के लिए दुआ की। रात को बाद नमाजे मगरिब लंगर तकसीम



(बांटा) गया। ईशा की नमाज के महफिल समां का आयोजन किया गया। महफिल समां के बाद उर्स सम्पन्न किया गया। उर्स में पंजाब, सूरत ,चंडीगढ़ बरैली, रामपुर मुरादाबाद आदि जगहों से अकीदतमंदों ने शिरकत की।इस दौरान उर्स में सज्जादानशीन गंगोह गुडडू मियां,आशीक मियां,बाबा सूफिया ,नईम चिश्तिया,बाबा मिस्सी साबरी, सय्यद उमर मिशकीनी, रमजान साबरी, डेनी साबरी, यासिर मियां, सुहैल मियां प्रतिनिधि सज्जादानशीन, गाजी मियां आदि मौजूद रहें।

# सम्पादकीय

सोमवार, 16 जून 2025

## डब्ल्यू-डब्ल्यू 3 की आहट

क्या दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध की तरफ बढ़ रही है। जिस तरह इजरायल व ईरान एक-दूसरे पर भयानक व विनाशकारी हमले कर रहे हैं और यह सिलसिला पिछले तीन दिन से लगातार जारी है, उसको देखकर यह आशंका प्रबल हो चली है कि यह संघर्ष तीसरे विश्वयुद्ध को जन्म दे सकता है। यह आशंका यूं ही नहीं है। एक तरफ जहां इजरायल के साथ अमेरिका सीना तानकर खड़ा है और पश्चिमी देश भी इजरायल को सहयोग करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ ईरान के साथ रूस, चीन, उत्तर कोरिया जैसे देश लामबंद होते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि ऐसे देश भी हैं, जो दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील कर रहे हैं, लेकिन यह अपील कोई कारागर होती दिखाई नहीं दे रही है। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच इजरायल-ईरान संघर्ष को लेकर लगभग 50 मिनट की बातचीत भी टेलीफोन पर हो चुकी है, जिसमें दोनों नेताओं ने चिंता जताई और इस युद्ध पर कैसे लगाम लगाई जाए, इस पर चर्चा की है, लेकिन उसका नतीजा भी अभी तक जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा है। युद्ध कितना भयावह हो चला है, इसका अंदाजा इसी बात से चल जाता है कि ईरान व इरायल दोनों के बड़े शहरों में इस समय मौत का तांडव मचा है और चारों तरफ वहां आग ही आग और धमाके सुनाई दे रहे हैं। मिसाइलें ऐसे बरस रही हैं जैसे कोई आतिशबाजी हो रही हो। इसमें कोई दोराय नहीं है कि मौजूदा हालात में जिस तरह का वातावरण बना है, उसके लिए इजरायल पूरी तरह जिम्मेदार है। ऐसे समय में जब अमेरिका व ईरान के बीच न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता चल रही थी और उस वार्ता का छठां दौर रविवार को होना था, उससे पहले ही ईरान पर हमले का कोई मतलब नहीं बैठता। यही कारण है कि कई जानकार लोग यह मानते हैं कि ईरान को बातचीत में उलझाकर बड़ी चालाकी के साथ ईरान पर हमला बोला और उसके कई वैज्ञानिक, सैन्य कमांडर सहित दर्जनों महत्वपूर्ण ठिकानों पर हमले बोले। स्थिति कितनी विचित्र है कि डोनाल्ड ट्रम्प अपने बयानों से कई विरोधाभास पैदा कर रहे हैं। एक तरफ कहते हैं कि अगर ईरान को महाविनाश से बचना है, तो उसे परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौता करना ही होगा। नहीं तो उसका कुछ भी नहीं बचेगा। दूसरी तरफ कहते हैं कि अमेरिका का ईरान पर हमले से कोई लेना-देना नहीं है और वह ईरान को चेतावनी भी देते हैं कि वह अमेरिकी हितों पर हमला करने की गलती न करे। नहीं तो उसका अंजाम अच्छा नहीं होगा। जबकि ईरान साफ कर चुका है कि जो भी इजरायल को समर्थन करेगा, वह भी उसको अपने दुश्मन के रूप में ही लेगा और उस पर सीधे सैन्य कार्रवाई करेगा। जाहिर है यह पूरा परिदृश्य विश्व पटल पर बड़ी भयावह तस्वीर पेश कर रहा है, क्योंकि भले ही देखने में यह संघर्ष ईरान व इजरायल के बीच हो रहा है, लेकिन अगर बात आगे बढ़ती है जो कि बढ़ती दिखाई भी दे रही है, तो यह पूरी दुनिया को प्रभावित करेगी। ऐसे में यह पूरी दुनिया की भी जिम्मेदारी बनती है कि मध्य पूर्व में तनाव कम करने के लिए वह आगे आए, क्योंकि इस समय जिस तरह के हालात हैं, अगर यह यहां नियंत्रित नहीं होते तो चीजें हाथ से निकल भी सकती हैं।


### हम देश को नक्सलवाद मुक्त कर देंगे



केंद्र की मोदी सरकार में देश सुरक्षित हुआ है, पहले 11 जिलों में नक्सलवाद हावी था, आज सिर्फ तीन जिले बचे हैं, मेरी बात याद रखना 31 मार्च 2026 को हम देश को नक्सलवाद मुक्त कर देंगे, कांग्रेस शासन में आए दिन आतंकवादी हमले होते थे, मोदी के शासन में तीन बार प्रयास हुआ, उरी में हमला किया, तो सर्जिकल स्ट्राइक किया, पुलवामा किया, तो हमने एयर स्ट्राइक किया, पहलगाम में हमला किया तो ऑपरेशन सिंदूर से हमने उनके मुख्यालय को जमीन में मिला दिया, जहां पर बैठकर वो इंटरव्यू देते थे, वहां से रोने के उनके वीडियो सामने आ रहे हैं।

-अमित शाह
केंद्रीय गृहमंत्री

# इस्लामी इतिहास का एक महत्वपूर्ण पर्व है ईद-ए-गदीर





कमर अब्बास

दुनिया के तमाम इलाही मजाहिब, एक परवरदिगार के अलावा किसी की इबादत करने को गुनाह करार देते हैं। तमाम मजाहिब में इलाही कानून को समझाने के लिए मुखतलिफ शख्सियात का जिक्र तारीखी किताबों में मिलता है जिन्होंने उस मजहब के कानूनों के मुताबिक जिन्दगी गुजार कर अपने वक्त और आने वाले वक्त के आम इंसानों के लिए राहे अमल तैयार की। इस्लाम में ऐसी शख्सियात की फेहरिस्त में सबसे अव्वल और आलातरीन नाम हुजूर मुहम्मद मुस्तफा (स.) का है जिन्होंने अरब के अंधेरे को ताकयामत दिन के उजाले में तब्दील कर दिया। अरब में फैली तमाम जहालत को दूर करके, इल्म और अमल की बाकमाल ताकत से दुनिया को आशना कराया। इस फेहरिस्त में दूसरा नुमायां नाम हजरत अली का है जिन्होंने हुजूर के ऐलान यह नबुव्वत से पहले ही आपकी गोद में परवरिश पाई और इस्लामी कानूनों के अमल को ना सिर्फ दुनिया में उरूज पाते देखा बल्कि उस परवाज का हिस्सा भी रहें। हुजूर (स.) से आपकी नजदीकी का यह आलम था कि हुजूर (स.) ने खुद को शहरे इल्म और अली को उस शहर का दरवाजा करार दिया यानी जिसे हुजूर स. के इल्म तक पहुंचना है उसे दरवाजे यानी अली से होकर गुजरना होगा। इसी तरह एक और जगह हुजूर स. ने खुद को और अली को एक ही नूर के दो टुकड़े करार दिया।

इस नजदीकी का नुकता यह कमाल, हुजूर स. की जिन्दगी के पहले और आखिरी हज से वापसी के दौरान मैदान यह खुम में दिया गया खुतबा है जिसमें आप ने हाजी सहाबियों की कसीर तादाद के सामने अल्लाह की हम्द के बाद अपनी हैसियत बयान की फिर वहां मौजूद तमाम लोगों से अपनी सरपरस्ती, हुकूक ओ विलायत का इकरार लिया। हाजरीन ने अली को मुबारकबाद पेश की और उनकी विलायत का इकरार किया। इस मौके को गदीर ए खुम के नाम से जाना जाता है। इस तारीख को लिखने का सबब जहां एक तरफ 18 जिल्हिज को यौमे गदीर को ईद-ए-गदीर के तौर पर याद करते हुए आप सब को मुबारकबाद पेश करना है वहीं दूसरी तरफ यह भी याद दिलाना है कि इस्लाम की इन दोनों आलातरीन शख्सियात ने हम्द यह खुदा के साथ-साथ इल्म और अमल की कसरत से तालीम दी है। दोनों की बशरी जिन्दगी जहां एक तरफ इंसानियत की खिदमत को अव्वलतरीन दर्जा देती है वहीं दूसरी तरफ जुल्म और बातिल की खुली मुखालफत को भी पहला फर्ज करार देती है।

इस्लाम का बुनियादी कलमा ला यानी इंकार से शुरू होता है जो किसी भी झूठ की खुली मुखालफत है। इसी ला की वजह से आप दोनों और आपकी नस्लों ने बेशुमार परेशानियों और मजालिम का सामना किया लेकिन कभी बातिल से दोस्ती तो दूर कभी राजी भी नहीं हुएं। ऐसी शख्सियात को जिन्दगी का रोल मॉडल मानने का दावा करने वाली कौम के चमकते चेहरे माने जाने वाले लोग आज बातिल से ना सिर्फ राजी हैं बल्कि उससे दोस्ती को फख्र का सबब समझने लगे हैं। बातिल की तमाम निशानियां जैसे तड़क भड़क का दिखावा, गरीबों और कमजोरों पर जुल्म, कुफ की ताकतों की तारीफ, दौलत को ईमान पर तरजीह देना, जिस्मानी मेहनत को कमतर समझना, झूठी तारीफों से खुश होना वगैरह, आज कौम में आम हो चुकी हैं। इसलिए ईद ए गदीर मनाते हुए हम सब अपने अपने गिरेबान में झांककर ईमानदारी से वो सिफात तलाश करें जो इस्लाम की आलातरीन शख्सियात ने अपने चाहने वालों में होने को वाजिब बताया है और अगर कोई कोताही पाएं तो उसे दूर करके उन सिफात को अपनी जिन्दगी में उतारने की कोशिश करें वरना याद रखिए यह ईद भी रस्म होगी और आने वाला मुहर्रम भी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बातिल के सामने न झुकने का पर्व है ईद-ए-गदीर

इस्लाम धर्म के इतिहास में कई महत्वपूर्ण घटनाएं घटित हुई हैं, जिनका व्यापक प्रभाव मुसलमानों की धार्मिक, सामाजिक और राजनैतिक दिशा में पड़ा है। ऐसी ही एक महत्वपूर्ण घटना है ईद-ए-गदीर, जिसे शिया मुसलमान बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाते हैं। यह दिन पैगम्बर हजरत मोहम्मद (स.अ.) द्वारा अपने चचेरे भाई और दामाद हजरत अली को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त करने की स्मृति में मनाया जाता है। यह घटना इस्लामी इतिहास की सबसे निर्णायक घटनाओं में से एक मानी जाती है।

**गदीर का ऐतिहासिक प्रसंग**

गदीर एक अरबी शब्द है जिसका अर्थ है जलाशय या तालाब। गदीर-ए-खुम वह स्थान है जहां यह ऐतिहासिक घटना घटी। हिजरी 10वीं वर्ष (632 ई.) में हज के अवसर पर, पैगम्बर मोहम्मद (स.अ.) ने अंतिम हज (हजतुल विदा) किया। जब वह मक्का से लौट रहे थे, तो गदीर नामक स्थान पर (जो मक्का और मदीना के बीच स्थित है) उन्होंने एक बहुत बड़ा जनसमूह एकत्र किया। यह लगभग 1,20,000 लोगों की भीड़ थी। इस जनसमूह के सामने उन्होंने एक ऐतिहासिक भाषण दिया, जिसे खुत्बा-ए-गदीर कहा जाता है। इसी भाषण में उन्होंने हजरत अली का हाथ उठाकर कहा घोषणा की। यह घोषणा केवल आत्मीयता या निकटता का प्रतीक नहीं थी, बल्कि एक आधिकारिक उत्तराधिकार का स्पष्ट संकेत था। इस घोषणा के बाद पैगम्बर ने हजरत अली का हाथ उठाया और उन्हें नेतृत्व सौंपा।

**हजरत अली का व्यक्तित्व**

हजरत अली न केवल पैगम्बर के दामाद थे, बल्कि वह एक महान योद्धा, न्यायप्रिय खलीफा, विद्वान और आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी थे। उनके कथन और कार्य आज भी न्याय, ईमानदारी, और नेतृत्व के प्रतीक माने जाते हैं।

**ईद-ए-गदीर का वर्तमान संदर्भ**

आज जब दुनिया में धार्मिक मतभेद और सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहे हैं, ईद-ए-गदीर का संदेश हमें एकता, नेतृत्व में पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों की याद दिलाता है। यह पर्व एक प्रेरणा है कि समाज में नेतृत्व योग्यता, चरित्र और ईश्वर की मरजी के अनुसार चुना जाना चाहिए। ईद-ए-गदीर, विशेष रूप से शिया मुसलमानों के लिए, एक बहुत ही बड़ा धार्मिक पर्व है। यह दिन-

1. इमामत की स्थापना का दिन है।
2. नेतृत्व की आधिकारिक घोषणा का दिन है।
3. विलायत (नेतृत्व) और तौहीद (एकेश्वरवाद) के परिप्रेक्ष्य में एकता का संदेश देता है।

(एस. आर. ज़ैदी)

# राफेल गिराने का दावा, डसॉल्ट ने पाक को लताड़ा

**भारत ने अभी तक ऑपरेशन के दौरान विमानों के नुकसान का विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया है। हालांकि, एयर मार्शल ए.के. भारती, महानिदेशक एयर ऑपरेशन्स ने ११ मई को प्रेस ब्रीफिंग में इसी तरह के सवाल का जवाब दिया था। उन्होंने मिशन की सफलता पर जोर देते हुए कहा, हम युद्ध की स्थिति में हैं। हारना युद्ध का ही एक हिस्सा है। भारती ने कहा, आपको यह सवाल पूछना चाहिए कि क्या हमने आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने का अपना उद्देश्य हासिल कर लिया है।**



अक्षत श्रोत्री

शायद कोई ही ऐसा दिन जाता होगा जब दुनिया भर में पाकिस्तान अपनी बेइज्जती ना करवाता हो। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। डसॉल्ट एविएशन के सीईओ एरिक ट्रैपियर ने पाकिस्तान के इस दावे को खारिज कर दिया है कि पिछले महीने हुए संघर्ष के दौरान भारत ने राफेल जेट खो दिए थे, उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद ने जो कहा वह ष्गलतष है। डसॉल्ट एविएशन राफेल जेट बनाती है, जो भारतीय वायु सेना का सबसे उन्नत लड़ाकू विमान है।


फ्रांसीसी पत्रिका चैलेंजेस से बात करते हुए ट्रैपियर ने पाकिस्तान के इस दावे का खंडन किया कि 7-10 मई को भारतीय और पाकिस्तानी सेना के बीच संघर्ष के दौरान तीन राफेल जेट विमानों को मार गिराया गया था। टकराव के दौरान भारत के कम से कम एक राफेल के नुकसान के बारे में रिपोर्ट के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए, ट्रैपियर ने कहा, भारतीयों ने संवाद नहीं किया है, इसलिए हमें ठीक से नहीं पता कि क्या हुआ। हम पहले से ही जानते हैं कि पाकिस्तानी जो कह रहे हैं वह गलत है। उन्होंने हवाई युद्ध के परिणामों पर परिप्रेक्ष्य जोड़ते हुए इस बात पर बल दिया कि किसी सैन्य मिशन की सफलता का आकलन केवल क्षति की अनुपस्थिति से नहीं किया जा सकता। जब आप लड़ाकू विमान उड़ाते हैं, तो आप एक मिशन को अंजाम दे रहे होते हैं।

मिशन की सफलता शून्य नुकसान नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य पूरा होना है। डसॉल्ट के सीईओ ने एक ऐतिहासिक समानता बताई द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, यह नहीं कहा गया था कि मित्र राष्ट्र इसलिए युद्ध हार गए क्योंकि उन्होंने अपने सैनिक खो दिए थे। ट्रैपियर ने कहा, हम देखेंगे कि क्या कोई नुकसान हुआ और क्या युद्ध के उद्देश्य पूरे हुए। जब सच्चाई सामने आएगी तो कुछ लोग हैरान हो सकते हैं। इस्लामाबाद ने पहले दावा किया था कि उसने 7 और 10 मई को छह भारतीय विमानों को मार गिराया था। यह शत्रुता भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद शुरू हुई थी, जिसमें पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया गया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

भारत ने अभी तक ऑपरेशन के दौरान विमानों के नुकसान का विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया है। हालांकि, एयर मार्शल ए.के. भारती, महानिदेशक एयर ऑपरेशन्स ने 11 मई को प्रेस ब्रीफिंग में इसी तरह के सवाल का जवाब दिया था। उन्होंने मिशन की सफलता पर जोर देते हुए कहा, हम युद्ध की स्थिति में हैं। हारना युद्ध का ही एक हिस्सा है। भारती ने कहा, आपको यह सवाल पूछना चाहिए कि क्या हमने आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने का अपना उद्देश्य हासिल कर लिया है। इसका उत्तर स्पष्ट रूप से हां है। भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भी इसी तरह की भावनाएं व्यक्त कीं। सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग में बोलते हुए चौहान ने पाकिस्तान के दावों को बिल्कुल गलत बताया। हालांकि उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि संघर्ष के शुरुआती दौर में भारतीय जेट विमान गिराए गए थे, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने या उनमें राफेल शामिल थे या नहीं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या राफेल अब भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लड़ाकू विमानों में से एक है, तो ट्रैपियर ने लड़ाकू जेट की विश्वसनीयता पर दृढ़ता से अपना पक्ष रखा। ष्मुझे लगता है कि राफेल वास्तव में दुनिया का सबसे अच्छा विमान है, एफ-35 से बेहतर है और बाजार में मौजूद सभी चीनी विमानों से कहीं बेहतर है। माना कि एफ-22 जैसे विमानों के साथ सीधे मुकाबले में राफेल को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, उन्होंने इसकी बहुमुखी प्रतिभा पर जोर दिया। यह कहना हमेशा जटिल होता है कि हम पूर्ण रूप से सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन मैं ईमानदारी से सोचता हूं कि हम समझौता करने में सर्वश्रेष्ठ हैं। मान लीजिए कि आप एक ऐसा विमान चाहते हैं जो हवा से हवा में मिशन, टोही, हवा से जमीन पर हमला, परमाणु मिशन और विमानवाहक पोत पर चढ़ने में सक्षम हो। उस स्थिति में, मुझे लगता है कि राफेल वास्तव में दुनिया का सबसे अच्छा विमान है। (ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एआई के सामने क्या भारत का सरकारी तंत्र तैयार है





फहीम तन्हा

आज जब पूरी दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानि एआई की नई क्रांति की ओर बढ़ रही है, भारत भी इस दौड़ में पीछे नहीं है। बड़े शहरों में तो स्टार्टअप, तकनीकी संस्थान और कॉर्पोरेट ऑफिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जादू को अपने काम का हिस्सा बना रहे हैं। चैट-जीपीटी और ग्रोक जैसे टूल्स और मशीन लर्निंग आधारित एप्लिकेशन दिन-प्रतिदिन लोकप्रिय होते जा रहे हैं। दुनियाभर में ओपन एआई ने चैट-जीपीटी और एक्सएआई ने ग्रोक जैसे बहुत रोचक, रोमांचक एआई टूल दे दिए हैं, जो हर समस्या का समाधान सुझाने के लिए प्रसिद्धी पा रहे हैं, लेकिन क्या यही बदलाव देश के ग्रामीण इलाके, किसान, सरकारी कर्मचारी और शिक्षकों तक पहुंच रहा है या एआई केवल शहरों का ही फेमस शो बनकर रह जाएगा? यह सवाल बहुत बड़ा है क्योंकि भारत की 65 प्रतिशत से अधिक आबादी आज भी गांवों में रहती है और इनके बिना भारत का विकास पूरा नहीं हो सकता। ग्रामीण भारत में अभी भी कई मूलभूत समस्याएं जमी हुई हैं। बिजली की अनियमितता, कमजोर इंटरनेट कनेक्शन, कम डिजिटल साक्षरता और पुराने प्रशासनिक सिस्टम। ऐसे में जब देश एक डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युग में प्रवेश कर रहा है, तो क्या यह लाखों गांव, छोटे कस्बे और सरकारी दफ्तर इसकी जटिलताओं को समझ और अपना सकते हैं?

कहा जा सकता है कि सरकार बड़े उत्साह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अथवा कृत्रिम बुद्धिमता आधारित योजनाएं और नीतियां पेश कर रही है पर उनका जमीनी क्रियान्वयन, खासकर गांवों में, फिलहाल संतोषजनक नहीं माना जा सकता है। उदाहरण के लिए, भारत में अब भी लगभग 40 फीसदी ग्रामीण इलाकों में तेज इंटरनेट उपलब्ध नहीं है। सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर की संख्या बेहद कम है, और उनमें भी प्रशिक्षित शिक्षक नहीं हैं। ऐसे हालात में ।प् की शिक्षा और उसका इस्तेमाल कठिन है।

**ऐसे मिलेगा किसानों को फायदा**

किसानों के लिए एआई यानी इस कृत्रिम बुद्धिमता में अपार संभावनाएं हैं, जैसे बेहतर फसल पूर्वानुमान, स्मार्ट सिंचाई, मिट्टी का विश्लेषण, और कीट नियंत्रण के डिजिटल समाधान, लेकिन ज्यादातर किसान न तो स्मार्टफोन के नियमित उपयोगकर्ता हैं और न ही एआई से जुड़े एप्लिकेशन की समझ रखते हैं। भारत में 70 फीसदी से अधिक किसान 10वीं कक्षा से भी कम पढ़े-लिखे हैं, जो डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल में बाधा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को स्थानीय भाषाओं में और सरल तरीके से किसानों तक पहुंचाना नितांत आवश्यक है, नहीं तो यह तकनीक उनके लिए दूर की कौड़ी ही रहेगी।

सरकारी तंत्र भी एआई अपनाने में अभी काफी पीछे है। आज भी सरकारी विभागों में फाइलों का पहाड़ और मैन्युअल कामकाज चलता है। कई बार नई तकनीकें लागू होने के बावजूद कर्मचारियों को उनकी पूरी ट्रेनिंग नहीं मिल पाती। डिजिटल गवर्नेंस तभी सफल हो सकती है जब प्रशासन के हर स्तर पर लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल टूल्स का सही ज्ञान और प्रयोग करना आए। शिक्षा के क्षेत्र में भी एआई की पहुंच सीमित है। जहां बड़े शहरों के तकनीकी संस्थान कृत्रिम बुद्धिमता के बारे में छात्रों को आधुनिक शिक्षा दे रहे हैं, वहीं ग्रामीण स्कूलों में यह एक सपना जैसा है। नई शिक्षा नीति NEP 2020 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को पाठ्यक्रम में शामिल करने की बात हुई है पर सरकारी स्कूलों में अभी भी डिजिटल संसाधनों और प्रशिक्षित शिक्षकों की भारी कमी है। बिना आधारभूत डिजिटल शिक्षा के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई व्यर्थ होगी।

एआई के बढ़ते प्रभाव से नौकरियों को लेकर भी चिंता बढ़ रही है। अनुमान है कि आने वाले दशक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन कई पारंपरिक नौकरियां खत्म कर सकता है, खासकर डाटा एंट्री, क्लर्क, कॉल सेंटर जैसे काम। यह चिंता योग्य है, क्योंकि भारत में लाखों लोग ऐसे कामों पर निर्भर हैं। इसके अलावा, डेटा प्राइवेसी और साइबर सुरक्षा जैसे मुद्दे भी गांव के आम लोगों के लिए नए और समझ से बाहर हैं। इसको आप इस तरह भी समझ सकते हैं कि इस लेख को तैयार करने में भी एआई टूल चौट-जीपीटी की काफी मदद ली गई है।

**कुछ अहम कदम उठाने होंगे जरूरी**

अगर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सफलतापूर्वक भारत के हर हिस्से में फैलाना है तो इसके लिए बड़े पैमाने पर जन जागरूकता और प्रशिक्षण अभियान जरूरी हैं। यह अभियान स्थानीय भाषाओं में होना चाहिए ताकि हर कोई इसका फायदा समझ सके। सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों और किसानों को एआई के फायदों और सीमाओं की जानकारी देना अनिवार्य होना चाहिए। इसके साथ ही, स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा को प्रयोगात्मक और व्यवहारिक बनाना होगा ताकि छात्र इसे सिर्फ पढ़ाई तक सीमित न रखें बल्कि जीवन में इस्तेमाल कर सकें।

यह भी जरूरी है कि एआई की नीति बनाते समय सिर्फ तकनीकी विशेषज्ञ ही नहीं बल्कि सामाजिक वैज्ञानिक, ग्रामीण प्रतिनिधि और आम जनता की भी राय ली जाए। इससे नीति ज्यादा प्रभावी और समावेशी बनेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारत के विकास के लिए एक बड़ी शक्ति हो सकती है, बशर्ते हम इसे पूरे देश के लिए बराबर अवसर के साथ उपलब्ध कराएं। सिर्फ शहरों और बड़े उद्योगों तक सीमित रहने पर यह तकनीक नई सामाजिक और आर्थिक असमानताएं पैदा कर सकती है।

इसलिए कृत्रिम बुद्धिमता की इस नई लहर को हर भारतीय के लिए एक अवसर बनाना होगा, न कि एक खतरा। इसके लिए हमें न केवल बुनियादी डिजिटल अवसंरचना मजबूत करनी होगी, बल्कि शिक्षा, प्रशिक्षण और सरकारी प्रशासन को भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुकूल बनाना होगा। तभी इस संक्षिप्त एआई के नाम से मशहूर हो चुकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का वादा पूरा हो सकेगा और भारत एक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील राष्ट्र बन सकेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बड़े एक्शन की तैयारी में इजरायल

# ईरान-इजरायल में संघर्ष चरम पर

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान और इजरायल ने शनिवार देर रात एक बार फिर एक-दूसरे पर कई मिसाइलें दागीं। दोनों देशों के बीच बीते 3 दिनों से संघर्ष जारी है।

इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने ईरान में मिलिट्री हथियार फैक्ट्रियों और उनके आसपास रहने वाले नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी दी है। आईडीएफ के कर्नल अविचय अद्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हथियार फैक्ट्रियों के पास रहना ईरानियों के लिए खतरनाक हो सकता है। इजरायल का दावा है कि उसने तेहरान में रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया है। इसके अलावा तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत 150 से ज्यादा ठिकानों को तबाह किया है। पिछले तीन दिनों के दौरान इजरायली हमले से ईरान में 138 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हैं। ईरान की राजधानी तेहरान समेत 7 राज्यों में एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव कर दिया गया है। ईरान ने भी पलटवार करते हुए इजरायल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। इसमें 13 इजरायली मारे गए हैं और 300 से ज्यादा घायल हैं। इजरायल के हाइफा शहर के बाजान तेल रिफाइनरी सेंटर को भी नुकसान पहुंचा है। ईरान ने कहा है कि अगर इजरायल हमले रोक लेता है तो ईरान भी रोक देगा। हालांकि इस पर इजरायल की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं आया है।



■ मिलिट्री लोकेशन खाली करें ईरानी नागरिकः इजरायल

■ ईरान ने इजरायल की हाइफा रिफाइनरी पर मिसाइल दागी

## इजरायल को हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने से रोके अमेरिकाः इराक

**बगदाद।** इराक ने अमेरिका से इजरायली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र में घुसकर हमले करने से रोकने की अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया है। इराक के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के प्रवक्ता सबाह अल-नुमान ने शनिवार को कहा कि इराक सरकार ने अमेरिका से द्विपक्षीय समझौतों और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत अपनी जिम्मेदारियां निभाने की मांग की है। इराक ने दोहराया कि वह अपने हवाई क्षेत्र के किसी भी उल्लंघन या उसे ईरान या अन्य पड़ोसी देशों पर इजरायली हमलों के लिए इस्तेमाल किए जाने का सख्त विरोध करता है। बयान में कहा गया है कि इराक ने संकट का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए अब तक अत्यधिक संयम बरता है। प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि इराक को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता के किसी भी उल्लंघन पर जवाब देने का पूरा अधिकार है। इराक ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक आधिकारिक शिकायत दर्ज की, जिसमें सैन्य अभियान चलाने के लिए इजरायल की ओर से उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने की निंदा की गई।

## हजारों न्यूयॉर्कवासी ट्रम्प प्रशासन के खिलाफ राष्ट्रपति विरोध प्रदर्शन में हुए शामिल

**न्यूयॉर्क।** हजारों न्यूयॉर्कवासी लगातार बारिश होने के बावजूद ट्रम्प प्रशासन की नीतियों के खिलाफ शहर में आयोजित राष्ट्रव्यापी 'नो किंग्स' विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। पूरे न्यूयॉर्क में इस दिन 90 से अधिक 'नो किंग्स' विरोध प्रदर्शनों की योजना बनाई गई है, और पूरे देश में लाखों लोगों के 'राष्ट्रव्यापी अवज्ञा दिवस' में शामिल होने की उम्मीद है। शनिवार को 'नो किंग्स' वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन अधिनायकवाद, अरबपति केन्द्रित राजनीति और लोकतंत्र के सैन्यीकरण को अस्वीकार करने के लिए आयोजित किया गया है। अकेले न्यूयॉर्क में मैनहट्टन, क्वींस, ब्रुकलिन और स्टेटन द्वीप में कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए। विशेष रूप से, हजारों प्रदर्शनकारी मैडिसन स्क्वायर पार्क की ओर शांतिपूर्ण मार्च करने से पहले ब्रायंट पार्क और फिफ्थ एवेन्यू के आसपास एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारी ट्रम्प प्रशासन की निंदा करते हुए विभिन्न तख्तियां लेकर चल रहे थे।

# अमेरिका समर्थित राहत केंद्र के पास गाजा में गोलीबारी

■ आठ फलस्तीनियों की मौत, दर्जनों लोग घायल

खान यूनिस (गाजा पट्टी)। गाजा पट्टी में रविवार को एक राहत केंद्र के पास हुई गोलीबारी में आठ फलस्तीनियों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। यह राहत केंद्र इजरायल और अमेरिका के समर्थन से संचालित हो रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चश्मदीदों ने इस हमले के लिए इजरायली सेना को जिम्मेदार ठहराया है।

हालांकि, इजरायली सेना की ओर से इस पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। चश्मदीदों ने बताया कि रविवार तड़के रफा शहर में दो राहत केंद्रों की ओर भीड़ जा रही थी। तभी इजरायली सेना ने गोलियां चलाईं। राहत कार्यकर्ताओं और विशेषज्ञों का कहना है कि इजरायल की नाकेबंदी और सैन्य अभियान की वजह से गाजा में भुखमरी की स्थिति बन गई है और अकाल का भी खतरा बढ़ गया है। गोलीबारी उन केंद्रों से कुछ सौ मीटर दूर हुई, जो गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे हैं। इजरायल और अमेरिका इस संस्था के जरिए संयुक्त राष्ट्र की वितरण प्रणाली की जगह लाना चाहते हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र ने इस नई वितरण प्रणाली को मानने से इनकार कर दिया है और कहा है कि यह मानवीय सिद्धांतों के खिलाफ है। पिछले एक महीने में जबसे ये राहत केंद्र शुरू हुए हैं, इनके पास रोजाना गोलीबारी की घटनाएं हो रही हैं। चश्मदीदों का कहना है कि इजरायली सेना बार-बार इन केंद्रों की ओर जा रही भीड़ पर गोलीबारी करती है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, अब तक दर्जनों लोग मारे जा चुके हैं। इजरायली सेना का कहना है कि वह सिर्फ चेतावनी देने के लिए गोली चलाती है, जब कोई संदिग्ध व्यक्ति उनके सैनिकों के करीब आता है।

### संक्षिप्त समाचार

### चीन के यात्रियों को न्यूजीलैंड में वीज़ा छूट की सुविधा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड सरकार ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया से यात्रा करने वाले चीन के नागरिकों के लिए वीज़ा छूट नीति की घोषणा की। इमिग्रेशन न्यूज़ीलैंड के अनुसार नवम्बर 2025 से ऑस्ट्रेलिया में वैध वीजा रखने वाले चीन के पासपोर्ट धारकों को वीज़ा के बजाय न्यूज़ीलैंड इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल अथॉरिटी (एनजेडईटीए) के जरिये तीन महीने तक न्यूजीलैंड आने की अनुमति दी जायेगी। यह छूट केवल ऑस्ट्रेलिया में रुकने वाले चीन के नागरिकों के लिए है, आवागमन करने वाले यात्रियों पर लागू नहीं होगी। आवेदकों को अभी भी एनजेडईटीए के लिए मानदंड पूरा करना होगा। आज वीज़ा छूट की घोषणा 12 महीने के लिए एक परीक्षण नीति है जिसका उद्देश्य चीनी पर्यटकों के लिए न्यूजीलैंड को अधिक आकर्षक बनाना है।

### नेपाल में पुल ढहने से तीन लोगों की मौत

काठमांडू। पूर्वी नेपाल में शनिवार को एक निर्माणाधीन पुल ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुल शनिवार को स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे ढह गया जिससे छह मजदूर घायल हो गए। पुल का निर्माण पंचथर और तापलेजंग जिलों को जोड़ने के लिए किया जा रहा था। पंचथर जिला पुलिस के प्रवक्ता रूपेश तमांग ने कहा कि तीन लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घायलों में से एक की हालत गंभीर है।

### अमेरिका से उत्तम व्यापार के लिए प्रतिबद्ध यूरोपीय संघ

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर हुई बातचीत में कहा कि ईयू नौ जुलाई से पहले उनके साथ एक 'उत्तम' व्यापार समझौता करने के लिए प्रतिबद्ध है। ईयू अध्यक्ष ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी बातचीत अच्छी रही। इस बीच अमेरिका की ओर से स्टील और एल्युमिनियम आयात पर शुल्क 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला लागू हो गया है, जिससे व्यापार विवाद तेज हो गया और यूरोपीय उत्पादकों ने इस फैसले से भारी नुकसान की चेतावनी दी है। यूरोपीय व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक ने भी 26 मई को तब टिप्पणी की जब राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूरोपीय संघ से बातचीत को बेनतीजा बताया था।

# नाईजीरिया में 100 लोगों को मौत के घाट उतारा

## सैकड़ों घायल, कई लापता, बंदूकधारियों ने कई परिवारों को घरों में बंद कर जिंदा जलाया

**अबुजा।** नाइजीरिया के नॉर्थ-सेंट्रल बेन्यू स्टेट के गुमा स्थित येलेवाटा में कम से कम 100 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सैकड़ों लोग घायल हैं और दर्जनों लोग अभी भी लापता हैं। ह्यूमन राइट्स ग्रुप एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि यह हमला शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक हुआ।

घायलों को अब तक जरूरी मेडिकल सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। एमनेस्टी के मुताबिक, इस सामूहिक हमले में हमलावरों ने गांव के कई परिवारों को उनके घरों में बंद करके जिंदा जला दिया। लोग इतने बुरी तरह जल गए, उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया। बेन्यू पुलिस ने हमले की पुष्टि की है, लेकिन यह नहीं बताया कि हत्याएं किसने की और कितने लोग मारे गए हैं। स्थानीय लोगों ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि हमले में 100 से अधिक लोगों के मरने की आशंका है। बेन्यू में जमीन-पानी के लिए मुस्लिम-ईसाई लोगों में लड़ाई बेन्यू नाइजीरिया के मध्य बेल्ट में है, जिसके उत्तर में बहुसंख्यक मुस्लिम आबादी है और दक्षिण में ज्यादातर ईसाई रहते हैं। दोनों समुदायों के बीच अक्सर जमीन और पानी के लिए लड़ाई होती है। जातीय और धार्मिक बंटवारे के कारण ये झगड़े और भी बदतर हो जाते हैं। खासकर जमीन को लेकर मुस्लिम और ईसाई चरवाहों और किसानों के बीच कॉम्पिटिशन है। चरवाहों को अपने मवेशियों के चरने लिए और किसानों को खेती के लिए जमीन की जरूरत होती है। किसान चरवाहों पर आरोप लगाते हैं कि वे मवेशियों को उनके खेतों में चराते हैं और फसल नष्ट कर देते हैं। चरवाहों का तर्क होता है कि ये जमीन चरागाह के रास्ते हैं, जिन्हें देश की आजादी के पांच साल बाद 1965 में पहली बार कानून बनने के बाद अधिकार मिला था। नाइजीरिया में चरवाहों और किसानों के बीच जमीन और पानी के लिए अक्सर लड़ाई होती है। मई में चरवाहों ने 42 लोगों की गोली मारकर हत्या की पिछले महीने, नाइजीरिया के बेन्यू के ग्वेर वेस्ट जिले में हुए एक के बाद एक कई हमलों में संदिग्ध चरवाहों ने कम से कम 42 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अप्रैल में बेन्यू के पड़ोसी राज्य पठार में कम से कम 40 लोग मारे गए थे। शोध फर्म एसबीएम इंटेलिजेंस के अनुसार, 2019 से अब तक बेन्यू में झड़पों ने 500 से अधिक लोगों की जान गई है और 22 लाख लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है।



■ मई में चरवाहों ने 42 लोगों की गोली मारकर हत्या की

# बमबारी के कारण ईरान की गैस रिफाइनरी में विस्फोट

## विस्फोट के कारण फजर जाम गैस रिफाइनरी के एक हिस्से में आग लग गई

■ ईरानी निष्क्रिय रक्षा और बचाव बल स्थिति को संभाल रहे हैं

**तेहरान।** ईरान के दक्षिणी प्रांत बुशहर में पारस गैस फील्ड के फेज 14 की एक रिफाइनरी में शनिवार को इजरायल के हमले से विस्फोट हो गया। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया इजरायल के एक माइक्रो एरियल वाहन ने बुशहर प्रांत में पारस गैस फील्ड के फेज 14 की एक ऑनशोर रिफाइनरी पर हमला किया जिससे रिफाइनरी में विस्फोट हो गया।

एजेंसी ने कहा कि विस्फोट के कारण फजर जाम गैस रिफाइनरी के एक हिस्से में आग लग गई है, हालांकि अभी तक नुकसान की सीमा के बारे में कोई रिपोर्ट जारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा है कि ईरानी निष्क्रिय रक्षा और बचाव बल स्थिति को संभाल रहे हैं। यह हमला इजरायल द्वारा ईरानी सैन्य और परमाणु सुविधाओं पर बड़े पैमाने पर हमलों के बाद बढ़े तनाव के बीच हुआ है। इससे पहले शुक्रवार को इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान और देश भर के अन्य शहरों पर हवाई हमले किए। हमलों का उद्देश्य ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचे, बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन और सैन्य क्षमताओं को कमज़ोर करना था। ईरान ने हमलों के जवाब में शुक्रवार रात और शनिवार की सुबह को इजरायली ठिकानों पर रॉकेट से हमला किया। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज़ के अनुसार हमलों के कारण तीन लोग मारे गए और 172 अन्य घायल हो गए।





तेल अवीव। गोलीबारी की चेतावनी देने वाले सायरन के दौरान एक आश्रय में बैठे इजरायली लोग।

# ट्रम्प खाड़ी देशों के हालात पर चिंतित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से मध्य पूर्व में तनाव और रूस-यूक्रेन शांति वार्ता पर फोन पर बात की और दोनों इस बात पर सहमत हुए कि 'इज़रायल-ईरान में यह युद्ध समाप्त होना चाहिए।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें लगता है, जैसा कि मुझे भी लगता है, इज़रायल-ईरान में यह युद्ध समाप्त होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पुतिन ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने एक घंटे की बातचीत के दौरान रूसी राष्ट्रपति को यह भी समझाया कि रूस-यूक्रेन संघर्ष भी समाप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा हमने लंबी बातचीत की। रूस यूक्रेन के बारे में बात करने में बहुत कम समय लगा, लेकिन यह अगले सप्ताह के लिए होगा। ट्रम्प ने कहा 'पुतिन नियोजित कैदी अदला-बदली कर रहे हैं-दोनों पक्षों से बड़ी संख्या में कैदियों की तुरंत अदला-बदली की जा रही है।' शनिवार को ट्रम्प का 79वां जन्मदिन था। उन्होंने बताया कि पुतिन ने फोन पर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



■ पुतिन ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं

## पुतिन, ट्रम्प ने फोन पर मध्य पूर्व की स्थिति पर की चर्चा

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फोन पर मध्य पूर्व की स्थिति पर चर्चा की है। क्रेमलिन ने यह जानकारी दी है। पुतिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने शनिवार को कहा कि बातचीत 50 मिनट तक चली, यह सार्थक, ईमानदार और बहुत उपयोगी थी। उन्होंने कहा स्वाभाविक रूप से यह मध्य पूर्व में स्थिति के खतरनाक रूप से बिगड़ने पर केंद्रित थी। उन्होंने एक बयान में कहा कि पुतिन ने ईरान के खिलाफ इजरायल के सैन्य अभियान की निंदा की और संघर्ष के संभावित बढ़ने पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पुतिन ने संघर्ष को बढ़ने से रोकने के महत्व और संभावित मध्यस्थता प्रयासों में शामिल होने के लिए रूसी पक्ष की तत्परता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प भी स्थिति को बहुत चिंताजनक मानते हैं। उन्होंने कहा कि रूसी और अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की पटरी पर लौटने की संभावना से इनकार नहीं करते हैं। उशाकोव के अनुसार ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी वार्ताकारों की टीम ईरानी प्रतिनिधियों के साथ काम फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पुतिन ने ट्रम्प को दो जून को इस्तांबुल में रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों द्वारा किए गए समझौतों के निष्पादन के बारे में भी जानकारी दी।

# ट्रम्प प्रशासन ने अप्रवासियों की गिरफ्तारी पर रोक लगाईः रिपोर्ट

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन ने आव्रजन एजेंटों को खेतों, रेस्तरां और होटलों में गिरफ्तारी बंद करने का निर्देश दिया है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह नीतिगत बदलाव इस चिंता के बीच किया गया है कि हालिया आव्रजन कार्रवाई से इन उद्योगों को नुकसान हो सकता है। शनिवार को नाम न बताने की शर्त पर सूत्रों के हवाले से कहा गया कि ये उद्योग बड़े पैमाने पर अप्रवासियों के श्रम पर निर्भर हैं, जिनमें से कई अवैध रूप से अमेरिका में हैं। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करने एवं निर्वासित करने के लिए पूरे देश के कार्यस्थलों पर छापेमारी तेज कर दी है। आईसीई एजेंटों द्वारा प्रवासियों को खेतों और कार वॉश में हिरासत में लेने की घटनाएं पिछले सप्ताह सुर्खियों में रही हैं। प्रवासियों पर कार्रवाई के बाद लॉस एंजेलिस और न्यूयॉर्क सहित कई अमेरिकी शहरों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। प्रदर्शनों में हिंसा ने ट्रम्प प्रशासन को लॉस एंजेलिस क्षेत्र में नेशनल गार्ड के सदस्यों और सक्रिय-ड्यूटी मरीन भेजने के लिए मजबूर किया है, जबकि कैलिफ़ोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम और अन्य स्थानीय अधिकारियों ने इसका विरोध किया है। फिलहाल, वाशिंगटन आईसीई एजेंटों की सुरक्षा करने और विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए सैन्य सदस्यों का उपयोग जारी रख सकता है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने गुरुवार शाम फैसला सुनाया था कि ट्रम्प प्रशासन ने कैलिफोर्निया के नेशनल गार्ड को अवैध रूप से संघीय बना दिया है और संविधान का उल्लंघन किया है। इसके बाद नौवीं अमेरिकी सर्किट अपील अदालत ने आपातकालीन स्थगन जारी कर दिया।



### वियतनाम में वुटिप तूफ़ान के कारण छह लोगों की मौत

**हनोई।** वियतनाम में वुटिप तूफान के कारण हुई मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है और एक अन्य लापता है। आपदा और डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने रविवार को कहा देश के मध्यवर्ती भाग के किक्वांग बिन्ह और क्वांग त्रि प्रांतों में छह लोगों की मौत की खबर है, जबकि क्वांग बिन्ह में बाढ़ के पानी में बह जाने के बाद एक व्यक्ति लापता है। तूफान के कारण 47 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस क्षेत्र के 58,000 हेक्टेयर खेतों में पानी भर गया जिसमें धान और अन्य फसलें लगी हुई थीं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, जनवरी से मई तक प्राकृतिक आपदाओं के कारण देश भर में 40 लोग मारे गए या लापता हो गए हैं।

# जमीन पर पटका-फिर घुटने से दबाई गर्दन

■ आस्ट्रेलिया में पुलिस ने की भारतीय की हत्या

**एडिलेड।** आस्ट्रेलिया में पुलिस के एक अधिकारी पर भारतीय की गैर इरादतन हत्या के आरोप लगे हैं। आरोप है कि पुलिस अधिकारी ने भारतीय मूल के इस युवक को पकड़कर जमीन पर पटका, फिर घुटने से उसकी गर्दन दबाई थी।

हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इसकी मौत हो गई। आस्ट्रेलिया के शहर एडिलेड के मोडबरी नार्थ में भारतीय मूल के निवासी 42 वर्षीय गौरव कुंदी रहते थे, कुंदी को कुछ दिन पहले दिमागी चोट की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो दिन पहले उनकी मौत हो गई, इसके बाद एक वीडियो वायरल हुआ, जिससे सामने आया कि कुंदी की हालत पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के दौरान बिगड़ी थी। आस्ट्रेलिया मीडिया के मुताबिक पुलिस अधिकारी ने घुटने से कुंदी की गर्दन दबाई थी। आस्ट्रेलिया मीडिया के मुताबिक रायस्टन पार्क में कुंदी को गिरफ्तार किए जाने का प्रयास किया गया था। दरअसल पुलिसकर्मी ने आरोप लगाया था कि उसने कुंदी और एक महिला के बीच झगड़ा होते हुए देखा था, जबकि यह उनकी पत्नी पत्नी अमृतपाल कौर थीं।